रजिस्ट्री सं० डी-.222

REGISTERED NO. D.221

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 1] नई दिल्ली, शनिवार, जनवरी 7, 1967 (पौष 17, 1888)

No. 1] NEW DELHI, SATURDAY, JANUARY 7, 1967 (PAUSA 17, 1888)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

नोटिस
NOTICE

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 23 दिसम्बर, 1966 तक प्रकाशित किये गये :—

The undermentioned *Gazettes of India Extraordinary* were published up to the 23rd December, 1966 :—

अंक Issue No.	संख्या और तारीख No. and Date	द्वारा जारी किया गया Issued by	विषय Subject
211.	No. 153-ITC(PN)/66, dt. 16-12-66	Ministry of Commerce	Form of affidavit for obtaining duplicate copies of licences/customs clearance Permits which are lost or misplaced.
212.	No. 14-ITC(PN)/66, dt. 17-12-66	Do.	Export of cinematoragraphic films.
	No. 154-ITC(PN)/66, dt. 17-12-66	Do.	Import of raw materials, components and spares by actual users engaged in the priority industries—clarification regarding.
	No. 155-ITC(PN)/66, dt. 17-12-66	Do.	Import of Non-ferrous metals by actual users (SST Units and other units not borne on the books .of the DGTD., for the period April 1966—March 1967.
213.	No. 156-ITC(PN)/66, dt. 22-12-66	Do.	Import of raw materials, components and spare parts by actual users engaged in the priority industries—grant of supplementary licences for the period April 1966—March 1967.
214.	No. 157-ITC(PN)/66, dt. 23-12-66	Do.	Devaluation of rupee—Consequential increase in the rupee value of import licences.
	No. 158-ITC(PN)/66, dt. 23-12-66	Do.	Import of raw materials, components and spare parts by scheduled industries borne in the books of the DGTD for the period April 1966—March 1967.
	No. 159-ITC(PN)/66, dt. 23-12-66	Do.	Import of capital goods and other items under National Defence Remittance Scheme.

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्रों की प्रतियां प्रकाशन प्रबन्धक, सिविल लाइन्स, दिल्ली के नाम मांगपत्र भेजने पर भेज दी जाएंगी। मांगपत्र प्रबन्धक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तारीख से दस दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिएं।

Copies of the *Gazettes Extraordinary* mentioned above will be supplied on Indent to the Manager of Publications, Civil Lines, Delhi. Indents should be submitted so as to reach the Manager within ten days of the date of issue of these Gazettes.

381GI/66

CENTRAL SECRETARIAT LIB... D-417 23.12.67

विषय सूची (CONTENTS)

	पृष्ठ (Pages)
भाग I—खंड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों तथा उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	1
भाग I—खंड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों तथा उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	1
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं ..	—
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	1
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	—
भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों सम्बन्धी प्रवर समितियों की रिपोर्ट .	—
भाग II—खंड 3—उप-खंड (i)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित है) .	1
भाग II—खंड 3—उप-खंड (ii)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारो द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाए	1
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश	1
भाग III—खंड 1—महालेखापरीक्षक, संघ-लोक-सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के सलग्न तथा अधीन कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं ..	1
भाग III—खंड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिसें ..	1
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तो द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाए .	1
भाग III—खंड 4—विधिक निकायो द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाए जिनमें अधिसूचनाए, आदेश, विज्ञापन और नोटिसें शामिल है ..	1
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियो और गैर-सरकारी सस्थाओ के विज्ञापन तथा नोटिसें ..	1
पूरक सं० 1—	
31 दिसम्बर 1966 को समाप्त होने वाले सप्ताह की महामारी संबंधी साप्ताहिक रिपोर्ट ..	1
10 दिसम्बर 1966 को समाप्त होने वाले सप्ताह के दौरान भारत में 30,000 तथा उससे अधिक आबादी के शहरो मे जन्म तथा बडी बीमारियो से हुई मृत्यु से संबंधित आंकडे ..	15

	Pages
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations and Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave, etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court)	1
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Non-statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions, issued by the Ministry of Defence .. . .. — ..	—
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc of Officers issued by the Ministry of Defence	1
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations	—
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills	—
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules, (including orders, bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) ..	1
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence ..	
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India.	
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Offices, Calcutta .	
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies .	
SUPPLEMENT No. 1—	
Weekly Epidemiological Reports for week-ending 31st December 1966	
Births and Deaths from Principal diseases in towns with a population of 30,000 and over in India during week-ending 10th December 1966 ..	

भाग I—खण्ड 1

PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court

---

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनाक 24 दिसम्बर 1966

सं० 92-प्रेज़/66—राष्ट्रपति पंजाब पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिये पुलिस पदक प्रदान करते है :

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री नछत्तर सिह,
पुलिस कान्स्टेबल सं० 36/1049,
36वीं० बटालियन, पंजाब सशस्त्र दल,
पंजाब। (स्वर्गीय)

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

15 अगस्त, 1965 की रात को स्वचालित हथियारों से लैस बड़ी संख्या में पाकिस्तानी घुसपैठिये श्रीनगर-कारगिल सड़क पर स्थित एक महत्वपूर्ण पुल को उड़ाने के विचार से चोरी छिपे घुस आये। श्री नछत्तर सिह ने, जो सन्तरी-ड्यूटी पर था, पुल के पास सन्देहपूर्ण आवाज़े सुन कर उनको ललकारा और साथ ही गारद को भी चौकस कर दिया। आक्रमणकारियो ने कान्स्टेबल पर गोली चला दी और एक गोली से उसे ज़ख्मी कर दिया। घायल होने के बावजूद, कान्स्टेबल नछत्तर सिह ने संख्या मे अधिक शत्रु का साहस से मुकाबला किया और उन्हें तब तक दूर रखा जब तक कि गारद के अन्य सदस्य वहां नही आ गये। उसकी पहल शक्ति और साहस के परिणामस्वरूप आक्रमण को पछाड़ दिया गया और पुल को बचा लिया गया। कान्स्टेबल नछत्तर सिह की बाद में घावो के कारण मृत्यु हो गई।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 15 अगस्त, 1965 से दिया जायेगा।

सं० 93-प्रेज़/66—राष्ट्रपति उत्तर प्रदेश के निम्नाकित पुलिस अधिकारी को उसकी वीरता के लिये पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री धृग विजय सिह,
पुलिस उप-निरीक्षक,
जखलौन, जिला झांसी,
उत्तर प्रदेश।

सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किया गया

23 मार्च, 1965 को ग्राम जामुन धाना में डाकू गोविन्द सिह के गिरोह की उपस्थिति की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस की एक टुकड़ी ग्राम की ओर चल पड़ी। रात्रि के लगभग 23.00 बजे छुपने के स्थान से छः सशस्त्र डाकू बाहर आये। उनको देख पुलिस ने उनको ललकारा और आत्मस्मर्पण करने का आदेश दिया। इस पर डाकुओं ने तत्काल अपनी बन्दूकें सम्भालीं और पुलिस दल पर गोली चलाते हुये भाग गये। गिरोह का नेता गोविन्द सिह पीछे रह गया तथा अपनी ·30 बन्दूक से पुलिस पर गोली चलानी आरम्भ कर दी। इस भय से कि समस्त गिरोह भाग न जाय, उप-निरीक्षक श्री धृग विजय सिह साहसपूर्वक अपने स्थान से बाहर आये। डाकू ने उन पर गोली चलाई किन्तु अपने जीवन के प्रति संकट की ओर से बेपरवाह श्री धृग विजय सिह आगे बढ़े और वह एक वृक्ष के पीछे हो गये। डाकू ने पुनः उप-निरीक्षक पर गोली चलाई परन्तु वह डाकू के निकट पहुंचने में सफल हो गये और उसको गोली से मार दिया। श्री धृग विजय सिह ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की पूर्णतः उपेक्षा करते हुये उल्लेखनीय साहस एवं कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकृत विशेष भत्ता भी दिनांक 23 मार्च 1965 से दिया जायेगा।

दिनांक 28 दिसम्बर 1966

सं० 94-प्रेज़/66—राष्ट्रपति ने रक्षा मंत्री को सेनाध्यक्ष द्वारा प्रेषित प्रेषणों में उल्लिखित निम्नाकित अधिकारियों तथा अन्य पदाधिकारियों के नामों को भारतीय राजपत्र में प्रकाशित करने का आदेश दिया है :—

1965 की भारत-पाक संक्रियायें

1. मेजर-जनरल दिनकर गणपत राव राजवाड़े, (आई० सी०-145), इन्फेंट्री
2. मेजर हरीश चन्द्र जोशी (आई० सी०-14266), 1 गढ़वाल राईफल्स
3. मेजर कम्मना मनकादन विजयन गोपालन, (आई० सी०-10478), आर्टीलरी
4. मेजर इन्दू भूषण गोयल (आई० सी०-7304), इंजीनियर्स

5. कप्तान (अब मेजर) शेर सिंह,
(आई० सी०-12383), 13 ग्रेनेडियर्स

6. जे० सी०-16745 सूबदार बाने सिंह,
13 ग्रेनेडियर्स

7. जे० सी०-11216 सूबेदार (ए० आई० जी०) जी० रामाबद्रा राजू,
आर्टीलरी

8. जे० सी०-16787 सूबेदार ओम प्रकाश,
3 ग्रेनेडियर्स

9. जे० सी०-24743 सूबेदार श्रीरंग महादिक,
4, मराठा लाईट इन्फेंट्री

10. 3830803 आर० एच० एम० दया राम,
आर्टीलरी

11. 2631393 हवलदार महावीर सिंह (लापता),
3 ग्रेनेडियर्स

12. 2739136 हवलदार शान्ताराम अम्ब्रे,
4 मराठा लाईट इन्फेंट्री

13. 1021627 लांस दफादार हरजीत सिंह,
14 हार्स

14. 2634685 लांस हवलदार पदम सिंह,
13 ग्रेनेडियर्स

15. 13406109 नायक कुम्ब सिंह,
13 ग्रेनेडियर्स

16. 1421552 नायक नन्दा बल्लभ,
इंजीनियर्स

17. 6275166 नायक मांगे राम,
सिगनल्स

18. 13406131 लांस नायक लाल सिंह,
13 ग्रेनेडियर्स

19. 13652871 लांस नायक भाग सिंह,
3 गार्ड्स

20. 1155390 लांस नायक (ओ० डब्ल्यू० ए०) प्रेम चन्द,
आर्टीलरी

21. 1434286 सैपर बकशीश सिंह,
इंजीनियर्स

22. 2647409 ग्रेनेडियर धरम पाल सिंह,
3 ग्रेनेडियर्स

दिनांक 30 दिसम्बर 1966

सं० 95-प्रेज़/66—राष्ट्रपति पंजाब पुलिस के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिये पुलिस पदक प्रदान करते हैं :

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री गुरजैपाल सिंह,
पुलिस उपाधीक्षक (स्थानापन्न),
जिला होशियारपुर,
पंजाब।

श्री राम प्रकाश,
पुलिस कान्स्टेबल सं० 823,
होशियारपुर, पंजाब। (स्वर्गीय)

सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किया गया

7 सितम्बर, 1965 को सूचना प्राप्त हुयी की आदमपुर हवाई अड्डे के निकट पाकिस्तानी छाताधारी सैनिक उतारे गए थे। तुरन्त निकट के क्षेत्र की छान-बीन करने के लिये अनेक पुलिस दल रवाना किये गए। इस कार्यवाही के मध्य गुरजैपाल सिंह के नेतृत्व में जाने वाली टुकडी ने छाताधारियों के एक गिरोह को मक्की के एक खेत के बीच बैठे देखा। उपद्रवियों ने स्वचालित अस्त्रों से पुलिस टुकड़ी पर भीषण गोलाबारी कर दी। पुलिस टुकड़ी ने जोरदार जवाबी हमला किया और अंततः छातासैनिकों को हथियारों और गोला-बारूद सहित गिरफ्तार कर लिया। दोनों ओर से होने वाली भीषण गोलाबारी के मध्य, श्री गुरजैपाल सिंह एक स्थान से दूसरे स्थान पर गये और अपने आदमियों को प्रोत्साहित करते रहे। ऐसा करने में उसे शत्रु की गोलाबारी के संकट के सामने खुले में आना पड़ा। उनके सुयोग्य नेतृत्व में पुलिस टुकड़ी छाता सैनिकों को गिरफ्तार करने में सफल रही। कान्स्टेबल राम प्रकाश ने भी उल्लेखनीय साहस तथा पहल-शक्ति का परिचय दिया। निर्भीक उत्साह के साथ शत्रु से लड़ते हुए उसने अपना जीवन बलिदान कर दिया।

2. ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 7 सितम्बर, 1965 से दिया जायगा।

सं० 96-प्रेज़/66—राष्ट्रपति गुप्त वार्ता विभाग के निम्नांकित अधिकारी को उनकी वीरता के लिये पुलिस पदक प्रदान करते हैं :

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री कट्टे पुरुषोत्तम,
सहायक केन्द्रीय गुप्त-वार्ता अधिकारी,
सहायक गुप्त-वार्ता विभाग,
तेजपुर।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 17 दिसम्बर, 1965 से दिया जायेगा।

सं० 97-प्रेज़/66—राष्ट्रपति सीमा सुरक्षा दल के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिये पुलिस पदक प्रदान करते हैं :

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री दीपक संगमा,
पुलिस कान्स्टेबल सं० 983,
चौथी असम बटालियन,
सीमा सुरक्षा दल, तूरा,
असम।

श्री चिन्तामणि पौरेल,
पुलिस कान्स्टेबल सं० 1004,
चौथी असम बटालियन,
सीमा सुरक्षा दल, तूरा
असम।

सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किया गया

असम के ग्वालपारा जिले के गांव फसकरकुटी सीनो ओर से पाकिस्तानी सीमा से घिरा हुआ है तथा वहा जाने का रास्ता एक कठिन जलमार्ग से होकर जाता है। दिसम्बर, 1965 में बहुत से पाकिस्तानी घुसपैठियों ने, जो कि असम से निकाले गये थे, इस गांव पर अधिकार कर लिया। इन घुसपैठियो को निकालने के लिये एक पुलिस दल भेजा गया। 30 दिसम्बर, 1965 को सीमा सुरक्षा दल के कान्स्टेबल दीपक संगमा तथा कांस्टेबल चिन्तामणि पौरेल ने अन्य 4 कांस्टेबलो सहित जलमार्ग को पार किया। ज्योंहि उन्होने ऐसा किया कि बहुत बड़ी सख्या में आक्रमणकारियो ने उन्हे घरने का प्रयत्न किया। किन्तु उन बहादुर सिपाहियों ने, संख्या में अधिक आक्रमणकारियो का निडरता से सामना किया। भारी रुकावटों एवं अपने जीवन पर आये संकट की परवाह न कर कान्स्टेबल संगमा एवं कान्स्टेबल पौरेल आक्रमणकारियों मे वीरता से लडे और फलतः घुसपैठियों एवं आक्रमणकारियों को भारतीय गांव मे खदेड़ने मे सफल हुये।

कान्स्टेबल दीपक संगमा एवं कान्स्टेबल चिन्तामणि पौरेल ने साहस एवं दृढ़-निश्चय का परिचय दिया तथा कर्त्तव्य परायणता का असाधारण उदाहरण प्रस्तुत किया।

2. ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिये जा रहे है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 30 दिसम्बर, 1965 से दिया जायगा।

सं० 98-प्रेज़/66—राष्ट्रपति मध्य प्रदेश पुलिस के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिये पुलिस पदक प्रदान करते है :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री छत्तर सिह,
प्लाटून कमाण्डर,
विशेष सशस्त्र दल,
छिन्दवाड़ा, मध्य प्रदेश।

श्री अमर सिह,
पुलिस कान्स्टेबल, सं० 400,
मुरेना जिला, मध्य प्रदेश।

सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किया गया

28 नवम्बर, 1965 को यह सूचना पाकर कि कुख्यात डाकू भोगीराम काछी का दल लेंडीपुर गांव में उपस्थित है, एक पुलिस दल उन्हें पकड़ने के लिये भेजा गया। पुलिस दल गांव में रात्रि के 9 बजे पहुंचा और गाव को घेर लिया। दूसरे दिन प्रातः कान्स्टेबल अमर सिह को पास के खलिहान मे कुछ गतिविधि का आभास हुआ और छानबीन करने पर ज्वार के चट्टे के खोल में एक व्यक्ति को सोता पाया। इस व्यक्ति की वास्तविकता पर संदेश करते हुये कान्स्टेबल उस पर झपटा और उसे दबोच लिया। जांच करने पर उसने अपना नाम बन्सी काछी बताया और डाकुओं के बारे में कोई जानकारी होने से इन्कार कर दिया। किन्तु जब कान्स्टेबल अमर सिह ने अपनी टार्च से गांव की ओर रोशनी की तो एक व्यक्ति जो कि भोगीराम डाकू था, बन्सी का नाम पुकारते हुये भागकर आया। डाकू ने पूछा कि क्या मामला था ? क्या उसने बीड़ी सुलगाई थी ? कान्स्टेबल ने बन्सी को हां में उत्तर देने के लिये विवश किया और जब भोगीराम निकट आया तो कान्स्टेबल अमर सिह उस डाकू पर झपट पड़ा। श्री छत्तर सिह जो तभी स्थल पर पहुचा था, यह देखकर कि कान्स्टेबल अमर सिह डाकू से गुथमगुत्था है, वह भी उसके साथ मिल गया और डाकू को .303 राईफल के प्रयोग करने से रोके रखा। खलबली का शोर सुनकर गिरोह के अन्य सदस्य बाहर आ गये और पुलिस दल पर गोलीबारी शुरु कर दी जिसका उत्तर पुलिस ने दिया। दोनो ओर से हो रही गोलीबारी के कारण अपने जीवन को महान संकट मे डालकर दोनों पुलिस अधिकारियो ने डाकू के साथ अपनी लड़ाई जारी रखी जब तक कि वह मारा नही गया। अन्य डाकू अंधेरे मे बच निकलने में सफल हो गये।

इस मुठभेड़ में श्री छत्तर सिह एवं श्री अमर सिह ने उच्चकोटि के साहस, पहलशक्ति और कर्त्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया।

2. ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिये जा रहे है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 29 नवम्बर, 1965 से दिया जायगा।

सं० 99-प्रेज़/66—राष्ट्रपति मणिपुर पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिये पुलिस पदक प्रदान करते हैं:

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री जीत बहादुर राय,
नायक सं० 1344, मणिपुर राइफल्स,
मणिपुर।

सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किया गया

27 फरवरी, 1966 को, उपद्रवियों से, जो ऊंची पहाड़ी की चोटी पर शिविर में थे, चुराई हुई मोटर गाड़ियों को पुनः अधिकार में करने के लिये एक पुलिस दल भेजा गया। सामान्य मार्गों का प्रयोग न करते हुए पुलिस दल ने उपद्रवियों के शिविर तक पहुँचने के लिये पहाड़ी के ऊँची ओर से कूदने का निश्चय किया किन्तु अभी उन्होंने केवल आधा मील का मार्ग ही तय किया था कि उपद्रवियों ने उन पर गोलियाँ चलाना आरम्भ कर दिया। पुलिस दल ने उत्तर में गोली चलाई तथा आगे बढ़ना जारी रखा। उपद्रवियों ने स्वचालित अस्त्रों से चारों ओर से भारी गोलाबारी की जिसके फलस्वरूप पुलिस का आगे बढ़ना रुक गया। तब कमाण्डेन्ट ने नायक जीत बहादुर राय तथा तीन अन्य को आगे बढ़ने का आदेश दिया। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा से बेपरवाह श्री जीत बहादुर राय ने अपनी एक हलकी मशीन गन से उपद्रवियो की स्थिति पर आक्रमण कर दिया तथा उनको शान्त करने में समर्थ हुए। इस साहसपूर्ण कार्य से पुलिस दल शिविर को अधिकार में करने तथा चुराई गई सम्पत्ति को पुनः प्राप्त करने में समर्थ हो सका।

इस मुठभेड़ मे, श्री जीत बहादुर राय ने विशिष्ट वीरता तथा उच्चस्तर की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरताके लिये दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकृत विशेष भत्ता भी दिनांक 27 फरवरी, 1966 से दिया जायेगा।

दिनांक 31 दिसम्बर 1966

सं० 100-प्रेज/66—राष्ट्रपति निम्नलिखित अफसर को सेना मेडल। ("आर्मी मेडल") की बार प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

कार्यवाहक कप्तान अमबहादुर गुरुंग (एस० एल० 696), गोरखा राईफल्स

23-24 अगस्त 1965 को कप्तान अमबहादुर गुरुंग को जम्मू तथा कश्मीर में एक ऐसे क्षेत्र में एक छोटी सी पहाड़ी पर अधिकार करने का आदेश दिया गया था जिस पर शत्रु का कब्जा था। इस प्रकार शत्रु के जमाव को बेकार करना था। खराब मौसम तथा शत्रु की भारी गोलाबारी के बावजूद उन्होंने पहाड़ी पर अधिकार कर लिया और अपनी सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की। उन्होंने शत्रु की योजना को नाकाम कर दिया और उसे युद्ध-विराम रेखा के इस ओर भेजे गए अपने घुसपैठियों को वापस बुलाने पर मजबूर किया। दोबारा 3-4 सितम्बर 1965 की रात को जब उनकी कम्पनी शत्रु द्वारा अधिकृत एक चौकी पर हमला कर रही थी उस समय शत्रु ने भारी गोलाबारी कर दी। उन्होंने हमले का निर्देशन किया और एक अन्य कम्पनी की कमान भी संभाली जिसके कमान्डर की युद्ध में मृत्यु हो चुकी थी। आमने-सामने की घमासान लड़ाई के बाद उन्होंने शत्रु को काफी नुकसान पहुंचाया और उसके कई बंकर नष्ट कर दिए। 10-11 सितम्बर 1965 की रात को उन्होंने दोबारा एक ऐसे कम्पनी-ग्रुप की कमान की जिसने शत्रु के एक क्षेत्र पर आक्रमण कर अपने अधिकार में ले लिया था।

सम्पूर्ण कार्यवाही में कार्यवाहक कप्तान अमबहादुर गुरुंग ने साहस तथा नेतृत्व का परिचय दिया।

सं० 101-प्रेज/66—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को उनकी असाधारण कर्त्तव्य-परायणता अथवा साहस के उपलक्ष्य में उनको 'सेना मेडल' प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

1 लेफ्टिनेन्ट कर्नल पी० आर० जीसस (आई सी-1055) आर्टिलरी

सितम्बर 1965 में पाकिस्तान के विरुद्ध संघर्ष में लेफ्टिनेन्ट कर्नल पी० आर० जीसस एक माउन्टेन ब्रिगेड के साथ खेमकरण क्षेत्र में सेवा कर रहे थे। जब उनके दो अफसर हताहत हुए तो लेफ्टिनेन्ट कर्नल जीसस ने अपनी रेजीमेन्ट की ओर से गोली-वर्षा का स्वयं निर्देशन किया और हमारे मोर्चों पर शत्रु के हमलों को असफल कर दिया।

संघर्ष के दौरान लेफ्टिनेन्ट कर्नल जीसस ने उत्साह तथा कर्त्तव्य निष्ठा का प्रदर्शन किया।

2 एक्टिंग लेफ्टिनेन्ट कर्नल चक्कुंगल पुथनवीटिल अविन्दक्षा मेनन (आई० सी०-6356) मदरास रेजीमेंट

पाकिस्तान के विरुद्ध सितम्बर 1965 में हुए संघर्ष में लेफ्टिनेन्ट कर्नल चक्कुंगल पुथनवीटिल अविन्दक्षा मेनन उस बटालियन के कमान अफसर थे जिसे स्यालकोट क्षेत्र में तलकपुर पर कब्जा करने का आदेश मिला था। बटालियन ने अपने लक्ष्य पर 18-19 सितम्बर 1965 की रात को कब्जा कर लिया था। इस पर शत्रु ने तीन बड़े जवाबी हमले किए। सेबर जेट बमबारों की सहायता के साथ शत्रु की बहुत बड़ी पैदल सेना तथा बख्तरबन्द सेना होते हुए भी लेफ्टिनेन्ट कर्नल मेनन एक मोर्चे से दूसरे मोर्चे में जाते रहे और अपनी बटालियन के फायर का निर्देशन करते रहे तथा शत्रु सेना को अधिक संख्या में हताहत कर उसके जवाबी हमलों को नाकाम कर दिया।

संघर्ष के दौरान एक्टिंग लेफ्टिनेन्ट कर्नल मेनन ने साहस नेतृत्व तथा कर्त्तव्य निष्ठा का प्रदर्शन किया।

3 मेजर अजीत कुमार पोपलाई (आई० सी०-4782) केवेलरी

7-8 सितम्बर 1965 की रात को कुन्दनपुर तथा उच्चेवैस नामक पाकिस्तानी चौकियों पर हमला किया गया। शत्रु ने पेटन टैंकों की बख्तरबन्द रेजीमेन्ट से जवाबी हमला किया। शत्रु की भारी गोलाबारी के बावजूद मेजर अजीत कुमार पोपलाई ने अपने टैंकों के प्रयोग की स्वयं निगरानी की तथा शत्रु के हमले को नाकाम कर दिया। उसके बाद मेजर पोपलाई ने भागती हुई शत्रु सेना का पीछा किया, उसके चार टैंक नष्ट किए, एक टैंक को बिगाड़ दिया तथा अधिक संख्या में शत्रु सैनिकों को मौत के घाट उतारा।

इस संघर्ष में मेजर पोपलाई ने साहस तथा नेतृत्व का प्रदर्शन किया

4 मेजर अजीत सिंह (आई० सी०-9668) आर्टिलरी

8-9 सितम्बर 1965 की रात को शत्रु ने टैंकों के साथ खेमकरण क्षेत्र में हमारे मोर्चों पर हमला किया। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए मेजर अजीत सिंह अपने उस तोपखाने के पास गए जिस पर शत्रु की भारी गोला बारी हो रही थी। उनसे प्रोत्साहित हो उनके जवानों ने शत्रु के टैंकों पर सीधी गोलाबारी की तथा हमले को नाकाम कर दिया।

इस संघर्ष में मेजर अजीत सिंह ने साहस तथा नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

5 मेजर अजमेर सिंह सन्धु (आई० सी०-7672) डोगरा रेजीमेन्ट

24 सितम्बर 1965 को मेजर अजमेर सिंह सन्धु को युद्ध-विराम के बाद शत्रु द्वारा हथियाए गए एक गांव को शत्रुओं से खाली करने का काम सौंपा गया। मेजर सन्धु ने योग्यतापूर्वक उस काम को किया। बाद में उन्होंने अपनी चौकी को मजबूत बनाया और शत्रु की चौकियों के इर्द-गिर्द साहसपूर्वक पेट्रोलिंग कर शत्रु को इच्छोगिल नहर की ओर वापस जाने के लिए मजबूर कर दिया।

संघर्ष के दौरान मेजर अजमेर सिंह सन्धु ने साहस तथा पहल-शक्ति का परिचय दिया।

6 मेजर भगवान कृष्ण माथुर (आई० सी०-7346) इन्फेन्ट्री

19 अगस्त 1965 को मेजर भगवान कृष्ण माथुर ने अपने आप को सिख रेजीमेन्ट की उस बटालियन के साथ जाने के लिए अर्पित किया जिसे कुछ चौकियों पर कब्जा करने का तथा संचार व्यवस्था ठीक करने का काम सौंपा गया था। शत्रु की भारी गोलाबारी के बावजूद तथा अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए उन्होंने चौकियों पर अधिकार किया तथा संचार व्यवस्था को

पुनः स्थापित किया । 1 सितम्बर 1965 को नाजुक वक्त पर एक दूसरी संचार व्यवस्था टूट गई । शत्रु के मोर्चों के बीच में से मेजर माथुर स्वयं एक लाइन-पार्टी को ले कर गए और संचार व्यवस्था को ठीक किया ।

इस कार्यवाही में मेजर माथुर ने साहस तथा नेतृत्व का परिचय दिया ।

7 मेजर साएंटेनो रोजारियो विन्सेन्ट फर्नेन्डीज़ (आई० सी०–8755), आर्टिलरी

12 सितम्बर 1965 को शत्रु ने कांगड़ा जम्मू-स्यालकोट क्षेत्र में हमारे ठिकानो पर गोलाबारी शुरू कर दी । सख्त घायल होने पर भी मेजर साएंटेनो रोजारियों विन्सेन्ट फर्नेन्डीज़ अपनी नियन्त्रण चौकी पर गए और शत्रु तोपों पर फायर का ठीक निर्देशन कर उनको नष्ट कर दिया । उन्होंने अपने बटालियन कमाण्डर की प्रथमोपचार करने तथा हताहतों को पीछे लाने में भी सहायता की ।

मेजर फर्नेन्डीज़ ने साहस तथा कर्त्तव्य-निष्ठा का प्रदर्शन किया ।

8 मेजर गुरप्रीतम सिंह (आई० सी०–9810), आर्टिलरी

6 सितम्बर 1965 को छम्ब-जौरिया क्षेत्र में जब शत्रु के बडे हमले को परास्त कर दिया था तथा शत्रु दूसरे हमले की तैयारी कर रहा था, मेजर गुरप्रीतम सिंह एक इन्फैन्ट्री ब्रिगेड के साथ सेवा कर रहे थे । उन्होंने भंग हुई संचार व्यवस्था को ठीक करने का काम शुरू किया । शत्रु की भारी गोलाबारी के बीच अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए मेजर गुरप्रीतम सिंह ने शत्रु पर फायर करने का निर्देशन किया । उनसे प्रेरित होकर उनके जवानों ने शत्रु पर ठीक और तेज़ फायर कर शत्रु की सैन्य व्यवस्था भंग कर दी तथा उसको बहुत क्षति पहुंचाई ।

संघर्ष के दौरान मेजर गुरप्रीतम सिंह ने साहस तथा नेतृत्व का परिचय दिया ।

9 मेजर हरजिन्दर सिंह सराओ (आई० सी०–9926), आर्टिलरी

मेजर हरजिन्दर सिंह सराओ पंजाब रेजीमेन्ट की एक बटालियन के बेटरी कमाण्डर तथा तोपखाना सलाहकार थे । 10 सितम्बर 1965 को जब बटालियन बर्की पुल पर आक्रमण की तैयारी कर रही थी उस पर शत्रु की फील्ड, मीडियम तथा भारी तोपों की जोरदार गोलाबारी होने लगी । तोप के गोले से घायल होने पर भी मेजर सराओ ने अग्रिम दस्ते के साथ शत्रु पर गोली-वर्षा कर उसके एक टैंक तथा गाड़ी को नष्ट कर दिया । अपने ठीक फायर से उन्होंने शत्रु को विचलित कर दिया, जिससे घबड़ा कर वह पीछे हट गया तथा पुल को उड़ा दिया ।

इस कार्यवाही में मेजर सराओ ने साहस, नेतृत्व तथा कर्त्तव्य-निष्ठा का प्रदर्शन किया ।

10 मेजर जगतार सिंह संघा (आई० सी०–13032), 14 हार्स

19 से 22 सितम्बर 1965 तक के समय में मेजर जगतार सिंह संघा इच्छोगिल नहर के पास एक टैंक स्क्वाड्रन की कमान कर रहे थे । इस समय डोगराई गांव पर बड़ी भयंकर लड़ाई हुई । इस लड़ाई में अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए मेजर संघा ने शत्रु के टैंक, रिक्वाइलैस गन तथा मज़बूत ठिकानों को नष्ट करने के लिए अपने जवानों का नतृत्व किया । उन्होंने अपने टैंक का भी शत्रु के ठिकानों को नष्ट करने के लिए प्रयोग किया ।

इस संघर्ष में मेजर संघा ने साहस तथा कर्त्तव्य-निष्ठा का प्रदर्शन किया ।

11 मेजर जोगिन्दरपाल सिंह (आई० सी०–11884), पंजाब रेजीमेन्ट

24 अगस्त 1965 को मेजर जोगिन्दरपाल सिंह को छम्ब क्षेत्र में एक गांव के पास के ठिकाने पर कब्जा करने का आदेश मिला जिस पर शत्रु ने शक्तिशाली मोर्चा बना रखा था । मेजर सिंह की कम्पनी जब इस काम के लिए अपने ठिकाने से चली तो शत्रु ने ठीक और ज्यादा गोलाबारी करनी शुरू कर दी । इससे किंचित भी विचलित न होते हुए मेजर सिंह ने अपनी कम्पनी का नेतृत्व किया और उनके साहस तथा दृढ़ता से प्रेरणा पाकर उनके सैनिक शत्रु के मोर्चों पर टूट पड़े । भय से शत्रु सैनिक चारो ओर भागने लगे परन्तु उनमें से बहुत मारे गये अथवा घायल हुए तथा उनका अधिक मात्रा में गोला बारूद हमारे हाथ लगा ।

इस कार्यवाही में मेजर जोगिन्दरपाल सिंह ने साहस तथा नेतृत्व का परिचय दिया ।

12 मेजर करम सिंह (आई० सी०–5839), डोगरा रेजीमेंट

2–3 नवम्बर 1965 की रात को मेजर करम सिंह को जम्मू तथा काश्मीर के उस ठिकाने को लेने का आदेश मिला जिस पर पाकिस्तानी घुसपैठियों ने अधिकार कर रखा था । उनकी कम्पनी को दुर्गम क्षेत्र से एक पंक्ति में हो कर आगे बढ़ना पड़ा । कम्पनी के रवाना होते ही उस पर शत्रु तोपखाने से भारी गोलाबारी शुरू हुई और उसको बहुत क्षति पहुंची । अपनी कम्पनी की घटती हुई संख्या, शत्रु के सुरंग बिछे क्षेत्र व शत्रु के बंकरों के पास कांटेदार तार की बाधाओं की चिन्ता न कर मेजर करम सिंह ने आक्रमण जारी रखा तथा शत्रु को पीछे हटने के लिए मजबूर कर दिया ।

इस संघर्ष में मेजर करम सिंह ने साहस, नेतृत्व तथा कर्त्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया ।

13 मेजर कुलदीप सिंह औजला (आई० सी०–7021), आर्टिलरी ।

2–3 नवम्बर 1965 की रात को मेजर कुलदीप सिंह औजला सिख लाइट इन्फैन्ट्री के तोपखाने का एक ऐसे लक्ष्य पर फायर करने का निर्देशन कर रहे थे जिस पर युद्ध-विराम की परवाह न करते हुए पाकिस्तानी घुसपैठियों ने कब्जा जमा रखा था । बाई ओर की आक्रमण करने वाली कम्पनी के फार्वर्ड आब्जर्वेशन अफसर का कम्पनी कमाण्डर से सम्बन्ध टूट जाने की सूचना पाते ही मेजर औजला अपने आप कम्पनी के साथ मिलने के लिए गये और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की चिन्ता न कर शत्रु की लाइट मशीन गन को नष्ट कर दिया और कम्पनी को लक्ष्य प्राप्त करने में सहायता दी ।

इस संघर्ष में मेजर कुलदीप सिंह औजला ने साहस, पहलशक्ति तथा कर्त्तव्य निष्ठा का परिचय दिया ।

14 मेजर कुलदीप सिंह कंवल (आई० सी०-11228), वार्डर स्काउट

9 अक्तूबर 1965 को मेजर कुलदीप सिंह के नेतृत्व में हमारे एक गश्ती दल पर लिपुलेख दर्रा के पास एक सेक्शन की संख्या में चीनी गश्ती दल ने फायर किया। शत्रु की स्थिति बेहतर होने पर भी मेजर कंवल ने धैर्यपूर्ण साहस तथा होशियारी से अपने दल का इस प्रकार संचालन किया जिससे शत्रु के दो सैनिक घातक रूप से घायल हुए और उसे पीछे हटने के लिए बाध्य होना पड़ा।

इस कार्यवाही में मेजर कंवल ने धैर्यपूर्ण साहस तथा नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

15 मेजर मदन मोहन बपना (आई० सी०-6845), आर्टिलरी

मेजर मदन मोहन बपना 7 से 22 सितम्बर 1965 तक एयर आब्जर्वेशन पोस्ट के फ्लाइट कमाण्डर थे। 10 सितम्बर 1965 को उन्होंने फिलौरा की तरफ उड़ान की और हमारी चौकियों पर आक्रमण करने की चेष्टा कर रहे शत्रु की बख्तरबन्द तथा पैदल सेना पर प्रहार करने शुरू किए। उस क्षेत्र में शत्रु के फाइटर विमानों के होने की उन्हें अचानक चेतावनी दी गई परन्तु अपने अड्डे को वापस आने के बजाए वे उसी क्षेत्र मे रहे। शत्रु विमान चले जाने के बाद उन्होंने पुनः शत्रु की बख्तरबन्द सेना पर प्रहार कर शत्रु के जवाबी हमले को नाकाम कर दिया।

इस संघर्ष में मेजर बपना ने साहस तथा कर्त्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया।

16 मेजर पी० डी० जैन (आई० सी०-6343), इंजीनियर्स

सितम्बर 1965 के पाकिस्तान के विरुद्ध संघर्ष के दौरान मेजर पी० डी० जैन खेमकरण क्षेत्र में एक फील्ड कम्पनी की कमान कर रहे थे। शत्रु के तोपखाने और मार्टर की भारी गोलाबारी के बावजूद, अपनी सुरक्षा की चिन्ता किए बिना, उन्होंने अपनी निगरानी में सुरंगें बिछाई। उनके उत्साह से प्रेरित होकर उनकी कमान के जवानों ने हमारे अग्रिम ठिकानों के आगे महत्वपूर्ण सुरंगें बिछाने में सफलता पाई और शत्रु के आगे बढ़ने के रास्ते को रोक दिया।

इस कार्यवाही में मेजर जैन ने धैर्यपूर्ण साहस तथा कर्त्तव्य-निष्ठा का प्रदर्शन किया।

17 मेजर पी० के० पन्त (आई सी-4533), ई एम ई

खेमकरण क्षेत्र में महमूदपुरा में भयंकर टैंक युद्ध के पश्चात् 12 सितम्बर 1965 को शत्रु ठीक हालत में 9 टैंक छोड़ गया था। रात को शत्रु की उन टैंकों पर पुनः कब्जा करने की सम्भावना थी। मेजर पंत की कमान में एक सैन्य दल इन टैंकों को नाकारा करने के लिए भेजा गया। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की चिन्ता न कर उन्होंने शत्रु के हवाई आक्रमण के बावजूद शत्रु के 7 टैंक बेकार कर दिये तथा एक टैंक को ठीक हालत में पीछे सुरक्षित स्थान पर ले आए।

इस संघर्ष में मेजर पंत ने साहस, पहलशक्ति तथा कर्त्तव्य-निष्ठा का प्रदर्शन किया।

18 मेजर राधा कृष्ण मजूमदार (आई० सी०-3911), डोगरा रेजीमेंट

2-3 नवम्बर 1965 को मेजर राधा कृष्ण मजूमदार को जम्मू एवं कश्मीर के दो ठिकानों पर अधिकार करने का आदेश मिला जिन्हें पाकिस्तानी घुसपैठियों ने हथिया लिया था। उन ठिकानों की मोर्चाबन्दी बड़ी सावधानी से की गई थी जिससे सैनिकों को महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात करना कठिन हो गया। मेजर मजूमदार की पलटन को एक पंक्ति में होकर जाना पड़ा तथा फिर दोनों ठिकानों पर एक साथ आक्रमण करना पड़ा। उस पलटन पर शत्रु के मार्टर तथा तोपखाने की भारी गोलाबारी शुरू हुई। अपनी अग्रिम कम्पनियों के साथ उन्होंने एक ठिकाने को शत्रुओं से साफ कर दिया। बहुत क्षति तथा शत्रु का जोरदार मुकाबला होने पर उन्होंने दूसरे ठिकानों को भी शत्रुओं से साफ करने में सफलता पाई।

इस संघर्ष में मेजर मजुमदार ने साहस, नेतृत्व तथा पहल-शक्ति का प्रदर्शन गिया।

19 मेजर राम चरण सिंह मान (आई० सी०-5268), मराठा रेजीमेन्ट

मेजर राम चरण सिंह मान को ऊड़ी क्षेत्र में पूर्ण रूप से सुरक्षित शत्रु चौकी पर कब्जा करने का आदेश मिला। 10-11 सितम्बर 1965 की रात को मेजर मान ने अपने लक्ष्य पर जब आक्रमण किया तो शत्रु के तोपखाना तथा मार्टर फायर से उनके आक्रमण में बाधा उत्पन्न हुई और वे घायल हो गए। घायल होने पर भी मेजर मान ने अपनी रिज़र्व प्लाटूनों के साथ शत्रु चौकी पर हमला किया और जोरदार लड़ाई के बाद चौकी पर कब्जा करने में सफलता प्राप्त की।

इस संघर्ष में मेजर मान ने साहस तथा नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

20 मेजर राम नाथ (आई० सी०-6153), आर्टिलरी

7 सतिम्बर 1965 को शत्रु ने खेमकरण-भूरा-कुहना क्षेत्र में अपनी बख्तरबन्द सेना के साथ तथा विमानों के साथ हमारी तोपों पर आक्रमण कर दिया। इसके फलस्वरूप हमारी दो तोपें बेकार हो गईं। शत्रु के निरन्तर हमलों की चिन्ता न करते हुए मेजर राम नाथ ने उस क्षेत्र से पैदल सेना को निकालने के लिए "कर्वारिंग फायर" की सहायता दी और रैंजीमेंट के साथ अपनी दो नाकाम तोपों को सुरक्षित स्थान में लाने के लिए अपने तोपचियों का स्वयं नेतृत्व किया। 11 सितम्बर 1965 को जब जमीन से दिखलाई देना कठिन हो गया और हमारा एयर आब्रेशनल पायलट न मिल सका तो मेजर राम नाथ, जो स्वयं भी एक योग्य पायलट थे, आस्ट्रो विमान लेकर उड़े। अपनी मशीन गनों से ठीक फायर कर उन्होंने एक शत्रु टैंक को नष्ट कर दिया तथा शत्रु के कालम की दो गाड़ियों को आग लगा दी।

इस संघर्ष में मेजर राम नाथ ने साहस तथा नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

21 मेजर रामेश्वर नाथ भगत (आई० सी०-7658), आर्टिलरी

11 सितम्बर 1965 को एक इन्फेन्ट्री ब्रिगेड स्यालकोट क्षेत्र में महाराजके से पगोवाल की तरफ आगे बढ़ा। मेजर रामेश्वर नाथ भगत अग्रिम दल के बैटरी कमाण्डर थे। हमारे अग्रिम दस्ते पर शत्रु की बख्तरबन्द सेना ने जोरदार हमला किया। इस संघर्ष में शत्रु के फायर की कोई चिन्ता न कर मेजर भगत ने एक मकान के छत पर तोपखाना की आब्जर्वेशन पोस्ट बनाई और शत्रु पर जोरदार गोलाबारी की। शत्रु के तोप के गोले से मकान नष्ट होने पर उन्होंने एक वृक्ष पर आब्जर्वेशन पोस्ट बनाई और शत्रु पर तोपखाने के फायर का निर्देशन करते रहे तथा दो टैंक नष्ट कर दिए।

इस संघर्ष में मेजर भगत ने साहस, पहलशक्ति तथा कर्त्तव्य-निष्ठा का प्रदर्शन किया।

22 मेजर सूरत सिंह (आई० सी०–8448), पंजाब रेजीमेन्ट

21 सितम्बर, 1965 को मेजर सूरत सिंह को सोनामार्ग क्षेत्र में जमा हुए घुसपैठियों को निकालने का आदेश मिला। उस स्थान पर पहुंच कर मेजर सिंह ने घुसपैठियों पर आक्रमण करने के लिए अपने गश्ती दल का नेतृत्व किया। उन्होंने शत्रु के मशीन गनर को मार दिया। ऊंचे स्थान पर से घुसपैठियों ने एल० एम० जी० तथा राइफलों द्वारा जोरदार गोली वर्षा शुरू कर दी। शत्रु के जोरदार फायर होने पर भी वे अपनी प्लाटून को आगे लेकर गए तथा शत्रु को बहुत क्षति पहुंचाई। शत्रु की संख्या अधिक होने के कारण तथा उनकी चौकियां ऊंचे स्थान पर होने के कारण वे अपनी प्लाटून को सुरक्षित पीछे लेकर आए।

इस संघर्ष में मेजर सूरत सिंह ने साहस तथा नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

23 मेजर हरमिन्दर सिंह सचदेव (आई० सी०–13553), डोगरा रेजीमेन्ट

8–9 सितम्बर 1965 की रात को मेजर हरमिन्दर सिंह सचदेव ने शत्रु के एक सुरक्षित क्षेत्र पर अचानक हमला करने के लिए हाजी-पीर दर्रे के दक्षिण में अपनी प्लाटून को संगठित किया। उनके जवान यूनिट की अग्रिम चौकी पर पहुंचे ही थे कि शत्रु ने फायर करना शुरू कर दिया। मेजर हरमिन्दर सिंह ने फौरन हमला कर दिया। अभी वे आगे बढ़े ही थे कि गोली लगने से वे बुरी तरह घायल हो गए। घायल होने पर भी अपनी सुरक्षा की चिन्ता न करते हुए उन्होंने आक्रमण जारी रखा और अग्रिम मोर्चों पर कब्जा कर लिया। उनके फिर गोली लगी। वे गिर गए परन्तु फिर भी अपने जवानों को प्रोत्साहित करते रहे।

इस संघर्ष में मेजर सचदेव ने साहस तथा नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

24 मेजर राम पाल मलहोत्रा (आई० सी०–12208), गोरखा राइफल

21 से 23 सितम्बर तक पुंछ क्षेत्र में हुई लड़ाई में मेजर राम पाल मलहोत्रा की कम्पनी को 6000 फुट ऊंचे ठिकाने पर कब्जा करने का आदेश मिला। वे अंधेरे में अपनी कम्पनी को एक बाढ़ आई हुई नदी में से लेकर गए। जब दूसरी कम्पनी पास के शत्रु मोर्चे पर हमला कर रही थी मेजर मलहोत्रा की कम्पनी वहीं पर जमी रही तथा उस कम्पनी की सहायता के लिए फायर करती रही और उनकी स्थिति दृढ़ बनाए रखी। दूसरी कम्पनी ने स्थिति में सुधार कर देने पर मेजर मलहोत्रा की कम्पनी आगे बढ़ी और अपने लक्ष्य पर अधिकार कर लिया।

इस संघर्ष में मेजर मलहोत्रा ने साहस तथा कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

25 कप्तान अपूर्व कृष्ण चटर्जी (आई० सी०–10037), आर्टिलरी

सितम्बर 1965 में पाकिस्तान के विरुद्ध हुए संघर्ष में कप्तान अपूर्व कृष्ण चटर्जी जी० ओ० सी० पंजाब तथा हिमाचल प्रदेश एरिया के ए० डी० सी० तथा स्टाफ अफसर की हैसियत से काम कर रहे थे। उन्होंने जी० ओ० सी० को मूल्यवान सहायता दी। 9–10 सितम्बर 1965 को जब वे जी० ओ० सी० के साथ एक हवाई अड्डे को जा रहे थे तब हवाई अड्डे पर पाकिस्तानी विमानों ने हमला कर दिया और इस हवाई आक्रमण के समय छोटे शस्त्रों का फायर भी जारी था। अपनी सुरक्षा की चिन्ता न करते हुए वे एक घायल जे० सी० ओ० की सहायता के लिए गये और प्रथमोपचार के बाद उसे जल्दी से पीछे अस्पताल में पहुंचाने का प्रबन्ध किया जिससे उस जे० सी० ओ० की जान बच गई।

इस संघर्ष में कप्तान चटर्जी ने साहस तथा कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया।

26 कप्तान अरुण कुमार नेहरा (आई० सी०–14370), हडसन हार्स

12 से 22 सितम्बर 1965 तक कप्तान अरुण कुमार नेहरा ने बड़ी योग्यता से सैन्य संचालन कर शत्रु के 11 टैंक और गाइडिड-मिसाइलों वाली एक जीप को नष्ट कर दिया। उनकी इस कार्य-वाही से उस क्षेत्र में शत्रु का दबाव कम हो गया।

इस संघर्ष में कप्तान नेहरा ने साहस, पहलशक्ति तथा कर्त्तव्य-निष्ठा का प्रदर्शन किया।

27 कप्तान बी० के० कुंडु (एम० एस०–6480), आर्मी मेडीकल कोर

12 से 22 सितम्बर 1965 तक इच्छोगिल नहर की लड़ाई में कप्तान बी० के० कुंडु ने अपने जीवन को खतरे में डाल कर घायलों को उत्तम डाक्टरी सहायता दी। एक घायल की मरहम पट्टी करते समय वे एक गोले से घायल हुए तथा उन्हें अस्पताल पहुंचाना पड़ा।

इस संघर्ष में कप्तान कुंडु ने साहस तथा कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया।

28 कप्तान बलबीर सिंह सन्धु (आई० सी०–12481), लांसर्स

10 सितम्बर 1965 को टेक्निकल अफसर कप्तान बलबीर सिंह सन्धु शत्रु तोपखाने की भारी गोलाबारी के बावजूद जौरियां क्षेत्र में अपने दो खराब टैंकों को वापिस ले आए। शत्रु के टैंकों तथा रिकवाइललेस तोपों से हमारा टैंक संचालन धीमा पड़ जाने पर उन्होंने टैंक यूनिट का कमान करने के लिए अपने आप को अर्पित किया। वे अपने सैन्य दल को लेकर गए तथा शत्रु के दो टैंकों को

नष्ट कर दिया। तब उनका टैंक शत्रु टैंकों के क्रास फायर में आ गया और वे सख्त घायल हुए। वे झुक कर अपने टैंक से बाहर निकले और पीछे न लाए जाने तक अपने दूसरे दो टैंकों का लड़ाई जारी रखने का निर्देशन करते रहे।

इस संघर्ष में कप्तान सन्धु ने साहस, पहलशक्ति तथा कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया।

29 कप्तान बलजीत सिंह सोई (आई० सी०—11996), आर्टिलरी

21 सितम्बर 1965 को कुमाऊं रैजीमेन्ट की एक बटालियन के बैटरी अफसर कप्तान बलजीत सिंह सोई आक्रमण करने के लिए संगठन करने के क्षेत्र में अपने कमाण्डिंग अफसर के साथ काफी आगे थे जब कि खेमकरण कर कब्जा करने के लिए अग्रिम कंपनी के आक्रमण को शत्रु के अचानक हमले ने विफल कर दिया। आउटिंग मशीन गनों तथा पैदल सेना के साथ शत्रु ने कमाण्डिंग अफसर के दस्ते को घेरे में डालना शुरू कर दिया। कप्तान सोई घायल हो गए और उनका टैक्निकल अफसर मारा गया। उन्होंने पीछे आने से इन्कार कर दिया और अपने जवानों को प्रोत्साहित करते रहे। उन्होंने शत्रु सेना पर तोपखाने के फायर का निर्देशन जारी रखा और यूनिट को शत्रु के हाथ में पड़ने से बचा लिया।

इस संघर्ष में कप्तान सोई ने साहस, नेतृत्व तथा कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया।

30 कप्तान गुरदेव सिंह बावा (आई० सी०—15042), डोगरा रेजीमेन्ट (मरणोपरान्त)

6 सितम्बर 1965 को कप्तान गुरदेव सिंह बावा को पुंछ क्षेत्र में शत्रु की एक सुरक्षित चौकी पर अधिकार करने का आदेश मिला। उनकी कम्पनी पर शत्रु के स्वचालित शस्त्रों की भारी गोली-वर्षा होने लगी और भयंकर लड़ाई के बाद उनके जवानों ने ग्रेनेड फेंक कर शत्रु के मोर्चे को नष्ट कर दिया तथा शत्रु की अन्तिम चौकी तक पहुंच गए। तब कप्तान बावा स्वयं आगे बढ़े और हैंड-ग्रेनेड से शत्रु की चौकी को नष्ट कर दिया। ऐसा करते समय कप्तान बावा शत्रु के हैंड-ग्रेनेड से सख्त घायल हुए। बाद में उस घाव से उनका देहान्त हो गया।

इस संघर्ष में कप्तान बावा ने साहस, नेतृत्व तथा कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया।

31 कप्तान जगदीश चन्दर नक्का (आई० सी०—10460), आर्टिलरी

1965 में पाकिस्तान के विरुद्ध संघर्ष में कप्तान जगदीश चन्दर नक्का ने एयर आब्जर्वेशन पोस्ट प्लाइट के सदस्य के रूप में छम्ब और सुचेतगढ़ क्षेत्र में 40 घन्टे तक संक्रियात्मक उड़ानें की। उन्होंने बड़ी योग्यता से शत्रु टैंकों तथा तोपों पर प्रहार किए।

इस संघर्ष में कप्तान नक्का ने साहस तथा कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया।

32 कप्तान जसबीर सिंह लक्शर (आई० सी०—12557), राजपूताना राईफल्स।

6-7 सितम्बर 1965 की रात को कप्तान जसबीर सिंह लक्शर को डेरा बाबा नानक के पास नदी के पुल पर हमला करने के लिए एक महत्वपूर्ण स्थिति के सड़क के भाग पर कब्जा करने का आदेश मिला। इस क्षेत्र में टैंकों के साथ शत्रु की लगभग एक कम्पनी थी। कप्तान लक्शर ने आक्रमण का स्वयं नेतृत्व किया और शत्रु पर अचानक टूट पड़े। पुल की ओर शीघ्रता से बढ़ कर सड़क के साथ-साथ शत्रु के विरोध को समाप्त कर दिया और शत्रु की कम्पनी के हैडक्वार्टर को भी नष्ट कर दिया। संघर्ष में कप्तान लक्शर ने अपनी स्टेनगन से एक पाकिस्तानी अफसर को मार दिया तथा दूसरे के साथ जूझ पड़े। इससे शत्रुओं में भगदड़ मच गई और कठिन लक्ष्य पर कब्जा करना आसान हो गया।

इस संघर्ष में कप्तान लक्शर ने साहस, नेतृत्व तथा कर्त्तव्य-निष्ठा का प्रदर्शन किया।

33 कप्तान करतार सिंह (आई० सी०—12185), ग्रेनेडियर्स

6 सितम्बर 1965 को शत्रु के तोपखाने तथा छोटे शस्त्रों की भारी गोलाबारी के मुकाबले में, अपनी सुरक्षा की पूर्ण उपेक्षा कर कप्तान करतार सिंह ने खेमकरण क्षेत्र में शत्रु के मोर्चों पर आक्रमण में अपनी कम्पनी का नेतृत्व किया।

कप्तान करतार सिंह ने साहस तथा नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

34 कप्तान कृष्ण कुमार भसीन (एम०—30206), आर्मी मेडिकल कोर

कप्तान कृष्ण कुमार भसीन उस बटालियन के रेजीमेन्ट मेडिकल अफसर थे जिसे कुन्दनपुर में पाकिस्तानी चौकियों पर हमला करने का आदेश मिला था। शत्रु की भारी गोलाबारी में अपनी सुरक्षा की चिन्ता न करते हुए उन्होंने घायल सैनिकों को डाक्टरी सहायता दी। 7 से 17 सितम्बर 1965 के समय में उन्होंने शत्रु के फायर के अन्दर 80 से भी ज्यादा घायलों की मरहम पट्टी की।

इस कार्यवाही में कप्तान भसीन ने साहस तथा कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया।

35 कप्तान मनमोहन बेरी (आई० सी०—11571), आर्टिलरी

15 सितम्बर 1965 को जम्मू एवं कश्मीर में पगोथाल की तरफ बढ़ते हुए शत्रु टैंकों पर प्रहार करने के लिए कप्तान मनमोहन बेरी को उड़ान करने का आदेश मिला। उन्होंने उस क्षेत्र पर उड़ान की और शत्रु टैंकों पर प्रहार करने से पहले उन्हें उस क्षेत्र में शत्रु के बम्बर विमानों की उपस्थिति की सूचना मिली। इसकी चिन्ता न करते हुए कप्तान बेरी 30 से 50 फीट की ऊंचाई तक नीचे आए तथा शत्रु टैंकों के दबाव को कम कर दिया। उन्होंने अपना काम समाप्त किया ही था कि शत्रु के एक बम्बर विमान ने उन पर फायर करना शुरू कर दिया। उनके विमान में गोली लगी और वह गिर गया। घायल हो जाने के कारण कप्तान बेरी को अस्पताल पहुंचाया गया।

इस संघर्ष में कप्तान बेरी ने साहस, व्यक्तिगत योग्यता तथा कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया।

36 ए/कप्तान रणधीर सिंह (ई० सी०—50502), सिख लाइट इन्फैंट्री

2-3 नवम्बर 1965 की रात को कप्तान रणधीर सिंह को एक चौकी से शत्रुओं का सफाया करने का आदेश मिला जिस पर

युद्ध-विराम के बाद पाकिस्तानी घुसपैठियों ने कब्जा कर रखा था और उसको सुरक्षित कर सुरंगें बिछा रखी थीं। उन्होंने सुरंगे बिछे मैदान से होकर अपनी कम्पनी के आक्रमण का नेतृत्व किया और आक्रमण करने वाले एक अग्रिम सैक्शन के साथ रहे। उन्होंने तार की बाधा को दूर कर शत्रु के मोर्चे पर आक्रमण किया। शत्रु ने बड़ा जोरदार मुकाबला किया और भयंकर लड़ाई हुई। शत्रु के तोपखाने से उस स्थान पर भारी गोलाबारी होते हुए भी कप्तान रणधीर सिंह ने मोर्चों को नष्ट करना तथा शत्रु का सफाया करना जारी रखा और अन्त में अपने काम में सफलता पाई।

इस संघर्ष में ए/कप्तान रणधीर सिंह ने साहस तथा नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

37 कप्तान समरेन्द्र कुमार साहा कुंडु (एम०-30002), आर्मी मेडिकल कोर

सितम्बर 1965 के संघर्ष में एक बटालियन के रेजीमेन्ट मेडिकल अफसर कप्तान समरेन्द्र कुमार साहा कुंडु जम्मू एवं कश्मीर क्षेत्र में डाक्टरी सहायता देते रहे। उस क्षेत्र में बटालियन हैडक्वार्टर में कप्तान कुंडु ने 11 अक्तूबर 1965 को रेजीमेन्टल-एड-पोस्ट की स्थापना की जिसको शत्रु ने अपने कब्जे में कर रखा था। रेजीमेन्ट-एड-पोस्टल के 100 गज तक नजदीक आकर शत्रु के तोप तथा छोटे शस्त्रों के फायर होने पर भी वे घायलों को मूल्यवान डाक्टरी सहायता देते रहे।

इस संघर्ष में कप्तान कुंडु ने साहस तथा कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया।

38 कप्तान वेनु गोपाल (एम० एस०-6791), आर्मी मेडिकल कोर

10-11 सितम्बर 1965 की रात को शत्रु की झण्डीमाली चौकी पर आक्रमण के समय मराठा रेजीमेन्ट की एक बटालियन के साथ कप्तान वेनु गोपाल रेजीमेन्टल मेडिकल अफसर की हैसियत से तैनात थे। उन्होंने शत्रु के तोपखाने, मार्टर तथा छोटे शस्त्रों की चिन्ता न करते हुए आक्रमण करने वाले सैन्य दल के साथ जाने के लिए अपने आप को अर्पित किया। वहां उन्होंने घायलों की बड़ी सहायता की।

कप्तान वेनु गोपाल ने साहस तथा कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया।

39 कप्तान विक्रम सिंह जीवन राव चौह्वाण (ई० सी०-52752), मराठा लाइट इन्फेंट्री

5 अगस्त 1965 को जब एक ग्रामीण ने पूछ क्षेत्र में इन्फेन्ट्री ब्रिगेड के हैडक्वार्टर को पांच पाकिस्तानी घुसपैठियों की सूचना दी तो उनका पता लगाने के लिए एक गश्ती दल भेजा गया। रात में गश्ती दल स्थान-स्थान पर घूमा। तब अचानक ऊंचे स्थान पर मोर्चाबन्दी करके बैठे हुए पाकिस्तानी घुसपैठियों ने गश्ती दल पर एल० एम० जी०, मार्टर तथा ग्रेनेडों से फायर करना शुरू कर दिया। इसकी चिन्ता न करते हुए कप्तान चौह्वाण ने अपने जवानों को संगठित कर शत्रु के ठिकाने पर अपने पर्याप्त साधनों से आक्रमण किया। इस कार्यवाही में 6 घुसपैठिए मारे गए तथा शेष उस स्थान से भाग गए।

इस संघर्ष में कप्तान चौह्वाण ने साहस तथा नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

40 कप्तान वीरेन्द्र सिंह (आई० सी०-10043), आर्टिलरी

जम्मू के चारवा क्षेत्र में आगे बढ़ रही हमारी बख्तरबन्द तथा पैदल सैनिक टुकड़ियों की सहायता में 8 सितम्बर 1965 को टोह लगाने व हवाई चित्र लेने के लिए कप्तान वीरेन्द्र सिंह को नियुक्त किया गया। उनके अपनी अग्रिम रक्षा पंक्तियों के ऊपर उड़ान करते ही खेत में छिपे शत्रु सैनिकों के एक दल ने उनके विमान पर गोलियां चलाईं और विमान को नुकसान पहुंचाया। इस पर भी उन्होंने अपना उद्देश्य पूरा करने के लिए उड़ान जारी रखी और बाद में एक हवाई अड्डे पर अपने विमान को उतारने में वे सफल हुए।

कप्तान वीरेन्द्र सिंह ने इस प्रकार साहस और कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

41 ऐक्टिंग कप्तान हरदियाल सिंह राय (ई० सी०-50576), जाट रेजिमेन्ट।

डोगराई गांव की लड़ाई में 21-22 सितम्बर 1965 को कप्तान हरदियाल सिंह राय उस कम्पनी की प्लाटून का नेतृत्व कर रहे थे जिसने उस गांव के उत्तरी छोर पर हमला कर उस पर अधिकार किया था। बाद में इच्छोगिल नहर के पूर्वी किनारे पर खोद कर बनाई गई शत्रु की चौकियों से उस कम्पनी पर भारी गोलाबारी हुई। अपने काफी सैनिक हताहत होने के बावजूद कप्तान राय ने 4 मशीन गनों वाली शत्रु चौकी पर हमला कर दिया। चौकी पर पहुंचने पर और शत्रु सैनिकों के साथ आमने-सामने की लड़ाई के बाद चारों मशीन गनों को नष्ट कर दिया तथा दो तोपचियों को मार डाला।

इस कार्यवाही में ऐक्टिंग कप्तान राय ने साहस, दृढ़ता और नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

42 ऐक्टिंग कप्तान मदन मोहन पाल सिंह ढिल्लों, (आई० सी०-14734), पैराशूट रेजीमेन्ट।

26-27 अगस्त 1965 की रात कप्तान मदन मोहन पाल सिंह ढिल्लों को साक पर अधिकार करने का कार्य सौंपा गया, जो हाजी-पीर-दर्रे पर अधिकार करने के लिए बहुत जरूरी था। शत्रु की भारी गोलीबारी में कप्तान ढिल्लो ने अपनी प्लाटून का नेतृत्व करते हुए निर्धारित स्थान तक पहुंचे। कम्पनी कमाण्डर ने जैसे ही शत्रु की चौकियों पर हमला करने का निश्चय किया, तब कप्तान ढिल्लो ने स्वयं आक्रमण का नेतृत्व कर शत्रु चौकी पर अधिकार कर लिया। घबराहट की स्थिति में शत्रु पीछे हटा तथा वहां पर 12 सैनिकों को मरा हुआ और काफी मात्रा में शस्त्रास्त्र तथा गोलाबारूद छोड़ गया।

इस कार्यवाही में कप्तान ढिल्लों ने साहस और नेतृत्व का परिचय दिया।

43. कार्यवाहक कप्तान नल्लकण्डी परबील करुनाकरन, (ई० सी०-51442), आर्टिलरी रेजीमेन्ट (**मरणोपरान्त**)।

10 अक्तूबर 1965 को कप्तान नल्लकण्डी परबील करुनाकरन को उस कम्पनी के साथ अग्रिम पर्यवेक्षक अफसर के रूप में नियुक्त किया गया जिसने लड़ाई में व्यस्त एक बटालियन की सहायता से रक्षात्मक स्थिति संभाली थी। इस बटालियन को उस क्षेत्र को साफ करने के आदेश दिए गए थे जहां युद्ध-विराम के बाद शत्रु घुस आया था। जब शत्रु ने इस बटालियन पर जवाबी हमला किया तब कप्तान करुनाकरन ने शत्रु के हमले को विफल करने के लिए तोपखाने से प्रभावशाली गोलाबारी की। सही-सही गोलाबारी करने का निदेश देने के लिए वे शत्रु के गोलाबारी में भी दो बार अपनी चौकी से बाहर आए किन्तु तीसरी बार जब वे गोलाबारी को देखने के लिए बाहर निकले, तभी शत्रु की हल्की मशीन गन के विस्फोट से घायल हो गए और वीर-गति को प्राप्त हुए।

सम्पूर्ण कार्यवाही में कप्तान करुनाकरन ने साहस तथा कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

44. कार्यवाहक कप्तान प्रकाश गद्रे (आई० सी०-15605), आर्टिलरी रेजीमेन्ट।

कप्तान प्रकाश गद्रे हमला करनेवाली उन दो कम्पनियों के साथ अग्रिम पर्यवेक्षक अफसर के रूप में नियुक्त हुए थे जिसे जम्मू तथा काश्मीर के मीरपुर पहाड़ी पर बने शत्रु के ठिकानों पर हमला करने का काम सौंपा गया था। इन कम्पनियों के पास मीडियम तथा लाइट मशीन गन भी थी। कप्तान गद्रे ने हमला करनेवाले दल को प्रभावशाली संरक्षण प्रदान किया था। शत्रु की भारी गोलाबारी के बावजूद तथा अपनी सुरक्षा की कोई चिन्ता किए बगैर वे इन्फैन्ट्री कमाण्डर से आवश्यक आदेश लेने तथा उन्हें तोपचियों को बतलाने के लिए जगह-जगह गए। 4-5 सितम्बर 1965 की रात जब शत्रु ने जवाबी हमला किया, तब कप्तान गद्रे ने प्रभावशाली गोलाबारी से उसे विफल कर दिया। 19 सितम्बर 1965 को शत्रु की मार्टर तोपें हमारी एक अग्रिम चौकी पर भारी गोलाबारी कर रही थीं। वे स्थान-स्थान पर रेंगते हुए आगे बढ़े और गोलाबारी करनेवाले शत्रु के मार्टर तोपों की स्थिति का पता लगाकर अपने तोपचियों को उस दिशा में गोलाबारी करने का निर्देश दिया। इस प्रकार उन्होंने शत्रु की तोपों का मुंह तो बन्द कर दिया था किन्तु उसमें वे स्वयं घायल हो गए और जब तक शत्रु की तोपों ने गोलाबारी बन्द नहीं की, तब तक उन्होंने प्रेषण चौकी से जाना किसी हालत में भी स्वीकार नहीं किया।

सम्पूर्ण संक्रिया में कप्तान गद्रे ने साहस तथा नेतृत्व का उदाहरण प्रस्तुत किया।

45. कार्यवाहक कप्तान सुरेन्द्रलाल पुरी (ई० सी०-50642), गोरखा राइफल्स (**मरणोपरान्त**)।

3-4 सितम्बर 1965 की रात कप्तान सुरेन्द्रलाल पुरी को एक ऐसी पहाड़ी चौकी पर हमला करने का काम सौंपा गया जिस पर शत्रु का मजबूत कब्जा था। उनकी मुस्तैदी ने इस चौकी को लेने में बड़ी सहायता की। इसके बाद शत्रु ने दो जवाबी हमले किए। शत्रु के विरुद्ध ग्रेनेडों तथा एल एम जी का बड़े प्रभावशाली ढंग से प्रयोग कर कप्तान पुरी ने उन हमलों को बेकार कर दिया और शत्रु को पीछे हटा दिया। किन्तु उसमें शत्रु के राकेट से आहत हो वीरगति को प्राप्त हुए।

सम्पूर्ण कार्यवाही में कप्तान पुरी ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

46. कप्तान वसन्त चह्वाण (आई० सी०-13939), मराठा रेजिमेन्ट (**मरणोपरान्त**)।

कप्तान वसन्त चह्वाण मराठा रेजीमेंट की एक बटालियन की उस कम्पनी की कमान कर रहे थे जिसने 20 सितम्बर 1965 को थट्टी जैमलसिंह पर अधिकार किया था। शत्रु ने 21 सितम्बर 1965 को तीन बार जवाबी हमले किए। उनके पहले हमले में जब एक अन्य कम्पनी का कमाण्डर मारा गया, तब कप्तान चह्वाण को उसका चार्ज सम्भालने का आदेश मिला। दूसरे जवाबी हमले में जो कम्पनी बाईं ओर का अग्रिम मोर्चा संभाले हुए थी, उस पर शत्रु ने तोपखाने, मार्टर तथा टैंकों से गोलाबारी कर दी। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की कोई चिन्ता न करते हुए कप्तान चह्वाण एक प्लाटून से दूसरी प्लाटून तक जाते और अपने सैनिकों को लड़ाई लड़ने के लिए प्रोत्साहित करते रहे। उनके पेट पर गोली लगने के बावजूद उन्होंने तब तक अपनी कम्पनी को छोड़ कर जाना पसन्द नहीं किया, जब तक कि शत्रु का तीसरा जवाबी हमला भी विफल नहीं कर दिया गया। बाद में उनका देहावसान हो गया।

सम्पूर्ण संक्रिया में कप्तान चह्वाण ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

47. लेफ्टिनेन्ट बाल कृष्ण (टी० ए०-40852), इन्फैन्ट्री (टैरिटोरियल आर्मी)।

7 सितम्बर 1965 को लेफ्टिनेन्ट बाल कृष्ण को उन पाकिस्तानी छाता सैनिकों को घेरने का आदेश मिला जो 6-7 सितम्बर 1965 की रात हलवारा हवाई अड्डे के पास उतारे गए थे। शत्रु विमानों की भारी गोलाबारी की चिन्ता न करते हुए उन्होंने छिपे हुए छाता सैनिकों के विरुद्ध लड़ाई जारी रखी और कई घमासान मुठभेड़ों के बाद कई शत्रु सैनिकों को पकड़ लिया।

इस कार्यवाही में लेफ्टिनेन्ट बाल कृष्ण ने साहस तथा नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

48. लेफ्टिनेन्ट दविन्दर कुमार धवन (ई० सी०-50707), कुमाऊं रेजीमेन्ट।

11 अक्तूबर 1965 को लेफ्टिनेन्ट दविन्दर कुमार धवन जम्मू तथा कश्मीर में एक प्लाटून की कमान कर रहे थे तब युद्ध-विराम के बावजूद शत्रु सैनिकों ने उनकी कम्पनी पर हमला कर दिया जिसके कारण उनके कम्पनी कमाण्डर अपने वरिष्ठ जे सी ओ और सिगनलर के साथ बुरी तरह घायल हो गए और कुछ अन्य व्यक्ति मारे गए। इसके बाद उन्होंने उस कम्पनी की कमान संभाली और लड़ाई को अपने नियन्त्रण में लिया। इस अचानक असफलता और सीमित साधनों की परवाह न करते हुए लेफ्टिनेन्ट धवन ने शत्रु को भारी नुकसान पहुंचाया और तब तक अपनी जगह पर डटे रहे जब तक पीछे से कुमुक वहां न पहुंच गई।

इस कार्यवाही में लेफ्टिनेन्ट धवन ने साहस, नेतृत्व और पहल-शक्ति का परिचय दिया ।

49. लेफ्टिनेन्ट एच० आर० जानू (आई० सी०—13980), ग्रेनेडियर्स ।

10 सितम्बर 1965 को खेमकरण-कसूर क्षेत्र में चीमा पर हमारी कम्पनी पर टैंकों से शत्रु ने हमला कर दिया । शत्रु की भारी गोलाबारी में लेफ्टिनेन्ट एच० आर० जानू अपनी प्लाटूनों के पास पहुंचते और अपने सैनिकों को खाइयों में ही डटे रहने को कहते तथा शत्रु के टैंकों पर तोपखाने की सही-सही गोलाबारी करने का निर्देश देते रहे । उनके साहस और दृढ़ निश्चय के कारण ही उनकी कम्पनी ने शत्रु के लगातार चार टैंक हमले विफल किए और एक कदम भी पीछे नहीं हटे ।

इस कार्यवाही में लेफ्टिनेन्ट एच० आर० जानू ने साहस तथा दृढ़ निश्चय का परिचय दिया ।

50. लेफ्टिनेन्ट इन्द्रजीत सिंह (एस० एल०-597), ई० एम० ई० ।

12 सितम्बर 1965 को खेमकरन क्षेत्र में मेहमूदपुरा के पास हुए भयंकर टैंक युद्ध के बाद पीछे भागते हुए शत्रु सैनिकों द्वारा 9 टैंक ठीक हालत में छोड़े गए । लेफ्टिनेन्ट इन्द्रजीत सिंह उस दल के एक सदस्य थे जिसे उन टैंकों को बेकार करने के लिए भेजा गया था । शत्रु के हवाई हमलों की कोई चिन्ता न कर उन्होंने शत्रु के 7 टैंकों को बेकार कर दिया और 1 टैंक को सुरक्षित स्थान तक ले आए ।

इस कार्यवाही में लेफ्टिनेन्ट इन्द्रजीत सिंह ने साहस और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

51. 2/लेफ्टिनेन्ट धरमवीर सिंह (ई० सी०—51288), आर्टिलरी रेजीमेन्ट ।

18 से 22 सितम्बर 1965 की अवधि में जब ढोला-भरा कुहान क्षेत्र में हमारी चौकियों को बगल से शत्रु ने अपने बख्तरबन्द तथा पैदल (इन्फैन्ट्री) सैनिकों से घेरना चाहा तब टैंक स्क्वाड्रन के अग्रिम प्रेक्षक अफसर 2/लेफ्टिनेन्ट धरमवीर सिंह अपने टैंक के टरेट में खड़े हुए और वहां से शत्रु के बख्तरबन्द गाड़ियों आदि पर सही-सही हमला करने का निर्देश देते रहे । उन्होंने 4 शत्रु टैंकों को नष्ट किया तथा कई हमलों को विफल किया । 21 सितम्बर 1965 को उन्होंने एक उल्टी पड़ी तथा जाती हुई गाड़ी से एक सैनिक को निकाल लिया किन्तु ऐसा करते हुए वे बुरी तरह जल गए ।

सम्पूर्ण कार्यवाही में 2/लेफ्टिनेन्ट धरमवीर सिंह ने साहस, पहल-शक्ति तथा नेतृत्व का प्रदर्शन किया ।

52. 2/लेफ्टिनेन्ट हंसराज (ई० सी०—55920), मद्रास रेजीमेन्ट ।

30 सितम्बर 1965 को 2/लेफ्टिनेन्ट हंसराज को जम्मू तथा कश्मीर में उस छोटी-सी पहाड़ी को शत्रु से खाली कराने का काम सौंपा गया जिस पर युद्ध-विराम के बाद पाकिस्तानी घुसपैठिए आ गए थे । उस पहाड़ी पर शत्रु ने अपनी स्थिति मजबूत कर ली थी और वह ग्राउंनिंग मशीन गनों तथा अन्य स्वचालित हथियारों से भारी गोलाबारी कर रहा था । अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए 2/लेफ्टिनेन्ट हंसराज आगे बढ़े और शत्रु के एम एम जी ठिकानों पर हमला कर दिया । वहां उन्हें दो शत्रु सैनिकों ने पकड़ लिया परन्तु किसी प्रकार उन्होंने अपने आपको छुड़ा लिया और उनमें से एक को मार दिया, दूसरा शत्रु सैनिक भाग गया, इस प्रकार अन्त में उस पहाड़ी को शत्रु से खाली करा लिया गया ।

इस कार्यवाही में 2/लेफ्टिनेन्ट हंसराज ने साहस और नेतृत्व का परिचय दिया ।

53. 2/लेफ्टिनेन्ट हरदियाल सिंह (आई० सी०—15955), सिख रेजीमेन्ट ।

2-3 नवम्बर 1965 की रात को 2/लेफ्टिनेन्ट हरदियाल सिंह जम्मू तथा कश्मीर के मेंघर क्षेत्र में एक प्लाटून की कमान कर रहे थे जहां युद्ध-विराम के बाद शत्रु के घुसपैठिए आ गए थे । वहां के सब रास्तों पर शत्रुओं ने सुरंगें बिछाई हुई थीं तथा राकेट और मार्टर आदि से गोलाबारी की व्यवस्था की हुई थी । 2/लेफ्टिनेन्ट हरदियाल सिंह ने सुरंगवाले क्षेत्र और शत्रु की गोलाबारी के बीच अपने प्लाटून का बहादुरी से नेतृत्व किया और अपने लक्ष्य पर हमला किया तथा शत्रुओं को वहां से भागने पर मजबूर कर दिया ।

इस कार्यवाही में 2/लेफ्टिनेन्ट हरदियाल सिंह ने साहस, दृढ़ निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया ।

54. 2/लेफ्टिनेन्ट जयन्त गणेश सरनजेम (आई०सी०-54368), इन्जिनियर्स ।

16 सितम्बर 1965 को 2/लेफ्टिनेन्ट जयन्त गणेश सरनजेम को कालरवन्डा में अपनी बटालियन की सुरक्षा पंक्ति के चारों ओर सुरंग बिछाने का काम सौंपा गया । शत्रु ने टैंकों से इस क्षेत्र में दुतरफा जवाबी हमला किया । 2/लेफ्टिनेन्ट सरनजेम ने अपने को खतरे में डालकर शत्रु की भारी गोलाबारी के बावजूद सुरंग पट्टी पूरी कर दी । इसके परिणामस्वरूप शत्रु का एक टैंक ध्वस्त किया गया और उसका घेरा तोड़ दिया गया ।

इस कार्यवाही में 2/लेफ्टिनेन्ट सरनजेम ने सराहनीय साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

55. 2/लेफ्टिनेन्ट कंचनपाल सिंह (ई० सी०-55956), जाट रेजीमेन्ट (**मरणोपरान्त**)

6 सितम्बर 1965 को हमारी फौजों ने लाहौर रोड के शत्रु के ठिकानों पर हमला किया । संचार व्यवस्था भंग होने पर 2/लेफ्टिनेन्ट कंचनपाल सिंह को आदेश दिया गया कि वे आगे बढ़ें और आगे बढ़ने वाली अपनी कम्पनियों के सम्पर्क अधिकारी का कार्य करें । शत्रुओं की भारी और लक्ष्यबेधक गोलियों का सामना करते हुए 2/लेफ्टिनेन्ट सिंह आगे बढ़ी हुई कम्पनियों तक पहुंच गये । उन्होंने बड़े प्रभावशाली ढंग से अपना कार्य किया और हमले की सफलता में सहायक सिद्ध हुए । अगले दिन जब उनकी बटालियन ने एक ऐसे ही हमले में भाग लिया उसमें 2/लेफ्टिनेन्ट सिंह अपना कार्य करते हुए मारे गये ।

इस कार्यवाही में 2/लेफ्टिनेन्ट सिंह ने साहस तथा कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

56. 2/लेफ्टिनेन्ट कृष्ण स्वामी गोपाल (आई० सी०-16121), गोरखा राइफल्स (**मरणोपरान्त**)

2/लेफ्टिनेन्ट कृष्ण स्वामी गोपाल जम्मू तथा कश्मीर में एक कम्पनी के प्लाटून कमाण्डर थे। शत्रु युद्ध-विराम के बाद भी हमारे एक स्थान तक आ गया था। घुसपैठियों को उस स्थान से निकालने के बाद जब वे अपनी कम्पनी को वापस ला रहे थे, उन्होंने एक घायल सिपाही देखा। दुश्मनों की भारी गोलीबारी के बीच वे उसे एक सुरक्षित स्थान पर लाए। इसके बाद 30 सितम्बर 1965 को उन्होंने तथा उनके सैनिकों ने शत्रु के एक हमले को विफल किया। शत्रु के तीसरे हमले में उनपर शत्रु की एक गोली लगी जिसके कारण वे वीरगति को प्राप्त हुए।

इस संक्रिया में 2/लेफ्टिनेन्ट गोपाल ने साहस तथा कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

57. 2/लेफ्टिनेन्ट कुलदीप सिंह आहलूवालिया (ई० सी०-53418), पंजाब रेजीमेन्ट (**मरणोपरान्त**)

2/लेफ्टिनेन्ट कुलदीप सिंह आहलुवालिया इच्छोगिल पुल पर अधिकार करने के लिए हुई लड़ाई में एक प्लाटून की कमान कर रहे थे। 18 सितम्बर 1965 को हमारी कम्पनी पर जवाबी हमला करने के लिए महर पार एक गाड़ी से शत्रु अत्यावश्यक कुमुक ला रहा था। उसके इस प्रयत्न को निष्फल करने के लिए इस गाड़ी को हमें अपनी गोलाबारी की सीमा में करना आवश्यक हो गया था। शत्रु की गोलाबारी की चिन्ता न करते हुए 2/लेफ्टिनेन्ट आहलुवालिया बार-बार एक प्लाटून से दूसरे प्लाटून तक जाते और उस गाड़ी पर गोलाबारी का निर्देश देते रहे। वे इस प्रयत्न में तो सफल हो गए थे किन्तु स्वयं इस लडाई मे वीरगति को प्राप्त हुए।

इस संक्रिया में 2/लेफ्टिनेन्ट आहलुवालिया ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

58. 2/लेफ्टिनेन्ट महेन्द्र शुक्ला (ई० सी०-56912), आर्टिलरी रेजीमेन्ट

1 अक्तूबर 1965 को 2/लेफ्टिनेन्ट महेन्द्र शुक्ला को जम्मू तथा कश्मीर के एक ऐसे क्षेत्र से शत्रुओं को खदेड़ने का आदेश हुआ जहां वे युद्ध-विराम के बाद घुस आये थे। इस लड़ाई में उनकी कम्पनी पर शत्रु की गोलाबारी होने लगी। इस परिस्थिति से घबड़ाये बिना उन्होंने भी अपनी ओर से प्रभावशाली गोलाबारी की और शत्रु को वहां से हटने पर बाध्य कर दिया। अग्रिम पंक्ति में जाकर जब 2/लेफ्टिनेन्ट शुक्ला स्वयं एक अग्रिम टुकड़ी का नेतृत्व कर रहे थे उसी समय शत्रु के एक सैनिक ने उनपर एक ग्रेनेड फेंका। अपनी सुरक्षा की कोई चिन्ता किए बिना उन्होंने इस हथगोले को उठाया और तुरन्त ही शत्रु सैनिकों पर दे मारा जिसके फलस्वरूप उनमें से एक सैनिक मारा गया। इसके बाद आमने-सामने की लड़ाई में 2/लेफ्टिनेन्ट शुक्ला ने बड़ा साहस दिखलाया तथा उस क्षेत्र से शत्रुओं को खदेड़ डाला।

इस लड़ाई में 2/लेफ्टिनेन्ट शुक्ला ने साहस तथा कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

59. 2/लेफ्टिनेन्ट मन्जीत सिंह भसीन (आई० सी०-15837), राजपूत रेजीमेन्ट (**मरणोपरान्त**)

13 अगस्त 1965 को 2/लेफ्टिनेन्ट मन्जीत सिंह भसीन अपनी बटालियन के इन्टेलिजेंस अफसर के रूप में अपने कमांन्डिंग अफसर के साथ श्रीनगर की खग घाटी में टोह के लिए गए। उनके सैनिक जब अपने-अपने काम में व्यस्त थे उसी समय 40 घुसपैठियों के एक दल ने उनपर गोलाबारी शुरू कर दी। 2/लेफ्टिनेन्ट भसीन की बायीं टांग में गोली लगी किन्तु इसके बावजूद वे शत्रु पर गोली-बारी करते रहे और दो घुसपैठियों को मार गिराने में सफल हुए। इस समय तक शत्रु और नजदीक आ गए थे। बड़ी संकटपूर्ण स्थिति समझकर 2/लेफ्टिनेन्ट भसीन ने अपनी सुरक्षा की कोई चिन्ता किए बगैर खुली जगह पर आ डटे और एक हथगोले से कुछ और शत्रुओं को मार दिया व हताहत किया। गहरे घाव लगने से उनकी हालत भी खराब हो गई थी किन्तु अन्तिम दम तोड़ने से पहले एक और हथगोला फेंक कर शत्रुओं को और भी नुकसान पहुंचाया। इस प्रकार उनकी टोह पार्टी शत्रुओं का घेरा तोड़ने में सफल हुई।

इस लड़ाई में 2/लेफ्टिनेन्ट मन्जीत सिंह भसीन ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

60. 2/लेफ्टिनेन्ट नगीन सिंह कंवर (ई० सी०-57495), डोगरा रेजीमेन्ट

26-27 सितम्बर 1965 की रात जब नथोके के पास की हमारी एक चौकी युद्ध-विराम के बाद भी शत्रु सैनिकों के एक दल द्वारा घेर ली गई थी उस समय 2/लेफ्टिनेन्ट कंवर ने एक मजबूत गश्ती दल का नेतृत्व किया तथा शत्रु सैनिकों को बाजू से घेरने का प्रयत्न किया जिसके फलस्वरूप शत्रु पीछे हट गया।

इस कार्यवाही में 2/लेफ्टिनेन्ट कंवर ने साहस, नेतृत्व तथा साधन-सम्पन्नता का परिचय दिया।

61. 2/लेफ्टिनेन्ट रण बहादुर सिंह राणा (आई० सी०-15790), मराठा रेजीमेन्ट (**मरणोपरान्त**)

जब 20 सितम्बर 1965 को हमारे सैनिकों ने थट्टी जैमलसिंह पर अधिकार कर लिया तब पाकिस्तानी सेना ने उसी दिन जवाबी हमला कर दिया। 2/लेफ्टिनेन्ट रण बहादुर सिंह राणा की कमान में कम्पनी शत्रु की उस बाजू के मोर्चे पर डटी रही जिस पर कि आशंका थी और शत्रु का प्रत्याक्रमण होने पर उसे विफल कर दिया गया। अगले दिन भी शत्रु ने भारी जवाबी हमला किया। 2/लेफ्टिनेन्ट राणा शत्रु की भारी गोलाबारी की चिन्ता किए बगैर अपनी एक प्लाटून से दूसरी प्लाटून तक जाते रहे और अपने सैनिकों को प्रोत्साहित करते रहे। वे बुरी तरह से जख्मी हो गए थे और युद्ध क्षेत्र से उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने से पहले ही वे वीरगति को प्राप्त हो गए। किन्तु उनसे प्रेरणा पाकर उनके सैनिक आगे बढ़ते रहे और शत्रु के हमले को उन्होंने निष्फल कर दिया तथा शत्रु को भारी नुकसान पहुंचाया।

इस लड़ाई में 2/लेफ्टिनेन्ट राणा ने साहस तथा कर्त्तव्यपरा-यणता का परिचय दिया।

62. 2/लेफ्टिनेन्ट रवि खरोइया (आई० सी०-16168), लान्सर्स (**खापता**)

1 सितम्बर 1965 को 2/लेफ्टिनेन्ट रवि खरोइया छम्ब क्षेत्र में सैनिकों की एक टुकड़ी की कमान कर रहे थे। जब शत्रुओ

ने तोपों व टैंकों से भारी हमला कर दिया तब अपने सैनिकों सहित ये युद्ध स्थल की ओर बढ़े और उन्होंने शत्रु के दो टैंक तथा एक आर० सी० एल० गन ध्वस्त कर दी। उसी समय उनके सैनिकों को पीछे हट कर दूसरी ओर से होने वाले शत्रु के हमले का सामना करने को कहा गया। जब 2/लेफ्टिनेन्ट लरोइया अपने स्वचालित हैडक्वार्टर की ओर बढ़ रहे थे उस समय शत्रु का एक गोला उनके टैंक पर लगा और उसमें आग लग गई किन्तु वे अपने सैनिकों सहित उससे बाहर निकल आए और अपने हैडक्वार्टर पहुंच गये। दूसरा टैंक लेकर वे फिर उसी जगह गये जब उनका एक और टैंक शत्रु के गोले से नष्ट हो गया तब अपने सैनिकों को संरक्षण देने के लिए वे अपने टैंक सहित आगे बढ़े और शत्रु को लड़ाई में व्यस्त रखा तथा शत्रु के एक और टैंक को नष्ट कर दिया। इसी समय उनका टैंक भी क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई।

इस कार्यवाही में 2/लेफ्टिनेन्ट लरोइया ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

63 2/लेफ्टिनेन्ट समर कुमार चटर्जी (आई० सी०-14773), राजपूत रेजीमेन्ट

6 सितम्बर 1965 को 2/लेफ्टिनेन्ट समर कुमार चटर्जी को बड़ियां क्षेत्र की एक चौकी से शत्रु को मार भगाने का काम सौंपा गया था। शत्रु चौकी पर आक्रमण करने के बाद शत्रु की गोली उनकी छाती में लगी किन्तु उससे विचलित हुए बगैर उन्होंने आक्रमण तब तक जारी रखा जब तक कि उस चौकी पर अधिकार नहीं कर लिया गया।

इस कार्यवाही में 2/लेफ्टिनेन्ट चटर्जी ने साहस तथा कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

64 2/लेफ्टिनेन्ट सरदार सिंह (ई० सी०-53844), इंजीनियर्स (**मरणोपरान्त**)

14 सितम्बर 1965 को 2/लेफ्टिनेन्ट सरदार सिंह को रुड़की कला से लिम्बो तक एक सड़क बनाने का काम सौंपा गया। उस क्षेत्र में उन्हें शत्रु की एक प्रेक्षक चौकी होने की शंका हुई और उन्होंने अपने सैनिकों को उसकी छानबीन करने को कहा। इसके फल-स्वरूप उन्होंने वहां छिपे पाकिस्तानी थलसेना के एक अफसर तथा उसके साथी सैनिक को मार गिराया। उस अफसर के पास कई ऐसे कागजात मिले जिनसे बहुत काम की सूचना मिली। अपने कर्त्तव्य को समझते हुए वे सैनिकों को निर्देशन देने के लिए एक ट्रेंच में चढ़े और उस समय तक अपना कार्य करते रहे जब तक शत्रु के चार सेबर जेट विमानों के हमलों से उनकी मृत्यु न हो गई।

इस लड़ाई में 2/लेफ्टिनेन्ट सिंह ने साहस तथा साधन-सम्पन्नता का परिचय दिया।

65 2/लेफ्टिनेन्ट शिव कुमार आनन्द (ई० सी०-57577), सिख रेजीमेन्ट

25 अगस्त 1965 को 2/लेफ्टिनेन्ट शिव कुमार आनन्द को शत्रु की उन दो एम० एम० जी० तथा एक एल० एम० जी० को नष्ट करने को कहा गया जो हमारी एक कम्पनी के अपने लक्ष्य तक पहुंचने में बाधा डाल रही थी। जब उनकी प्लाटून शत्रु की चौकी के पास पहुंची तो दूसरी दिशा से शत्रु की एक और एल० एम० जी० ने उन पर ऐसे स्थान से गोलाबारी शुरू कर दी जिसका उन्हें कोई अनुमान भी न था। हमारी एक छोटी-सी सैनिक टुकड़ी इस एल० एम० जी० को नष्ट करने में लग गई और 2/लेफ्टिनेन्ट आनन्द अपने तीन सैनिकों के साथ शत्रु की चौकी की पिछली ओर गए तथा शत्रु के एक एम० एम० जी० बंकर में घुस कर उन्होंने शत्रु की दोनों एम० एम० जी० तथा एल० एम० जी० को सदा के लिए शान्त कर दिया। इस प्रकार अपने लक्ष्य पर अधिकार करने में उन्होंने अपनी कम्पनी की सहायता की।

इस लड़ाई में 2/लेफ्टिनेन्ट आनन्द ने साहस और कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

66 2/लेफ्टिनेन्ट सुखबीर सिंह सिरोही (ई० सी०-52822), दमकन हार्स (**मरणोपरान्त**)

12 सितम्बर 1965 को खेमकरण क्षेत्र में हुई लड़ाई में 2/लेफ्टिनेन्ट सुखबीर सिंह सिरोही ने बहादुरी के साथ अपने सैनिकों का नेतृत्व किया। उनके टैंक के क्षतिग्रस्त होने पर भी वे तब तक पीछे नहीं आए जब तक वह पूरी तरह से समाप्त नहीं हो गया। बाद में वे इस लड़ाई में वीरगति को प्राप्त हुए।

इस कार्यवाही में 2/लेफ्टिनेन्ट सिरोही ने साहस तथा कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

67. 2/लेफ्टिनेन्ट सुरबजीत सिंह सोहल (आई० सी०-16330), सिख लाइट इन्फैन्ट्री

18-19 सितम्बर 1965 की रात 2/लेफ्टिनेन्ट सुरबजीत सिंह सोहल खिल क्षेत्र में हुई लड़ाई में एक सेक्शन का नेतृत्व कर रहे थे। उन्होंने शत्रु की एक प्लाटून चौकी पर आक्रमण किया तथा उस पर अधिकार कर लिया। जब शत्रु ने जवाबी हमला किया तब 2/लेफ्टिनेन्ट सोहल ने उसे विफल कर शत्रु को भारी नुक्सान पहुंचाया। दाएं कन्धे पर एक गोली लगने के बावजूद वे विचलित नहीं हुए और शत्रु के दो और जवाबी हमलों को निष्फल कर दिया।

इस कार्यवाही में 2/लेफ्टिनेन्ट सोहल ने साहस तथा कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

68 2/लेफ्टिनेन्ट उजागर सिंह राणा (ई० सी०-51453), आर्टिलरी रेजीमेन्ट

9 सितम्बर 1965 की रात खेमकरण क्षेत्र में अग्रिम बटालियन के एक भाग को शत्रु ने लगभग नष्ट कर दिया था किन्तु वहां अग्रिम प्रेक्षक अफसर के रूप में काम कर रहे 2/लेफ्टिनेन्ट उजागर सिंह ने शत्रु पर भीषण गोलाबारी की जिसके फलस्वरूप शत्रु की इन्फैन्ट्री-अस्त-व्यस्त हो गई और शत्रु को अपने टैंक आदि पीछे ले जाने को बाध्य होना पड़ा।

इस कार्यवाही में 2/लेफ्टिनेन्ट उजागर सिंह राणा ने धैर्य-पूर्ण साहस तथा दृढ़ निश्चय का परिचय दिया।

69 2/लेफ्टिनेन्ट उमा कान्त दुबे (आई० सी०-58936), कुमाऊं रेजीमेन्ट

2/लेफ्टिनेन्ट उमा कान्त दुबे एक प्लाटून की कमान कर रहे थे। 18 सितम्बर 1965 को वे छम्ब क्षेत्र में रेंगते हुए शत्रु चौकी के बहुत नजदीक गए और वहां के एक सन्तरी को उसे अपनी प्लाटून को उनकी इस चाल की सूचना देने से पहले ही मार डाला। इसके बाद उन्होंने शत्रु के एक सेक्शन पर हमला किया और उनमें से

आठ शत्रुओं को मार गिराया। जब शत्रु वहां अपनी और कुमुक लाया तब भी उन्होंने तथा उनकी प्लाटून ने कई शत्रु सैनिकों को हताहत किया। 21-22 सितम्बर 1965 को फिर उन्होंने पाकिस्तानी अग्रिम मोर्चों से 10 मील पीछे नाथल तक अपनी प्लाटून का नेतृत्व किया। उन्होंने शत्रु के एक सन्तरी को चुपचाप मारा और बाकी सैनिकों पर हमला कर दिया। इस लड़ाई में 8 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए तथा तीन राइफलें और एक स्टेनगन पर अधिकार किया गया।

सम्पूर्ण कार्यवाही में 2/लिफ्टिनेन्ट दुबे ने साहस, दृढ़ निश्चय तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

70. 2/लेफ्टिनेन्ट विनय कुमार बत्रा (ई० सी०-55341), सिख लाइट इन्फैन्ट्री (**मरणोपरान्त**)

2/लेफ्टिनेन्ट विनय कुमार बत्रा अपनी प्लाटून का नेतृत्व कर रहे थे। 4 अक्तूबर 1965 को शत्रु की भारी गोलाबारी के बीच वे अपनी प्लाटून को एक ऐसे खतरनाक पहाड़ी प्रदेश में ले गए जहां युद्ध-विराम के बाद शत्रु के घुसपैठिये आ गए थे। उन्होंने शत्रुओं पर हमला किया और उन्हें वहां से भगा दिया। उन्होंने स्वयं चार शत्रु सैनिकों को मारा किन्तु शत्रु के एम० एम० जी० के विस्फोट से वे स्वयं भी वीरगति को प्राप्त हुए।

इस कार्यवाही में 2/लेफ्टिनेन्ट बत्रा ने साहस तथा कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

71. जे०-सी०-2730-सूबेदार मेजर हीरा बाम मल्ल, गोरखा राइफल

11 सितम्बर 1965 को सूबेदार मेजर हीरा बाम मल्ल गोरखा राइफल की एक बटालियन की उस अग्रिम टुकड़ी में थे जो फलौरा की ओर बढ़ रही थी। फिलौरा रोड के चौराहे पर स्थित शत्रु की चौकी पर उन्होंने हमला किया। जैसे ही वे उस चौकी के नजदीक पहुंचे शत्रु ने भारी गोलाबारी शुरू कर दी। वे दो बार घायल हुए किन्तु पीछे जाना स्वीकार नहीं किया। वे बराबर ही अपने सैनिकों को शत्रु को लड़ाई में व्यस्त रखकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते रहे। रात को शत्रु ने दो भारी जवाबी हमले किए किंतु सूबेदार मेजर हीरा बाम मल्ल ने अपने साथियों को कड़ा प्रतिरोध करने को कहा और इस प्रकार शत्रु के हमलों को विफल कर दिया।

सम्पूर्ण संक्रिया में सूबेदार मेजर मल्ल ने साहस, दृढ़निश्चय तथा साधन-सम्पन्नता का परिचय दिया।

72. (जे० सी०-59347) सूबेदार मेजर सोहन सिंह, ई० एम० ई०

सितम्बर 1965 की संक्रियाओं के समय सूबेदार मेजर सोहन सिंह उस ई० एम० ई० बटालियन के साथ तैनात थे जो क्षतिग्रस्त टैंकों को निकालने में व्यस्त थी। अनेक प्रकार की कठिनाइयों तथा लगातार दबाव पड़ने के बावजूद सूबेदार मेजर सोहन सिंह स्वयं अपनी इच्छा से उस दल में सम्मिलित हुए और उस अजनबी क्षेत्र में उन्होंने टैंक निकालने के कार्य को सुचारु रूप से किया।

इस सारी कार्यवाही में सूबेदार मेजर सिंह ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया।

73. (जे० सी०-7567) रिसालदार अम्बिका सिंह, केवलरी

एक टैंक टुकड़ी की कमान करते हुए रिसालदार अम्बिका सिंह को 21 सितम्बर 1965 को जम्मू तथा कश्मीर में हमारी बटालियन द्वारा संरक्षित क्षेत्र पर हो रहे शत्रु के आक्रमण को विफल करने का आदेश दिया गया। शत्रु की भारी गोलाबारी के बावजूद वे अपनी टैंक टुकड़ी को आगे ले गए तथा शत्रु के एक टैंक को नष्ट कर दिया और उसको बाकी टैंकों को पीछे ले जाने पर बाध्य कर दिया। उनके टैंक की जंजीर टूट जाने पर फौरन ही वे अपने स्क्वाड्रन हैडक्वार्टर पहुंचे और उसे ठीक करने का आवश्यक सामान साथ लाए। शत्रु द्वारा गोलाबारी भारी के बीच उन्होंने तथा उनके साथी सैनिकों ने उस टूटी हुई जंजीर की मरम्मत की तथा उनके दूसरे टैंक ने शत्रुओं को लड़ाई में व्यस्त रखा। रिसालदार अम्बिका सिंह शत्रु की एक गोली से घायल हो गए किन्तु वे टैंक के ठीक होने तथा फिर कार्यवाही में शामिल होने तक लगातार कार्य करते रहे। इसके बाद ही उन्होंने वहां से पीछे आना स्वीकार किया।

इस लड़ाई में रिसालदार अम्बिका सिंह ने साहस, दृढ़निश्चय तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

74. (जे० सी०-15482) सूबेदार अर्जन सिंह, पराशूट रैजीमेंट

29 अगस्त 1965 को सूबेदार अर्जन सिंह एक कम्पनी की उस प्लाटून की कमान कर रहे थे जिसे जम्मू तथा कश्मीर की एक ऐसी चौकी पर अधिकार करने का आदेश दिया गया जहां शत्रु एम० एम० जी० तथा मार्टरों की सहायता से दृढ़तापूर्वक जमा हुआ था। जैसे ही आगे बढ़ते हुए हमारे सैनिक अपने लक्ष्य के पास पहुंचे तभी शत्रु ने गोलाबारी शुरू कर दी जिसके कारण हमारी प्लाटून को भारी नुक्सान उठाना पड़ा। सूबेदार अर्जन सिंह फौरन ही एक अन्य सैनिक टुकड़ी के साथ आगे बढ़े और शत्रु पर हमला कर दिया। परिणामस्वरूप शत्रु घबड़ाहट की स्थिति में पीछे हट गया। इस लड़ाई में शत्रु के तीन मार्टर, चार एल० एम० जी० एक राकेट लांचर, कुछ राइफलें और सिगनल उपकरण हमारी कम्पनी के हाथ लगे।

इस कार्यवाही में सूबेदार अर्जन सिंह ने साहस तथा नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

75. (जे० सी०-4596) सूबेदार बक्शी सिंह, ग्रेनेडियर्स

सूबेदार बक्शी सिंह 6 सितम्बर 1965 को खेमकरण क्षेत्र के एक गांव पर हमला करने वाली हमारी एक कम्पनी की कमान कर रहे थे। जिस समय उनकी कम्पनी शत्रु के ठिकानों पर प्रहार कर रही थी, उस समय शत्रु ने भी भारी गोलाबारी शुरू कर दी। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की चिन्ता किए बिना उन्होंने अपनी साथी सैनिकों को प्रोत्साहित किया और अन्त में अपने उद्देश्य में सफलता प्राप्त की।

इस लड़ाई में सूबेदार बक्शी सिंह ने साहस तथा नेतृत्व का परिचय दिया।

76. (जे० सी०-14216) सूबेदार बन्सी लाल, डोगरा रेजीमेन्ट (**मरणोपरान्त**)

सूबेदार बन्सी लाल 5 सितम्बर 1965 को हमारी उस कम्पनी के प्लाटून कमाण्डर थे जिसने पूंछ क्षेत्र में शत्रु की एक मजबूत चौकी पर हमला किया था । शत्रु की गोलाबारी से काफी नुक्सान होने पर भी सूबेदार बन्सी लाल ने अपने सैनिकों को प्रोत्साहित कर अपने लक्ष्य पर आक्रमण किया । शत्रु को खाइयों की पहली पंक्ति से हटना पड़ा किन्तु उसन पीछे हटकर कड़ा मुकाबला किया । सूबेदार बन्सी लाल आमने-सामने की लड़ाई में भिड़ गये और और उनकी प्लाटून ने भी वैसा ही किया जिसके कारण शत्रु को अपनी स्थिति से हटने पर फिर बाध्य होना पड़ा । इस लड़ाई में शत्रु के दो मार्टर तोपें पकड़ी गईं । आखिरी झड़प में उन पर शत्रु की एक गोली लगी जिसके कारण वे वीरगति को प्राप्त हुए ।

इस लड़ाई में सूबेदार बन्सी लाल ने साहस, दृढ़निश्चय तथा नेतृत्व का प्रदर्शन किया ।

77 (जे० सी०-6012) सूबेदार दरयाव सिंह,
ग्रेनेडियर्स

हमारी सेना द्वारा खेमकरण क्षेत्र के एक गांव पर 17 सितम्बर 1965 को हमला किए जाने पर सूबेदार दरयाव सिंह अपनी कम्पनी के एक सेक्शन के साथ आगे बढ़े और उन्होंने शत्रु की एक मशीनगन छीनी तथा एक शत्रु सैनिक को बन्दी बनाया ।

इस कार्यवाही में सूबेदार दरयाब सिंह ने साहस और नेतृत्व का परिचय दिया ।

78 (जे० सी०-11963) सूबेदार धोंदिबा लोन्धे,
महार रेजीमेन्ट (**मरणोपरान्त**)

2 सितम्बर 1965 को शत्रु ने जम्मू तथा कश्मीर में महार रेजीमेंट की एक कम्पनी की चौकी पर हमला किया । शत्रु की भारी गोलाबारी में हमारी मार्टर तोपें अच्छी प्रकार कार्यवाही न कर सकीं और सारी संचार व्यवस्था बेकार हो गई । कम्पनी के वरिष्ठ जे० सी० ओ० सूबेदार धोंदिबा अपनी कोई चिन्ता न कर मार्टर तोपों की जगह गए और उन्हें ठीक कर गोलाबारी जारी करवा दी जिसके कारण शत्रु की स्थिति अस्त-व्यस्त हो गई और बाद में उसे पीछे हटना पड़ा । किन्तु सूबेदार लोन्धे इस लड़ाई में शत्रु का एक हथ-गोला लगने से वीरगति को प्राप्त हुए ।

सम्पूर्ण कार्यवाही में सूबेदार लोन्धे ने साहस, पहल-शक्ति और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

79 (जे० सी०-3644) सूबेदार ई० वेलायुधन पिल्लै,
ई० एम० ई०

सितम्बर 1965 में पाकिस्तान के विरुद्ध संघर्ष में सूबेदार ई० वेलायुधन पिल्लै एयर डिफेंस रेजीमेंट के साथ काम करने वाली ई० एम० ई० वर्कशाप के आर्मामेंट आर्टीफिसर थे । हवाई हमले के विरुद्ध निरन्तर तथा पर्याप्त सुरक्षा के लिए यह आवश्यक था कि लड़ाई के दौरान बिगड़ जाने वाली तोपों की उसी समय तथा उसी स्थान पर मरम्मत हो । शत्रु छाता सैनिकों की कार्यवाही तथा अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की चिन्ता किए बिना कारीगरों को अपने छोटे दल के साथ सूबेदार पिल्लै निरन्तर कार्य करते रहे तथा बहुत बड़े क्षेत्र में मरम्मत करने का काम करते रहे ।

इस संघर्ष में सूबेदार पिल्लै ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया ।

80 (जे० सी०-19752) रिसालदार फतेह सिंह,
लाइट केवेलरी

20 सितम्बर 1965 को रिसालदार फतेह सिंह ने चथन-वाला के पास शत्रु के मोर्चे पर आक्रमण करने के लिए अपने टैंक दल का नेतृत्व किया । संघर्ष में उनके टैंक में गोली लगी और उसमें आग लग गई । दूसरे दो टैंकों के साथ अपने जवानों को शत्रु का मुकाबला करते रहने का प्रोत्साहन देते हुए तथा अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की चिन्ता किए बिना उन्होंने जल्दी ही आग बुझा दी, अपने टैंक को पुनः चलाया और शत्रु के एक टैंक को नष्ट कर दिया । उनके साहस तथा दृढ़निश्चय से उनके जवानों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा मिली और उन्होंने शत्रु के दो और टैंक नष्ट कर दिए ।

इस संघर्ष में रिसालदार फतेह सिंह ने साहस तथा दृढ़ निश्चय का प्रदर्शन किया ।

81 (जे० सी०-14122) सूबेदार गुरदेव सिंह,
सिख रेजीमेंट

10 सितम्बर 1965 को बर्की पर कब्जा करने के पश्चात सूबेदार गुरदेव सिंह की कम्पनी पर पास के शत्रु के एक मोर्चे से छोटे शस्त्रों की गोली वर्षा होने लगी । अग्रिम प्लाटून के साथ होते हुए सूबेदार गुरदेव सिंह ने यह जाना कि शत्रु की एम० एम० जी० को नष्ट करने में जरा देरी हुई तो उनके और सैनिक हताहत होंगे । वे जल्दी से एक तरफ से रेंगते हुए आगे गए और उस मोर्चे पर ग्रेनेड फेंके । उन्होंने दो गनर मार दिए तथा एक को बन्दी बना लिया ।

इस कार्यवाही में सूबेदार गुरदेव सिंह ने साहस, दृढ़निश्चय तथा कर्त्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया ।

82 (जे० सी०-5165) सूबेदार हंस राज,
डोगरा रेजीमेंट

20–21 सितम्बर 1965 की रात को शत्रु की गोलाबारी तथा दुर्गम क्षेत्र की परवाह न करते हुए अपनी कम्पनी के सैकिन्ड-इन-कमाण्ड सूबेदार हंस राज ने हाजी पीर दर्रा के पास के एक ठिकाने पर कब्जा करने में अपने कम्पनी कमाण्डर की लाभदायक सहायता की । ठिकाने पर कब्जा करने के बाद तथा उनके कम्पनी कमाण्डर की मृत्यु होने पर उन्होंने अपनी कम्पनी की कमान संभाली और बहुत बाधाएं होते हुए भी शत्रु के तीन जोरदार जवाबी हमले नाकाम कर दिए । इससे वह ठिकाना शत्रु के हाथ में जाने से बच गया ।

इस कार्यवाही में सूबेदार हंस राज ने साहस, पहलशक्ति तथा कर्त्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया ।

83. (जे० सी०-1683) सूबेदार कृष्ण सावलेकर,
मराठा रेजीमेंट (**मरणोपरान्त**)

चथनवाला में शत्रु के एक ठिकाने पर 19 सितम्बर 1965 को आक्रमण के दौरान जब उनका कम्पनी कमाण्डर सख्त घायल होने पर पीछे लाया गया तो सूबेदार कृष्ण सावलेकर ने अपनी

कम्पनी की कमान सम्भाली । उन्होंने अपने जवानों को संगठित कर शत्रु के जोरदार जबाबी हमले के मुकाबले में अपने लक्ष्य पर जमे रहने में सफलता पाई । सख्त घायल होने पर भी उन्होंने पीछे आना स्वीकार नहीं किया और अपनी अन्तिम सांस तक अपने जवानों को प्रोत्साहन देते रहे । उनकी वीरता तथा उदाहरण से उनकी कम्पनी ने लड़ाई को सफलतापूर्वक समाप्त करने में बड़ा योगदान दिया ।

इस कार्यवाही में सूबेदार सावलेकर ने साहस, नेतृत्व तथा कर्त्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया ।

84 जे० सी०-3365 सूबेदार जदुनाथ सिंह,
राजपूत रेजीमेन्ट

19 सितम्बर 1965 को स्यालकोट क्षेत्र में एक गांव पर हमला करते समय सूबेदार जदुनाथ सिंह एक प्लाटून की कमान कर रहे थे । शत्रु के अचानक फायर शुरू करने पर एल० एम० जी० को लिए हुए सूबेदार जदुनाथ सिंह शत्रु की मशीन गन की तरफ दौड़ कर गए तथा गनर को मार कर मशीन गन पर कब्जा कर लिया । इस वीरतापूर्ण कार्य के फलस्वरूप आक्रमण सफल हुआ तथा शत्रु भाग खड़ा हुआ ।

इस कार्यवाही में सूबेदार जदुनाथ सिंह ने साहस, दृढ़-निश्चय तथा नेतृत्व का प्रदर्शन किया ।

85 जे० सी०-13352 रिसालदार कुंदन सिंह,
14 हार्स

19–20 सितम्बर 1965 को बाघा क्षेत्र में डोगराई गांव के पास की लड़ाई में रिसालदार कुंदन सिंह शत्रु के नजदीक अपना टैंक लेकर गये और शत्रु की मार्टर तोपों को नष्ट कर दिया । दोनों बगली हिस्सों से शत्रु के हमलों को नाकाम कर दिया और अपनी स्थिति को दृढ़ करके शत्रु के पी० ओ० एल० डम्प, एक टैंक तथा एक रिक्वायललेस तोप को नष्ट कर दिया ।

इस संघर्ष में रिसालदार कुंदन सिंह ने साहस तथा दृढ़निश्चय का प्रदर्शन किया ।

86. (जे० सी०-18045) सूबेदार लछमन सिंह,
पंजाब रेजीमेंट

10 सितम्बर 1965 को सूबेदार लछमन सिंह की कम्पनी को बर्की पुल तथा उसके उत्तर की नहर के किनारे पर कब्जा करने का आदेश मिला । सूबेदार लछमन सिंह की कमान में प्लाटून के बर्की गांव से बाहर निकलते ही उस पर शत्रु की मशीन गन तथा तोपखाने से भारी गोलाबारी होने लगी । हमारे सैनिकों के हताहत होने पर भी सूबेदार लछमन सिंह किनारे के 200 गज पास तक तेजी से गए परन्तु उनका आगे जाना शत्रु के तोपखाने से गोलाबारी तथा अन्य फायर से रुक गया जो पक्के बंकरों से आ रहा था । उन्होंने अपने सैनिकों का उसी समय संगठन किया और किनारे पर अन्तिम हमला कर दिया । शत्रु के साथ घमासान लड़ाई में उन्होंने स्वयं ग्रेनेड फेंक कर शत्रु के दो मोर्चों को नष्ट कर दिया । उनके उदाहरण तथा नेतृत्व से प्रेरणा प्राप्त कर उनकी कम्पनी लक्ष्य प्राप्त करने में सफल हुई ।

इस कार्यवाही में सूबेदार लछमन सिंह ने साहस, नेतृत्व तथा साधन-सम्पन्नता का परिचय दिया ।

87 जे० सी०-9525 सूबेदार लाल चन्द,
ई० एम० ई०

13 सितम्बर 1965 को सूबेदार लाल चन्द को डेरा बाबा नानक क्षेत्र में शत्रु के मोर्चे के पास पुल की ढलान से दो बिगड़े टैंकों को निकालने का आदेश मिला । ये टैंक शत्रु को साफ दिखाई दे रहे थे और इनके पास जाने से शत्रु के छोटे शस्त्रों तथा तोपखाने से गोलाबारी होने का भय था । इस कारण टैंक आदि निकालने का काम प्रायः रात को होता था । शत्रु की तरफ से गोली-वर्षा होते हुए भी सूबेदार लाल चन्द ने स्थिति का निरीक्षण किया तथा अपनी आगे की कार्यवाही की योजना बनाई । 48 घंटे तक काम कर वे दोनों टैंकों को निकाल लाए ।

इस कार्यवाही में सूबेदार लाल चन्द ने धैर्यपूर्ण साहस, साधन-सम्पन्नता तथा दृढ़ निश्चय का परिचय दिया ।

88 जे० सी० 7171 रिसालदार मलकीत सिंह,
हडसनस् हार्स

12 सितम्बर 1965 को रिसालदार मलकीत सिंह लिब्बे की तरफ बढ़ने वाली स्क्वाड्रन के सेकिन्ड-इन-कमाण्ड थे । जब उनके कमाण्डर के टैंक पर शत्रु के टैंक ने फायर किया, उन्होंने शत्रु के उस टैंक को रोक कर उसके दो और टैंकों को नष्ट कर दिया । 18 सितम्बर 1965 को जब रिसालदार मलकीत सिंह अपनी स्क्वाड्रन को सौदरे के क्षेत्र की तरफ से ले जा रहे थे तो उनके टैंक पर शत्रु के एन्टी टैंक शस्त्रों से दो बार गोले लगे । जब उनके टैंक को आग लगी, वे बाहर आए और अपने सैनिकों की सहायता से आग बुझा दी । उन्होंने जब फिर आगे बढ़ना शुरू किया तब फिर उनके टैंक पर गोले लगे । वे तब बाहर निकले, टैंक के नष्ट हुए भाग को हटा दिया और टैंक को सुरक्षित स्थान पर ले आए ।

इस कार्यवाही में रिसालदार मलकीत सिंह ने साहस, दृढ़-निश्चय तथा नेतृत्व का प्रदर्शन किया ।

89 जे० सी० 1259 सूबेदार मूल चन्द,
ग्रेनेडियर्स

सितम्बर 1965 के खेमकरण कसूर क्षेत्र के संघर्ष में शत्रु के जोरदार फायर के बीच सूबेदार मूल चन्द तोप के एक मोर्चे से दूसरे मोर्चे तक जाते रहे । वे सख्त घायल हुए परन्तु फिर भी अपने जवानों का उत्साह बढ़ाते रहे और टैंक विरोधी फायर का निर्देशन करते रहे ।

इस कार्यवाही में सूबेदार मूल चन्द ने साहस तथा नेतृत्व का प्रदर्शन किया ।

90 जे० सी० 6270 रिसालदार निहाल सिंह,
केवेलरी

10 सितम्बर 1965 को खेमकरण की लड़ाई में रिसालदार निहाल सिंह ने टैंक की सहायता से शत्रु के चार टैंक तथा एक रिक्वायकलेसगन नष्ट करदी।उनके टैंक पर शत्रु की गोलाबारी होने से उनका टैंक चालक घायल हो गया । इस पर उन्होंने अपने टैंक की तोप को स्वयं चलाना शुरू किया और शत्रु से मुकाबला करते रहे । जब उनके टैंक में आग लग गई तब उसे छोड़ना पड़ा । उनके उदाहरण से और सैनिकों को शत्रु से लड़ाई जारी रखने की प्रेरणा मिली ।

इस कार्यवाही में रिसालदार निहाल सिंह ने साहस तथा नेतृत्व का प्रदर्शन किया ।

91 जे० सी० 17320 सूबेदार राम रत्तन खोला, आर्टिलरी रेजीमेन्ट

सूबेदार राम रत्तन खोला 5 से 22 सितम्बर 1965 तक पंजाब में एयर डिफेंस रेजीमेंट से सेक्शन कमाण्डर थे। इस रेजीमेंट पर पाकिस्तानी बम्बर विमानों द्वारा जोरदार हमला किया गया। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की चिन्ता किए बिना उन्होंने अपने सेक्शन के फायर का नियन्त्रण तथा निर्देशन किया जिसके फल-स्वरूप दो पाकिस्तानी सेबर जेट विमान गिराए गए और शेष कई विमानों को क्षति पहुंचाई।

इस कार्यवाही में सूबेदार खोला ने साहस तथा नेतृत्व का प्रदर्शन किया ।

92 जे० सी० 15469 रिसालदार रिसाल सिंह, दक्कन हार्स

8 सितम्बर 1965 को असल उत्तर की लड़ाई के दौरान शत्रु का भारी दबाव होने पर भी रिसालदार रिसाल सिंह अपनी चौकी पर जमे रहे और शत्रु का मुकाबला करते रहे। इसमें उन्होंने शत्रु के एक टैंक को नष्ट कर दिया।

इस कार्यवाही में रिसालदार रिसाल सिंह ने साहस तथा दृढ़ निश्चय का प्रदर्शन किया ।

93 जे० सी० 24678 रिसालदार सोहन सिंह 17 हार्स

11 सितम्बर 1965 को रिसालदार सोहन सिंह फिलोरा की लड़ाई में टैंक दल की कमान कर रहे थे। पास का टैंक दल शत्रु के घेरे में पड़ जाने का समाचार पाने पर वे उसकी सहायता करने आगे बढ़े । इस लड़ाई में उनके दो टैंकों पर शत्रु के गोले लगे परन्तु उन्होंने लड़ाई जारी रखी और शत्रु के तीन टैंक नष्ट कर दिए। शत्रु के जाने पर वे दौड़ कर आगे गये और अपने एक जलते हुए टैंक को बचाया तथा टैंक चालक को मौत के मुंह से निकाला परन्तु स्वयं घायल हो गए।

इस कार्यवाही में रिसालदार सोहन सिंह ने साहस, नेतृत्व तथा कर्त्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया ।

94 जे० सी० 8159 सूबेदार सुकपाल गुरुंग गोरखा राइफल्स (मरणोपरान्त)

30 सितम्बर 1965 को जम्मू एवं कश्मीर में जब शत्रु ने हमारी बटालियन के ठिकानों पर आक्रमण किया तो सूबेदार गुरूंग की कम्पनी ने उसको नाकाम कर दिया। शत्रु ने दोबार आक्रमण किया और हमारे मोर्चों के बहुत पास आ गया तब सूबेदार गुरुंग ने अपने जवानों का उत्साह बढ़ाया तथा आक्रमण को निष्फल कर दिया। तब शत्रु ने तीसरी बार जोरदार हमला किया । घेरे में पड़ने पर भी सूबेदार गुरुंग साहस-पूर्वक अपने मोर्चे पर डटे रहे और लड़ाई जारी रखी । ऐसा करते हुए उनके सिर में गोली लगी और वे वीरगति को प्राप्त हुए।

सम्पूर्ण संक्रिया में सूबेदार गुरुंग ने साहस, दृढ़ निश्चय तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

95 जे० सी० 12130 सूबेदार उमराव सिंह, ग्रेनेडियर्स

6 सितम्बर 1965 को खेमकरण क्षेत्र में खेह पशू की लड़ाई में सूबेदार उमराव सिंह की प्लाटून पर जब शत्रु की एम० एम० जी० का जोदार फायर आने लगा उन्होंने साहसपूर्वक शत्रु की एम० एम० जी० चौकी पर आक्रमण करने के लिए अपने सैनिकों का नेतृत्व किया और उसको नष्ट कर दिया।

इस कार्यवाही में सूबेदार उमराव सिंह ने साहस तथा नेतृत्व का प्रदर्शन किया ।

96 जे० सी० 486 रिसालदार यूसफ, लाइट केवेलरी

8 सितम्बर 1965 को जब हमारी एक स्क्वाड्रन का शत्रु की बख्तरबन्द सेना से मुकाबला हुआ तो भयंकर लड़ाई हुई। इसमें रिसालदार यूसफ ने शत्रु का सामना योग्यतापूर्वक करने के लिए ठीक सैन्य संचालन किया । उनके दो टैंकों पर गोले लगे परन्तु वे अपनी स्थिति पर दृढ़ रहे तथा शत्रु के दो टैंक नष्ट कर दिये। तब उनके अपने टैंक पर गोला लगा और वे सख्त घायल हो गए। बाद में वे अपने टैंक को सुरक्षित स्थान पर ले आए।

इस कार्यवाही में रिसालदार यूसफ ने साहस, नेतृत्व तथा कर्त्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया ।

97 4137593 नायब सूबेदार बहादुर सिंह, कुमाऊं रेजीमेंट

11 अक्तूबर 1965 को नायब सूबेदार बहादुर सिंह जम्मू एवं कश्मीर में उस कम्पनी की एक प्लाटून के कमाण्डर थे जिस पर शत्रु ने हमला किया था तथा घेर लिया था । तोपखाने का अफसर मारा गया था. सीनियर जे० सी० ओ० तथा अधिक संख्या में सैनिक घायल हो चुके थे। नायब सूबेदार सिंह की प्लाटून कम्पनी से अलग हो चुकी थी। स्थिति की जांच कर उन्होंने अपने जवानों का संगठन किया और वीरतापूर्वक मोर्चे पर डटे रहे। उन्होंने शत्रु की बहुत क्षति कर दो हमलों को निष्फल कर दिया तथा शत्रु के तीन सैनिकों को बन्दी बना लिया।

इस कार्यवाही में नायब सूबेदार बहादुर सिंह ने साहस, नेतृत्व तथा कर्त्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया ।

98 जे० सी० 26493 नायब रिसालदार बख्शीश सिंह, केवेलरी

12 सितम्बर 1965 को भिखीविन्ड-खेमकरण सड़क पर जब शत्रु से हमारे सैनिकों का मुकाबला हुआ तो नायब रिसालदार बख्शीश सिंह ने शत्रु के तोप के फायर तथा स्वचालित शस्त्रों के फायर की चिन्ता किये बिना शत्रु का जोरदार सामना किया। अपने व्यक्तिगत उदाहरण से शत्रु को दबाने में उन्होंने अपने जवानों का उत्साह वर्धन किया ।

इस कार्यवाही में नायब रिसालदार बख्शीश सिंह ने साहस, दृढ़ निश्चय तथा नेतृत्व का परिचय दिया।

99 जे० सी० 17743 नायब सूबेदार बस्ती राम, ई० एम० ई०

ई० एम० ई० कम्पनी के मरम्मत करने वाले तीन अग्रिम दलों की कमान करने के लिए नायब सूबेदार बस्ती राम को नियुक्त किया गया । 10 सितम्बर 1965 को मिर्जापुर के पास हुई लड़ाई में जब हमारा एक टैंक खराब हो गया तो शत्रु के तोपखाने की गोलाबारी और हवाई आक्रमण की चिन्ता न कर नायब सूबेदार बस्ती राम तीन मेकेनिकों के अपने दल के साथ टैंक की वहीं पर मरम्मत करने गये । जब वे टैंक की मरम्मत कर रहे थे तो शत्रु के विमान उस क्षेत्र में गोलियों की बौछार कर रहे थे । शत्रु की गोलियों की बौछारों की चिन्ता न कर उन्होंने टैंक की मरम्मत की और उसे संक्रियात्मक कार्यवाही के योग्य बना दिया ।

इस कार्यवाही में नायब सूबेदार बस्ती राम ने धैर्यपूर्ण साहस तथा दृढ़ निश्चय का परिचय दिया ।

100 जे० सी० 1007216 नायब रिसालदार दलीप सिंह, लांसर्स

8 सितम्बर 1965 को शत्रु के चार विमानों ने चविा के पास सप्लाई कन्वाए पर आक्रमण कर दिया जिसके फलस्वरूप कुछ गाड़ियों को आग लग गई । शत्रु के हवाई आक्रमण का भय होते हुए भी रिसालदार दलीप सिंह गोला बारूद से भरी दो गाड़ियों को सुरक्षित स्थान में पहुंचाने में सफल हुए ।

नायब रिसालदार दलीप सिंह ने धैर्यपूर्ण साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

101 1019269 स्क्वाड्रन दफादार मेजर दरयाव सिंह, लांसर्स

अपनी स्क्वाड्रन में व्यवस्था सम्बन्धी पद पर नियुक्त स्क्वाड्रन दफादार मेजर दरयाव सिंह को 1 सितम्बर 1965 को छम्ब क्षेत्र में शत्रु के भारी बख्तरबन्द सेना के आक्रमण का मुकाबला करने वाले सैन्य दल का कमान दिया गया । कठिनाई होने पर भी उनके सैनिकों ने शत्रु के 4 टक और 3 रिक्वायललेस तोपें नष्ट कर दी तथा वायरलेस सेट युक्त जीप पर कब्जा कर लिया । बाद में शत्रु की गोलाबारी से घायल होने पर भी उन्होंने पीछे जाने से इन्कार कर दिया और अचेत होने से पूर्व शत्रु के एक और टक को नष्ट कर दिया । इसके बाद उनको पीछे लाया गया ।

इस कार्यवाही में स्क्वाड्रन दफादार मेजर दरयाव सिंह ने साहस तथा दृढ़ निश्चय का प्रदर्शन किया ।

102 9095252 नायब सूबेदार जी० के० वफा, जम्मू तथा कश्मीर मिलीशिया

9 अगस्त 1965 को नायब सूबेदार जी० के० वफा जम्मू तथा कश्मीर मिलीशिया की उस कम्पनी की एक प्लाटून की कमान कर रहे थे जिसे पाकिस्तानी घुसपैठियों को पकड़ने में महार रैजीमेंट की कम्पनी को सहायता देने का आदेश मिला था । दुर्गम क्षेत्र में से जाकर जम्मू तथा कश्मीर मिलीशिया कम्पनी जब घुसपैठियों के पास पहुंची तो भली प्रकार से बनाये हुए मोर्चों में से उन्होंने फायर करना शुरू कर दिया । अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की चिन्ता किये बिना नायब सूबेदार वफा शत्रु की तरफ शीघ्रता से गए । उनके जवान उनके पीछे गये और शत्रु पर हमला कर दिया जो अपने पीछे 4 मरे हुए सैनिकों को छोड़ कर भाग खड़ा हुआ । इस कार्यवाही में 14 घुसपैठिये तथा कुछ गोला बारूद पकड़े गये ।

सम्पूर्ण कार्यवाही में नायब सूबेदार जी० के० वफा ने साहस तथा नेतृत्व का प्रदर्शन किया ।

103 जे० सी० 26626 नायब सूबेदार गुरबचन सिंह, सिख लाइट इन्फैन्ट्री (**मरणोपरांत**)

4 अक्टूबर 1965 को नायब सूबेदार गुरबचन सिंह ने शत्रु की ब्राउनिंग मशीन गन को नष्ट करने के लिए तथा युद्धविराम के बाद जम्मू तथा कश्मीर क्षेत्र में घुसे हुए शत्रुओं को खदेड़ने के लिए प्रभावशाली फायर किया । इसके बाद शत्रु ने दूसरा हमला किया । अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की चिन्ता किए बिना नायब सूबेदार गुरबचन सिंह एक महत्वपूर्ण ठिकाने तक रेंग कर गये और जोरदार मार्टर फायर शुरू किया । ऐसा करते समय एम० एम० जी० की गोलियों से वे घातक रूप से घायल हुए ।

इस संघर्ष में नायब सूबेदार गुरबचन सिंह ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया ।

104 9075047 नायब सूबेदार गुलाम मुहम्मद खां, जम्मू तथा कश्मीर मिलीशिया (**मरणोपरान्त**)

28 अगस्त 1965 को जम्मू तथा कश्मीर क्षेत्र में घुसपैठियों की टोह लेने के लिए जाने वाले 8 सैनिकों के गश्ती दल को जब नायब सूबेदार गुलाम मुहम्मद खां ले जा रहे थे तो 150 व्यक्तियों की संख्या में शत्रुओं ने सभी दिशाओं से उन पर फायर करना शुरू कर दिया । शत्रुओं की संख्या की परवाह किए बिना नायब सूबेदार खां ने अपने सैनिकों को प्रोत्साहन दिया और घुसपैठियों पर हमला कर दिया तथा उनमें से 6 को मार दिया । अन्तिम दम तक वे बड़े उत्साह से लड़ते रहे ।

इस संघर्ष में नायब सूबेदार खां ने साहस, दृढ़ निश्चय तथा कर्त्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया ।

105 जे. सी० 33256 नायब रिसालदार हरबंस सिंह, 17 हार्स

11 सितम्बर 1965 को फिलोरा के पास टैंक युद्ध में नायब रिसालदार हरबंस सिंह के टैंक पर शत्रु के टैंक का गोला लगा । परन्तु उन्होंने लड़ाई जारी रखी, शत्रु को बहुत क्षति पहुंचाई तथा उसके दो टैंक नष्ट कर दिए । 16 सितम्बर 1965 को बुट्टर-दुर्गन्डी की लड़ाई में उन्होंने हथ गोलों से शत्रु के 11 मोर्चे तथा दो टैंक नष्ट कर दिए ।

इस संघर्ष में नायब रिसालदार हरबंस सिंह ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया ।

106 1010465 दफादार हरनन्द सिंह, 17 हार्स

8 सितम्बर 1965 को सब्ज पीर की लड़ाई में एक टैंक दस्ते के कमाण्डर दफादार हरनन्द सिंह शत्रु के तोपखाने तथा टैंकों के जोरदार फायर तथा हवाई आक्रमणों की चिन्ता न कर अपने टैंक से बाहर आए और एक दूसरे टैंक तथा टैंक चालक को नष्ट होने से बचा लिया । एक दूसरे अवसर पर, अपने सख्त घाव की चिन्ता न कर, उन्होंने लड़ाई के मैदान से 9 पैदल सैनिक निकाले ।

सम्पूर्ण कार्यवाही में दफादार हरनन्द सिंह ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

107 जे० सी० 15473 नायब रिसालदार जगदेव सिंह, केवेलरी

10–11 सितम्बर 1965 को लाहौर क्षेत्र में महमूदपुरा गांव की लड़ाई में शत्रु द्वारा उनके टैंक पर दो बार गोले लगने पर भी नायब रिसालदार जगदेव सिंह ने फायर करने के मोर्चे पर पहुंच कर शत्रु के चार टैंक नष्ट कर दिए। उनके साहसिक कार्य से हमारे सैनिकों के सुरक्षात्मक मोर्चे बच गये तथा शत्रु के 15 टैंकों पर कब्जा करना आसान हो गया।

इस कार्यवाही में नायब रिसालदार जगदेव सिंह ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया।

108 जे० सी० 31407 नायब सूबेदार करनेल सिंह, सिगनल्स

9–10 सितम्बर 1965 को खेमकरण क्षेत्र में लड़ाई के दौरान नायब सूबेदार करनेल सिंह ने शत्रु की जोरदार गोली वर्षा में अग्रिम मोर्चों पर बिगड़े हुए सिगनल उपकरणों की मरम्मत की। इस प्रकार उन्होंने आर्मर्ड ब्रिगेड की संक्रियात्मक योग्यता बढ़ाने में सहयोग दिया।

इस संक्रिया में नायब सूबेदार करनेल सिंह ने साहस तथा साधन-सम्पन्नता का परिचय दिया।

109 जे० सी० 13768 नायब रिसालदार नसीब सिंह, केवेलरी

सितम्बर 1965 में कसूर क्षेत्र की संक्रियाओं के समय नायब रिसालदार नसीब सिंह ने एक बड़े क्षेत्र में अपने टोह दस्ते का नेतृत्व किया। शत्रु के तोपखाने तथा छोटे शस्त्रों की गोलाबारी के बीच रात दिन काम कर वे शत्रु की गतिविधियों की महत्वपूर्ण सूचना लेकर आए। शत्रु की गोलीवर्षा के बीच वे बिना किसी सुरक्षा के जीप गाड़ी में गश्त लगाते रहे। उनके द्वारा लाई गई सूचना से उनकी रेजीमेन्ट को लाभदायक मोर्चाबन्दी करने में सहायता मिली।

सम्पूर्ण कार्यवाही में नायब रिसालदार नसीब सिंह ने साहस, दृढ़ निश्चय तथा साधन-सम्पन्नता का परिचय दिया।

110 जे० सी० 31604 नायब रिसालदार पियारा सिंह, हडसनस् हार्स (**मरणोपरान्त**)

नायब रिसालदार पियारा सिंह अग्रिम टैंक दस्ते के कमाण्डर थे। 19 सितम्बर 1965 को सोद्रके की ओर जाते समय उनके टैंक को शत्रु का गोला लगने से आगे न चल सका। धैर्यपूर्ण साहस से उन्होंने शत्रु का मुकाबला किया तथा शत्रु के एक टैंक को नष्ट कर दिया। इसके तुरन्त बाद उनके टैंक पर शत्रु की आर० एल० सी० तोप का फायर होने से उसमें आग लग गई। वे बाहर आये और आग बुझाने लगे, परन्तु तब उनके सिर में शत्रु की गोली लगने से वे वीरगति को प्राप्त हुए।

इस कार्यवाही में नायब रिसालदार पियारा सिंह ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया।

111 जे० सी० 25542 नायब सूबेदार पूरन सिंह थापा, गोरखा राइफल्स (**मरणोपरान्त**)

9 सितम्बर 1965 को केवेलरी बटालियन के साथ तैनात नायब सूबेदार पूरन सिंह थापा की कम्पनी एक नाला के पुल की ओर बढ़ी। उस सैन्य दल पर रसूलपुर में शत्रु द्वारा भारी गोलाबारी के कारण काफी क्षति हुई। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की चिन्ता किए बिना नायब सूबेदार पूरन सिंह थापा रेंगते हुए सड़क पर आये और हताहतों को अपनी ओर लाने लगे। ऐसा करते समय उन्हें शत्रु की गोली लगी और वे वीरगति को प्राप्त हुए।

इस कार्यवाही में नायब सूबेदार पूरन सिंह थापा ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

112 जे० सी० 3132538 नायब सूबेदार राम लाल राम, जाट रेजीमेन्ट

7-8 सितम्बर 1965 की रात्रि को ऊंचे ब्रेन्स में पाकिस्तानी चौकी पर आक्रमण के समय नायब सूबेदार राम लाल राम की बटालियन पर शत्रु के तोपखाने तथा मशीनगनों से गोलाबारी होने लगी। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की चिन्ता किए बिना नायब सूबेदार राम लाल राम अपनी कम्पनी को लक्ष्य तक ले गये। आक्रमण के दौरान अपनी बटालियन के जवानों के लिये वे प्रेरणा के श्रोत थे।

इस संघर्ष में नायब सूबेदार राम लाल राम ने साहस तथा साधन-सम्पन्नता का परिचय दिया।

113 जे० सी०—30541 नायब सूबेदार साधू सिंह, सिखलाइट इन्फेन्ट्री (**मरणोपरान्त**)

2-3 नवम्बर 1965 की रात को एक कम्पनी की एक प्लाटून के कमान्डर नायब सूबेदार साधू सिंह को जम्मू एवं कश्मीर के मेंढर क्षेत्र में उस ठिकाने को साफ करने का आदेश मिला जहां युद्ध विराम के बाद शत्रु घुस आया था। शत्रु के मोर्चों पर गोलाबारी का कोई प्रभाव नहीं पड़ सकता था और उनको बहुसंख्या में स्वचालित शस्त्र, मार्टर तथा तोपखाने द्वारा गोलाबारी की सहायता प्राप्त थी। लक्ष्य को जाने वाले रास्तों में सुरंगें बिछाई हुई थी तथा तार लगाई हुई थी। इन बाधाओं की चिन्ता किये बिना नायब सूबेदार साधू सिंह ने आक्रमण किया परन्तु उनकी प्लाटून की बहुत क्षति हुई। इस क्षति की तथा अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की चिन्ता किए बिना उन्होंने घमासान लड़ाई में मुख्य भाग लिया, अपने जवानों का उत्साह बढ़ाया तथा लक्ष्य पर आक्रमण कर दिया। भागने की चष्टा करते हुए उन्होंने तीन शत्रु सैनिकों पर स्वयं आक्रमण किया तथा उसमें से दो को मार दिया, परन्तु तीसरे की गोली से वे स्वयं मारे गये।

इस संघर्ष में नायब सूबेदार साधू सिंह ने साहस, दृढ़ निश्चय तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

114 जे० सी० 17050 नायब सूबेदार सरूप सिंह, पंजाब रेजीमेन्ट (**मरणोपरान्त**)

6-7 सितम्बर 1965 की रात को जम्मू एवं कश्मीर में एक चौकी पर नायब सूबेदार सरूप सिंह एक प्लाटून की कमान कर रहे थे जिस पर शत्रु ने जोरदार हमला किया तथा बहुत से जवानों को हताहत किया। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की चिन्ता किए बिना तथा अपनी इच्छा से नायब सूबेदार सरूप सिंह एल० एम० जी०

लेकर बगल की तरफ गये और प्रभावशाली गोलीवर्षा कर शत्रु की दो तोपों को नष्ट कर दिया । उनके इस वीरता के कार्य से स्थिति संभली परन्तु वे स्वयं बुरी तरह घायल हुए जिससे उनकी मृत्यु हो गई ।

इस कार्यवाही में नायब सूबेदार सरूप सिंह ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया ।

115 जे० सी० 32946 नायब रिसालदार वजीर सिंह,
केवेलरी (**मरणोपरांत**)

22 सितम्बर 1965 को नायब रिसालदार वजीर सिंह उस टैंक दस्ते में एक टैंक की कमान कर रहे थे, जिसे शत्रु के ठिकाने पर आक्रमण करने का आदेश हुआ था । जब उनका टैंक शत्रु के ठिकाने से 400 गज के फासले पर पहुंचा तो आगे सुरंगें बिछा क्षेत्र आ गया । जब उनको शत्रु का मुकाबला करने को कहा गया तो टैंक दस्ते का नेता सुरंगें बिछे क्षेत्र में से जाने का रास्ता ढूंढने लगा । शत्रु के तोपखाने तथा टैंक फायर की चिन्ता किए बिना नायब रिसालदार वजीर सिंह अपने दस्ते की सहायता में फायर करते रहे । तब उनके टक को सीधा शत्रु की तोप का गोला लगा उनकी मृत्यु हो गई ।

इस कार्यवाही में नायब रिसालदार वजीर सिंह ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

116 5605384 सी० एच० एम० बिर्ताप्रसाद गुरुंग,
गोरखा राइफल्स

3-4 सितम्बर 1965 को टोप संजोई पर आक्रमण के समय शत्रु की एल० एम० जी० के जोरदार फायर के कारण सी० एच० एम० बिर्ताप्रसाद गुरुंग की प्लाटून का आगे बढ़ना रुक गया । ग्रेनेड तथा स्टेन गन लेकर वे राकेट लांचर दस्ते के साथ आगे बढ़े और उस एल० एम० जी० मोर्चे पर राकेट से फायर किया । तब वे शीघ्रता से उस चौकी पर गए, गनर को मारा तथा मशीन गन पर कब्जा कर लिया । इससे आक्रमण की आगे की कार्रवाई हो सकी । बाद में मीरपुर पर आक्रमण के दौरान उन्होंने शत्रु पर इतना भयानक हमला किया कि वह डर से भाग खड़ा हुआ और पीछे बहुत से शस्त्र तथा गोला बारूद छोड़ गया ।

सम्पूर्ण कार्यवाही में सी० एच० एम० बिर्ताप्रसाद गुरुंग ने साहस तथा साधन-सम्पन्नता का परिचय दिया ।

117 4429657 सी० एच० एम० दलीप सिंह,
सिख लाइट इन्फैन्ट्री

सितम्बर 1965 की संक्रियाओं के समय छम्ब क्षेत्र में सी० एच० एम० दलीप सिंह की चौकी पर जब शत्रु के टैंकों की जोरदार गोलाबारी होने लगी तब वे अपने मोर्चे पर डटे रहे और आमने-सामने की लड़ाई में शत्रु के दो टैंक चालक मार दिए ।

इस कार्यवाही में सी० एच० एम० दलीप सिंह ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

118 2741691 सी० एच० एम० कृष्ण सावन्त,
मराठा रेजीमेन्ट

20 सितम्बर 1965 को जब कम्पनी हवलदार मेजर कृष्ण सावन्त की कम्पनी ने थट्टी जैमल सिंह के पास की शत्रु की चौकी पर आक्रमण किया तब शत्रु की एल० एम० जी० की दो चौकियों से हमला करने वाली प्लाटूनों पर जोरदार गोलीवर्षा होने लगी । यह जानते हुए कि इन लाइट मशीन गनों से हमारे सैनिकों की अधिक क्षति होगी, सी० एच० एम० कृष्ण सावन्त अपने सैनिकों को साथ आगे बढ़े और एल० एम० जी० चौकियों को दोनों ओर से घेर लिया । उन्होंने ग्रेनेड फेंककर दोनों चौकियों को शान्त किया तथा 6 गनरों को मार दिया । इस प्रकार उन्होंने स्थिति संभाली और कम्पनी को लक्ष्य पर अधिकार करने योग्य बना दिया ।

इस कार्यवाही में सी० एच० एम० कृष्ण सावन्त ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

119 1011392 दफादार बाबू सिंह,
दक्कन हार्स

8 सितम्बर 1965 को चीमा क्षेत्र में संक्रियाओं के समय शत्रु के जोरदार मुकाबले में दफादार बाबू सिंह ने अपने टैंक का मोर्चा संभाले रखा तथा शत्रु के चार टैंक नष्ट कर दिये ।

इस कार्यवाही में दफादार बाबू सिंह ने साहस तथा कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

120 1135763 हवलदार बलबीर सिंह,
आर्टिलरी रेजीमेन्ट

सितम्बर 1965 की संक्रियाओं के समय हवलदार बलबीर सिंह अमृतसर में एयर डिफेन्स रेजीमेन्ट के दस्ते के साथ सेवा कर रहे थे । 6 सितम्बर 1965 को इस संस्थान पर शत्रु के विमानों द्वारा आक्रमण किया गया । उस समय शत्रु के विमानों द्वारा गोलियों की बौछार तथा बमबारी होने पर भी हवलदार बलबीर सिंह ने शत्रु का एक विमान गिरा दिया तथा दूसरे को क्षति पहुंचाई ।

सम्पूर्ण कार्यवाही में हवलदार बलबीर सिंह ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

121 3335196 हवलदार बलदेव सिंह,
सिख रेजीमेन्ट (**मरणोपरांत**)

6 सितम्बर 1965 को पूंछ क्षेत्र में शत्रु की एक चौकी पर आक्रमण के समय जब हमारे अग्रिम सेक्शन को शत्रु की गोलीवर्षा ने रोक दिया तो बांई ओर की अग्रिम प्लाटून के साथ सेवारत हवलदार बलदेव सिंह आगे बढ़े और अग्रिम सेक्शन के साथ जा मिले । उस समय उनकी बांह पर चोट लगने के कारण उस पर पट्टी बांध रखी थी । अपने सैनिकों को प्रोत्साहन देते हुए उन्होंने सुरंगें बिछे क्षेत्र में से तथा शत्रु के मशीन गन की गोलीवर्षा के बीच आक्रमण किया । जब वे शत्रु के एल० एम० जी० मोर्चे की ओर तेजी से बढ़ रहे थे, उन्हें मशीन गन की गोलियां लगीं जिसके कारण बाद में उनकी मृत्यु हो गई । परन्तु प्लाटून ने आक्रमण जारी रखा तथा मोर्चे पर अधिकार कर लिया ।

इस कार्यवाही में हवलदार बलदेव सिंह ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

122 6578008 हवलदार भोला दत्त जोशी,
आर्मी सप्लाई कोर

22 सितम्बर 1965 को हवलदार भोला दत्त जोशी 12 गाड़ियों के एक कन्वाय की कमान कर रहे थे जिसे खेमकरण-बल्टोहा क्षेत्र में अग्रिम चौकियों तक गोला-बारूद पहुंचाने का कार्य सौंपा गया था । जब कन्वाय एक गांव के निकट पहुंचा, तो उस पर शत्रु के भारी तोपखाने की गोलाबारी तथा शत्रु के विमानों से बमबारी होने लगी । जैसे ही अग्रिम गाड़ियों पर शत्रु की गोली लगने से उनमें आग लगी, तो शेष गाड़ियों को रोक दिया गया तथा चालकों ने सड़क की ओर ओट ले ली । यह जानते हुए कि अपनी ओर से देरी के कारण शत्रु के फायर से दूसरी गाड़ियों को भी क्षति पहुंच सकती है, शीघ्र ही हवलदार जोशी ने चालकों का संगठन किया तथा स्वयं अग्रिम मोर्चों तक गोलाबारूद पहुंचाने में कन्वाय का नेतृत्व किया ।

सम्पूर्ण कार्यवाही में हवलदार भोला दत्त जोशी ने साहस, नेतृत्व तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

123 6794496 हवलदार/ओ० आर० ए० चन्नू राम,
आर्मी मेडिकल कोर

सितम्बर 1965 को खेमकरण क्षेत्र में संक्रियाओं के समय हवलदार चन्नू राम अस्थाई फील्ड हस्पताल में सीनियर आप्रेशन रूम असिस्टेन्ट थे । पूर्ण रूप से थके होने पर भी उन्होंने घायलों के लाभ के लिये दिन रात काम कर धैर्य तथा उच्च कोटि की कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया । उनके साथ काम करने वालों के लिये वे प्रेरणा के श्रोत थे ।

सम्पूर्ण कार्यवाही में हवलदार/ओ० आर० ए० चन्नू राम ने उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

124 4434776 हवलदार चरन सिंह,
सिख लाइट इन्फैंट्री (**मरणोपरान्त**)

2-3 नवम्बर 1965 की रात को जब शत्रु मेंधर क्षेत्र में घुस आये, और लड़ाई के परिणामस्वरूप हवलदार चरन सिंह की प्लाटून का कमान्डर मारा गया तथा प्लाटून को काफी क्षति पहुंची, तब हवलदार चरन सिंह ने कमान संभाली । स्वयं रेंग कर शत्रु की मशीन गन चौकी तक गये तथा एक हथ-गोला फेंक कर गन को शान्त कर दिया । वे लगातार अपने सैनिकों का निर्देशन करते रहे तथा दूसरे मशीन गन बंकर को नष्ट कर दिया । यद्यपि वे इस लड़ाई में वीरगति को प्राप्त हुए, फिर भी उनकी प्लाटून ने लक्ष्य पर अधिकार कर लिया था ।

इस कार्यवाही में हवलदार चरन सिंह ने साहस, नेतृत्व तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

125 3334544 हवलदार दलीप सिंह,
इन्फेन्ट्री (टी० ए०)

7 सितम्बर 1965 को हवलदार दलीप सिंह एक प्लाटून के सेक्शन कमाण्डर थे जिसे आदमपुर हवाई अड्डे के पास एक गांव में उतरे सशस्त्र पाकिस्तानी छाता सैनिकों को घेरने का आदेश हुआ था । छाताधारी सैनिकों की संख्या का अनुमान लगाकर प्लाटून ने उन्हें घेरने का प्रयत्न किया, परन्तु जिस खेत से होकर वह प्लाटून जा रही थी उसमें खड़े फसल के पौदों के हिलने से शत्रु छाताधारी सैनिक प्लाटून की गतिविधि को जान गये और उस क्षेत्र से हट गये । बड़ी कठिनाई से उनके पास पहुंचा जा सका । उसके साथ हुई लड़ाई में एक छाताधारी सैनिक मारा गया, 9 को बन्दी बना लिया गया तथा साथ में बहुत सा गोला-बारूद भी हाथ लगा ।

इस संघर्ष में हवलदार दलीप सिंह ने सूझ-बूझ, साहस तथा नेतृत्व का परिचय दिया ।

126 1008877 दफादार धर्म सिंह,
14 हार्स (**मरणोपरान्त**)

22 सितम्बर 1965 को डोगराई की लड़ाई में दफादार धर्म सिंह को उस क्षेत्र से शत्रुओं को साफ करने तथा डोगराई गांव से सम्बन्ध स्थापित करने का आदेश मिला । लड़ाई में उनके टैंक पर शत्रु की गोलाबारी होने से वे, उनका गनर तथा आप्रेटर घायल हो गये । टैंक चालकों आदि को निकालने के पश्चात् वे अपने टैंक पर गये तथा उनके टैंक पर गोलाबारी करने वाली शत्रु की रिक्वायललेस गन को नष्ट कर दिया । बाद में लड़ाई में वे भी वीरगति को प्राप्त हुए ।

इस कार्यवाही में दफादार धर्म सिंह ने साहस तथा कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

127 5031397 हवलदार धर्म राज गुरुंग,
गोरखा राईफल्स

18 सितम्बर 1965 को हवलदार धर्म राज गुरुंग को एक गश्ती दल के सेकिन्ड-इन-कमान के रूप में उड़ी क्षेत्र में शत्रु सेना की संख्या तथा सैन्य संचालन की टोह लगाने का आदेश मिला । अचानक गश्ती दल को शत्रु के एक संतरी ने ललकारा । हवलदार गुरुंग ने संतरी को मार गिराया । उसी समय गश्ती दल पर शत्रु की राइफलों तथा एल० एम० जी० से गोलीवर्षा होने लगी तथा उनका आगे बढ़ना कठिन हो गया । हवलदार गुरुंग ने गश्ती दल को शत्रु पर फायर जारी रखने का आदेश दिया और वे स्वयं शत्रु की एल० एम० जी० चौकी तक रेंग कर गये । उनकी हरकतों को देखकर शत्रु ने उन पर फायर करना शुरू कर दिया । अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की चिन्ता किए बिना, शत्रु की गोलीवर्षा में वे उस चौकी पर गये तथा एक हथ-गोला फेंककर शत्रु की मशीन गन को शान्त कर दिया । इससे गश्ती दल को अपना कार्य करने में तथा महत्वपूर्ण सूचना लाने में सुविधा मिली ।

इस कार्यवाही में हवलदार गुरुंग ने साहस, कर्त्तव्यपरायणता तथा साधन-सम्पन्नता का परिचय दिया ।

128 1008564 दफादार दीदार सिंह,
हडसनस् हार्स

8 सितम्बर 1965 को पश्चिमी पाकिस्तान में लिब्बे की ओर बढ़ते हुए गन्ने के खेत में छिपी शत्रु की आर० सी० एल० गन से दफादार दीदार सिंह पर गोलीवर्षा हुई । दफादार दीदार सिंह अपने टैंक को लेकर उस गन की ओर गये तथा ब्राउनिंग मशीन गन से फायर कर उसकी स्थिति को रौंद डाला । उस समय उन पर दो शत्रु टैंकों ने हमला कर दिया । दफादार दीदार सिंह ने फायर करके दोनों को नष्ट कर दिया । उनके इस साहसिक कार्य से उनकी स्क्वाड्रन को आगे बढ़ने में सुविधा मिली ।

इस कार्यवाही में दफादार दीदार सिंह ने साहस तथा कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

129 5605586 हवलदार गोरबहादुर गुरुंग,
गोरखा राईफल्स

हवलदार गौरबहादुर गुरुंग अखनूर-जौरियां सड़क पर तैनात कम्पनी में प्लाटून कमान्डर थे । 14 सितम्बर 1965 को उन्होंने लगभग 1,500 गज की दूरी पर शत्रु के टैंकों की आवाज सुनी । शीघ्र कार्यवाही कर वे एक रिक्वायललेस गन को लेकर गये । जब शत्रु का टैंक नजदीक आया, उन्होंने उस पर सीधा फायर किया तथा उसमें आग लग गई ।

इस कार्यवाही में हवलदार गुरुंग ने साहस तथा कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

130 6781497 हवलदार गुरचरन सिंह,
सिख रेजीमेन्ट

10-11 सितम्बर 1965 की रात को सिख रेजीमेन्ट की एक बटालियन ने जब बर्की गांव पर हमला किया तो हवलदार गुरचरन सिंह अपनी कम्पनी की हमला करने वाली प्लाटून के साथ थे । जब उनकी प्लाटून गांव के घरों के बाहरी भाग पर पहुंची उस पर शत्रु के छोटे शस्त्रों से भारी गोलीवर्षा शुरू हुई । अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की चिन्ता किए बिना उन्होंने कुछ सैनिक अपने साथ लिये और दीवारों पर चढ़कर घरों में हथ-गोले फेंके । वे जल्दी से पुलिस थाने की छत पर पहुंच गये जहां पर शत्रु ने बंकर बना रखा था । ग्रेनेड फेंककर उन्होंने एक शत्रु सैनिक को मार दिया और दूसरे को उसके राकेट लांचर सहित पकड़ लिया । इस प्रकार उन्होंने अपने साथियों के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत किया तथा अपनी प्लाटून को बर्की पर अधिकार करने में सफल बनाया ।

इस संघर्ष में हवलदार गुरचरन सिंह ने साहस, सूझ-बूझ तथा कर्त्तव्यपरायजता का परिचय दिया ।

131 2432521 हवलदार इन्दर सिंह,
पंजाब रेजीमेन्ट (मरणोपरान्त)

सितम्बर 1965 की संक्रियाओं के समय हवलदार इन्दर सिंह भैनी ढिलवाल पुल क्षेत्र में पंजाब रेजीमेन्ट की एक बटालियन की कम्पनी में कार्यवाहक कम्पनी हवलदार मेजर थे । 18 सितम्बर 1965 को शत्रु के साथ एक झड़प में दूसरी कम्पनी का एक अफसर सख्त घायल हो गया था और उसे जल्दी से पीछे ले जाना अनिवार्य हो गया था, हवलदार इन्दर सिंह जो कि दूसरी कम्पनी में थे, अपने को इस कार्य के लिये अर्पित किया । शत्रु की गोलाबारी तथा एम० एम० जी० के फायर के बावजद वे अपने एक और साथी के साथ उस अफसर को बारी-बारी अपनी पीठ पर उठा कर सुरक्षित स्थान पर ले आये । उसी दिन जब शत्रु ने हमारे सैनिकों को पुल से हटाने की चेष्टा की तो हवलदार इन्दर सिंह शत्रु की भारी गोलाबारी के बावजूद एक प्लाटून से दूसरी प्लाटून तक जाते रहे तथा गोलाबारूद व पानी पहुंचाते रहे और उनको लड़ाई के लिये प्रोत्साहन देते रहे । लड़ाई में उन्हें शत्रु की गोली लगी तथा वे वीर-गति को प्राप्त हुए ।

इस कार्यवाही में हवलदार इन्दर सिंह ने साहस तथा उच्च-कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

132 1016764 दफादार ईश्वर सिंह,
सेन्ट्रल इंडिया हार्स

18 सितम्बर 1965 को दफादार ईश्वर सिंह की स्क्वाड्रन को अपर-बारी-दोआब नहर के पुल पर से शत्रु को हटाने के काम में तैनात पैदल सेना की एक बटालियन के साथ काम करने का आदेश मिला । संक्रियात्मक कार्यवाही शुरू होने पर स्क्वाड्रन के नम्बर 1 ट्रुप को पुल के पश्चिम की ओर जाकर शत्रु की कार्यवाहियों को समाप्त करने का आदेश मिला । टैंक कमान्डर दफादार ईश्वर सिंह शत्रु की भारी तोपों तथा रिक्वायललेस गन फायर के बीच सम्देहा-स्पद दलदल वाली भूमि में से अपने टक को योग्यतापूर्वक आगे लेकर गये । शत्रु के बंकरों को देखकर वे अकेले आगे बढ़े और उनको तथा शत्रु की मीडियम मशीन गनों को नष्ट कर अपनी स्क्वाड्रन को लक्ष्य प्राप्त कराने में सहयोग दिया ।

इस कार्यवाही में दफादार ईश्वर सिंह ने साहस, सूझ-बूझ तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

133 2638969 हवलदार जनक सिंह,
ग्रेनेडियर्स (मरणोपरान्त)

6 सितम्बर 1965 को जब हमारे सैनिक खेमकरण क्षेत्र में एक पुल को नष्ट करने में लगे हुए थे तो शत्रु की एम० एम० जी० ने उनपर फायर कर उनके कार्य में बाधा डाली । अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की चिन्ता किये बिना हवलदार जनक सिंह आगे बढ़े और शत्रु की गन स्थिति पर गोला फेंका । ऐसा करते समय उन्हें शत्रु की गोली लगी तथा वे वीरगति को प्राप्त हुए ।

इस कार्यवाही में हवलदार जनक सिंह ने साहस तथा कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

134 5434810 हवलदार लछिमन थापा,
गोरखा राईफल्स

15 सितम्बर 1965 को हवलदार लछिमन थापा अखनूर-जौरियां सड़क पर शत्रु के ठिकाने पर आक्रमण कर रही मार्टर प्लाटून में सेक्शन कमान्डर थे । इस लड़ाई में हवलदार थापा का वायरलेस एरियल शत्रु की गोली लगने से खराब हो गया । उन्होंने जल्दी से ग्राउंड एरियल लगाकर संचार-व्यवस्था कायम की । तब उन्होंने शत्रु के ठिकाने पर मार्टर की सही गोलाबारी कर शत्रु की एम० एम० जी० को शान्त कर दिया । दोबारा 17 सितम्बर 1965 को अखनूर-जौरियां सड़क पर शत्रु के दूसरे ठिकाने पर आक्रमण करने वाली प्लाटून के साथ उन्हें तैनात किया गया । प्लाटून कमान्डर तथा हवलदार थापा रेंगते हुए शत्रु की स्थिति के पास गये । उन्हें चेतावनी देने वाले शत्रु सन्तरी को प्लाटून कमान्डर ने मार गिराया । इस समय हवलदार थापा को पास के शत्रु बंकर से कुछ हलचल की आवाज सुनाई दी । वे बंकर के अन्दर गये और पास वाली मशीन गन पर हमला किया जिससे प्लाटून कमान्डर को पीछे हटने में सफलता मिली ।

सम्पूर्ण कार्यवाही में हवलदार लछिमन थापा ने साहस, कर्त्तव्यपरायणता तथा साधन-सम्पन्नता का परिचय दिया ।

135 6237987 हवलदार लेख राज,
सिगनल्स (मरणोपरान्त)

सितम्बर 1965 की संक्रियाओं के समय शत्रु की गोलाबारी से जब डिवीजनल हेडक्वार्टर तथा अग्रिम इन्फेंट्री ब्रिगेड हेडक्वार्टर के बीच संचार-व्यवस्था बन्द हो गई, तब हवलदार लेख राज अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की चिन्ता किए बिना अपने दल को लेकर गये तथा शत्रु की गोली-वर्षा के बीच संचार-व्यवस्था पुनः स्थापित करने में सफल हुए । ऐसे ही एक काम में उन्हें शत्रु की गोली लगी तथा उनकी मृत्यु हो गई ।

सम्पूर्ण कार्यवाही में हवलदार लेख राज ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

136 1140654 हवलदार पी० एम० राजागोपाल,
आर्टीलरी रेजीमेन्ट (**मरणोपरान्त**)

पंजाब में ब्यास नदी पर सड़क तथा रेल के महत्वपूर्ण पुल की रक्षा में तैनात एयर डिफेन्स रेजीमेन्ट की गन डिटेचमेन्ट (तोप का दस्ता) की हवलदार राजागोपाल कमान कर रहे थे । 7 सितम्बर 1965 को सुबह 4 बजे जब शत्रु के विमान पुल पर बम्बारी करने लगे तो हवलदार राजागोपाल ने अपने सैनिकों को प्रोत्साहन दिया तथा ठीक फायर कर उन्होंने शत्रु के एक विमान को गिरा दिया । शत्रु के फायर से सख्त घायल होने पर भी वे तब तक अपनी गन से फायर करते रहे जब तक कि शत्रु के सारे विमान वहां से न भगा दिये गये । उनके इस वीरता के कार्य से पुल को बचा लिया गया, परन्तु जब उन्हें उनकी गन स्थिति से ले जाया जा रहा था तो उनकी मृत्यु हो गई ।

इस कार्यवाही में हवलदार राजागोपाल ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

137 11088410 हवलदार प्रभु राम,
आर्टिलरी (टी० ए०)

25-26 सितम्बर 1965 की रात्रि को हवलदार प्रभु राम गन के एक मोर्चे को संभाले हुए थे तो युद्ध विराम की अवहेलना कर शत्रु ने सुलेमानकी क्षेत्र में जोरदार गोलाबारी शुरू कर दी । यद्यपि उनके दस्ते के दो सैनिक घायल हो गये थे तथा शत्रु के सीधे फायर से गन की बेरल और शील्ड खराब हो जाने पर हवलदार प्रभु राम अपनी गन से लगातार फायर करते रहे तथा शत्रु को रात-भर लड़ाई में उलझाये रखा । उस क्षेत्र में तोपखाने के सभी दस्तों को उनसे काफी विश्वासनीय प्रेरणा मिलती रही ।

सम्पूर्ण कार्यवाही में हवलदार प्रभु राम ने साहस, सूझ-बूझ तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

138 6998520 हवलदार रामा,
ई० एम० ई०

12 सितम्बर 1965 को हवलदार रामा को डेरा-बाबा-नानक क्षेत्र में पुल के पास पड़े एक टैंक को निकालने का आदेश मिला । टैंक पर शत्रु लगातार निगाह रखे हुए था । हवलदार रामा उस टैंक को बड़ी योग्यता से निकाल कर लाये, परन्तु जब वह टैंक रास्ते पर लाया गया, तो पता चला कि उसके खराब भाग को जल्दी पृथक् करने की आवश्यकता है । तब शत्रु ने उस क्षेत्र में गोलाबारी शुरू कर दी थी । इसकी चिन्ता न कर हवलदार रामा ने खराब भाग को पृथक् किया और टैंक को सुरक्षित स्थान पर ले आये ।

इस कार्यवाही में हवलदार रामा ने उत्साह, योग्यता तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

139 4138578 हवलदार उमराव सिंह,
महार रेजीमेन्ट (**मरणोपरान्त**)

4 सितम्बर 1965 को जब शत्रु ने जौरियां में हमारी एक स्थिति पर आक्रमण किया और शत्रु के तोपखाने से भारी गोलाबारी के कारण एम० जी० का एक बंकर नष्ट हो गया, तो ब्राउनिंग मशीन गन सेक्शन के कमान्डर हवलदार उमराव सिंह अपनी खाई से बाहर आये, घायलों का प्रथमोपचार किया, बंकर से मशीन गन निकाली तथा फायर करना शुरू कर दिया । उनकी मशीन गन की भारी गोली-वर्षा के कारण उनकी स्थिति पर शत्रु का आक्रमण निष्फल हो गया, परन्तु वे स्वयं शत्रु के टैंक के गोले से वीरगति को प्राप्त हुए ।

इस कार्यवाही में हवलदार उमराव सिंह ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

140 1131574 हवलदार वामन पटने,
आर्टीलरी

स्यालकोट क्षेत्र में पीछे हटते समय पाकिस्तानी सेना किसानों के भेष में अपने कुछ सैनिक छोड़ गई थी । उनके पास शस्त्र और दूरबीनें थीं तथा हमारी सैनिक गतिविधियों में बाधा डालते थे । ऐसे पांच व्यक्तियों के एक दल ने हमारी गन स्थितियों पर तोपखाने से फायर किये । 14 सितम्बर 1965 को हवलदार वामन पटने ने नाथपुर गांव में इस दल का पता लगा लिया । एक घर की छत पर चढ़कर, केवल अपनी स्टेन-गन के साथ अकेले वे उस दल के साथ लगभग 20 मिनट तक लड़ते रहे तथा उनमें से 3 को मार दिया । बाद में दूसरों की सहायता से उन्होंने गांव से ऐसे व्यक्तियों को निकाल भगाया ।

सम्पूर्ण कार्यवाही में हवलदार वामन पटने ने साहस, सूझ-बूझ तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

141 4140452 पी० ए/हवलदार ब्रह्म देव सिंह यादव,
कुमाऊं रेजीमेन्ट (**मरणोपरान्त**)

11 अक्तूबर 1965 को युद्धविराम की अवहेलना कर शत्रु ने जम्मू एवं कश्मीर में हमारी प्लाटून के एक ठिकाने पर आक्रमण कर दिया । हमारी एम० एम० जी० चौकी को संभाले हुए हवलदार ब्रह्म देव सिंह यादव ने प्रभावशाली गोलीवर्षा कर शत्रु के दो हमले निष्फल कर दिए । आगे बढ़ना असम्भव जान कर शत्रु ने इस चौकी पर राकेट से फायर कर इसे नष्ट कर दिया और हवलदार यादव घायल हो गये । अपने घाव की चिन्ता किए बिना हवलदार यादव अपनी राइफल से फायर करते रहे परन्तु अन्त में शत्रु की गोलीवर्षा से उनकी मृत्यु हो गई ।

इस कार्यवाही में पी० ए/ हवलदार यादव ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

142 4533503 पी० ए/ हवलदार दत्तु माने,
महार रेजीमेन्ट

28 मई 1965 को हवलदार दत्तु माने जम्मू एवं कश्मीर क्षेत्र में एक गश्ती दल के नेता थे । गश्त करते समय उन पर शत्रु

की भारी गोलीवर्षा होने लगी। उसकी टांग पर शत्रु की गोली लगने पर भी उन्होंने, अपना एल० एम० जी० दस्ता अपने साथ शामिल न होने तक, हमला जारी रखा। तब शत्रु शीघ्रता से पीछे हट गया।

इस कार्यवाही में पी० ए०/हवलदार दत्तु माने ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

143 5032194 पी० ए/ हवलदार पदम लाल पुन, गोरखा राइफल्स

8 सितम्बर 1965 को बज्रगढ़ी पर अधिकार करने के बाद गोरखा राइफल की दो कम्पनियां आगे बढ़ीं और दाजोवाल पर कब्जा कर लिया जब कि दूसरी दो कम्पनियां बटालियन हेड-क्वार्टर का पुर्नगठन कर रही थीं। 10—30 बजे शत्रु की एक कम्पनी आगे बढ़ी और बटालियन हेडक्वार्टर पर एम० एम० जी०, मार्टर तथा छोटे शस्त्रों की गोली वर्षा से आक्रमण कर दिया। निगरानी करने की ड्यूटी में तैनात पी० ए०/ हवलदार पदम लाल पुन की प्लाटून ने शत्रु पर संगीनों से हमला कर दिया। अपने घावों की चिन्ता किये बिना उन्होंने शत्रु पर आक्रमण किया और बटालियन हेडक्वार्टर को बचा लिया।

इस कार्यवाही में पी० ए०/ हवलदार पुन ने साहस तथा कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

144 2538269 लांस हवलदार कन्नप्पन, मदरास रेजीमेन्ट (**मरणोपरान्त**)

14 अगस्त 1965 को जब जम्मू एवं कश्मीर में गली पिकट में हमारे ठिकानों पर शत्रु ने निरन्तर हमले करने शुरू कर दिये तब एम० एम० जी सेक्शन के कमान्डर लांस हवलदार कन्नप्पन अपनी मशीन गन से गोलीवर्षा करते रहे और शत्रु को भारी क्षति पहुंचाई। बाद में शत्रु की एम० एम० जी० गोलीवर्षा से घायल हो गये परन्तु अन्तिम दम तक अपने सेक्शन को आदेश देते रहे।

इस कार्यवाही में लांस हवलदार कन्नप्पन ने साहस तथा उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

145 5029237 लांस हवलदार केशवीर पुन, गोरखा राइफल

सितम्बर 1965 में अखनूर-छम्ब क्षेत्र में सक्रियाओं समय लांस हवलदार केशवीर पुन ने एक ए० एम० एक्स० टैंक लाने वाले दल का नेतृत्व किया जिसे इंजन की खराबी के कारण शत्रु के इलाके में छोड़ा गया था। शत्रु की जोरदार गोलाबारी के बावजूद वे टैंक तक गये, उसकी मरम्मत की तथा उसे वापस ले आये।

इस कार्यवाही में लांस हवलदार केशवीर पुन ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

146 3139829 लांस हवलदार मनी राम, जाट रेजीमेन्ट (**मरणोपरान्त**)

6 सितम्बर 1965 को जब जाट रेजीमेंट की एक बटालियन ने लाहौर क्षेत्र में इच्छोगिल नहर के सड़क के पुल पर आक्रमण किया तो अपने मशीन गन सेक्शन के साथ लांस हवलदार मनी राम ने अपनी प्लाटून का नेतृत्व किया और एक बिल्डिंग के ऊपर अपना मोर्चा बनाया। शत्रु के टैंकों से गोलाबारी होने पर भी उन्होंने गोलीवर्षा जारी रखी और शत्रु के जवाबी हमले को नाकाम कर दिया। लड़ाई के समय गोली लगने से उनकी मृत्यु हो गई।

इस कार्यवाही में लांस हवलदार मनी राम ने साहस, कर्त्तव्य-परायणता तथा साधन-सम्पन्नता का परिचय दिया।

147 1108931 लांस हवलदार पी० गणपति, आर्टीलरी

लांस हवलदार गणपति पटानकोट में महत्वपूर्ण संस्थान की रक्षा के लिये तैनात तोप के नं० 1 थे। 6 सितम्बर 1965 को जब शत्रु ने विमान द्वारा उनकी गन स्थिति पर बमबारी की तो उन्होंने योग्यता से नियन्त्रण कर अपनी तोप से फायर कर शत्रु के विमान को मार गिराया।

इस कार्यवाही में लांस हवलदार पी० गणपति ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

148 3139968 लांस हवलदार रणधीर सिंह, जाट रेजीमेन्ट (**मरणोपरान्त**)

21—22 सितम्बर 1965 की रात्रि को डोगराई गांव की लड़ाई के समय लांस हवलदार रणधीर सिंह उस कम्पनी की प्लाटून में थे जिसे लाहौर क्षेत्र में एक मोर्चे को साफ करने का आदेश मिला था। जब उनकी प्लाटून लक्ष्य के पास पहुंची तो शत्रु ने उस पर जोरदार गोलीवर्षा शुरू कर दी। उनके आगे बढ़ने में बाधक शत्रु की मशीन गन को शीघ्र ही शान्त करने की आवश्यकता को जानकर वे अकेले आगे बढ़े और वहां पहुंचकर ग्रेनेड फेंका तथा शत्रु की मशीन गन को शान्त किया और इस प्रकार अपनी प्लाटून के आगे बढ़ने का रास्ता साफ कर दिया। परन्तु वे बुरी तरह से घायल हो गये थे जिससे उनकी मृत्यु हो गई।

इस संघर्ष में लांस हवलदार रणधीर सिंह ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

149 1028140 लांस दफादार साहिब सिंह, कैवेलरी (**मरणोपरान्त**)

10 सितम्बर 1965 को खेमकरण में लांस दफादार साहिब सिंह ने अपने टैंक की सहायता से शत्रु के चार टैंक तथा दो आर० सी० एल० गनों को नष्ट कर दिया। एक बार उनके टैंक पर शत्रु के तोपखाने तथा टैंकों से जोरदार गोलाबारी हुई और गोलाबारूद भी खत्म हो गया। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की चिन्ता किये बिना वे पास के टैंकों से गोलाबारूद लाये तथा शत्रु को बहुत क्षति पहुंचाई। गोलाबारूद लाते समय वे शत्रु की फायर से जख्मी हो गये तथा उनकी मृत्यु हो गई।

इस कार्यवाही में लांस दफादार साहिब सिंह ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

150 1307078 लांस हवलदार थौमस, इंजीनियर

लांस हवलदार थौमस उस पार्टी के एन० सी० ओ० इन्चार्ज थे जिसे 16 सितम्बर 1965 को जम्मू तथा कश्मीर में कालरवन्दा के रक्षात्मक स्थान के चारों ओर सुरंगें बिछाने का आदेश मिला था। शत्रु ने मीडियम तथा फील्ड गनों से इस ठिकाने पर जवाबी

हमला कर दिया । अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा तथा शत्रु की भारी गोलाबारी की चिन्ता किये बिना लांस हवलदार थौमस एक स्थान से दूसरे स्थान को जाते रहे और अपना कार्य करते रहे जब तक कि वह पूरा नहीं हुआ । उनके कार्य के फलस्वरूप शत्रु का एक टैंक नष्ट कर दिया गया तथा शत्रु का हमला निष्फल कर दिया गया ।

इस कार्यवाही में लांस हवलदार थौमस ने साहस तथा कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

151 1024698 लांस दफादार उत्तम सिंह,
सेन्ट्रल इंडिया हार्स

10 सितम्बर 1965 को जब सेन्ट्रल इंडिया हार्स की एक स्क्वाड्रन इच्छोगिल नहर के पुल की ओर बढ़ी रही थी तो रास्ते में सुरंगें बिछा क्षेत्र आ गया तथा शत्रु की मार्टर तोपों से उस पर गोलाबारी होने लगी । अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की चिन्ता किये बिना लांस दफादार उत्तम सिंह अपने टैंक को सुरंगें बिछे क्षेत्र में से लेकर गये तथा बर्की गांव के उत्तरी क्षेत्र पर आक्रमण कर रही हमारी बटालियन को गोलाबारी की सहायता देने पुल की ओर शीघ्रता से गये ।

इस संघर्ष में लांस दफादार उत्तम सिंह ने साहस तथा कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

152 1026317 ए/लांस दफादार हमीर सिंह,
17 हार्स

14 से 18 सितम्बर 1965 की लड़ाई में अपने ट्रूप लीडर के टैंक के गनर ए/लांस दफादार हमीर सिंह ने शत्रु के 6 टैंक नष्ट कर दिये । 18 सितम्बर 1965 को उनके टैंक में शत्रु का गोला लगने से वे सख्त घायल हो गये । अपने घाव के बावजूद उन्होंने अपनी गन को संभाले रखा तथा शत्रु से उस समय तक लड़ाई जारी रखी जब तक स्थिति को संभालने का प्रबन्ध न हुआ ।

इस संघर्ष में ए०/लांस दफादार हमीर सिंह ने साहस, दृढ़ निश्चय तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

153 1026761 ए/लांस दफादार ओंकार दत्त,
हडसनम् हार्स

ए/लांस दफादार ओंकार दत्त टैंक गनर थे । 17 सितम्बर 1965 को शत्रु के टैंकों तथा तोपखाने की भारी गोलाबारी के बावजूद ए०/लांस दफादार ओंकार दत्त ने अपने टैंक कमान्डर के आदेशानुसार सभी निशानों पर गोलाबारी कर शत्रु के 6 टैंक नष्ट कर दिये । दोबारा 22 सितम्बर 1965 को उन्होंने अल्हर में शत्रु के दो और टैंक नष्ट कर दिये ।

सम्पूर्ण कार्यवाही में ए०/लांस दफादार ओंकार दत्त ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

154 1157041 नायक बालकृष्णन नायर,
आर्टीलरी

8 सितम्बर 1965 को नायक बालकृष्णन नायर जम्मू हवाई अड्डे में एयर डिफेंस बैटरी के अग्रिम दल के एक दस्ते की कमान कर रहे थे । अपनी एम० एम० जी० से ठीक फायर कर उन्होंने शत्रु के एक सेबर जेट को गिरा दिया ।

इस कार्यवाही में नायक बालकृष्णन नायर ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

155 3342869 नायक बन्ता सिंह,
सिख रेजीमेंट (**मरणोपरान्त**)

2—3 नवम्बर 1965 की रात को नायक बन्ता सिंह उस कम्पनी की अग्रिम प्लाटून के एक सेक्शन की कमान कर रहे थे जिसे युद्ध-विराम के पश्चात् मेघर क्षेत्र में घुस आये शत्रुओं का सफाया करने का आदेश मिला था । लक्ष्य तक पहुंचने के रास्ते में तार लगी हुई सुरंगें बिछी थीं तथा शत्रु के विभिन्न शस्त्रों से निरन्तर गोलीवर्षा हो रही थी । उनको शत्रु की एक एल एम जी को शान्त करने का कार्य-भार सौंपा गया । शत्रु के फायर की चिन्ता किये बिना नायक बन्ता सिंह शत्रु की एल०एम० जी० चौकी पर गये और बैरल पकड़कर गन को छीन लिया । उस समय उन्हें शत्रु की गोली लगी तथा तत्काल उनकी मृत्यु हो गई ।

इस कार्यवाही में नायक बन्ता सिंह ने साहस, दृढ़ निश्चय तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

156 1130989 नायक चेलिया,
आर्टिलरी

6 सितम्बर 1965 को पंजाब में एक महत्वपूर्ण संस्थान पर शत्रु के हवाई आक्रमण के समय उस संस्थान की रक्षा के लिये लगी तोप के संचालक नायक चेलिया ने शत्रु के एफ 86 सेबर जेट को मार गिराया ।

इस कार्यवाही में नायक चेलिया ने साहस तथा दृढ़ निश्चय का परिचय दिया ।

157 10194267 नायक घन्ना सिंह,
इन्फेन्ट्री (टी० ए०)

6-7 सितम्बर 1965 की रात में आधुनिक शस्त्रधारी पाकिस्तानी छाताधारी सैनिक आदमपुर हवाई अड्डे के पास उतारे गये । हमारे सैनिकों ने उस क्षेत्र को घेर लिया और नायक घन्ना सिंह ने एल० एम० जी० से गोली वर्षा कर उन्हें सहायता दी । घमासान लड़ाई हुई परन्तु नायक घन्ना सिंह की ठीक गोलाबारी से शत्रुओं को दबाया जा सका । जब एक छाताधारी सैनिक अपनी .30 कार्बाइन से हमारी सेना के कमान्डर पर फायर करने की चेष्टा कर रहा था तो नायक घन्ना सिंह अपने ठिकानें से भाग कर आये, छाताधारी सैनिक पर जोर से फायर किया तथा वहीं पर उसे मार गिराया ।

इस कार्यवाही में नायक घन्ना सिंह ने साहस, सूझ-बूझ तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

158 2843539 नायक हनुमान सिंह,
राजपूताना राईफल

सितम्बर 1965 में खेमकरण क्षेत्र में लड़ाई के समय जब शत्रु के टैंकों ने नायक हनुमान सिंह के अधीन सेक्शन पर मशीन गन से जोरदार गोलाबारी की तो वे अपनी चौकी पर दृढ़ता-पूर्वक डटे रहे तथा शत्रु टैंकों से मुकाबला करते रहे । उनके इस कार्य ने शत्रु के आक्रमण को रोकने में बड़ी सहायता दी ।

सम्पूर्ण कार्यवाही में नायक हनुमान ने साहस तथा कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

159 2440014 नायक पियारा सिंह,
पंजाब रेजीमेन्ट

18 सितम्बर 1965 को भैनी-ढिलवाल पुल क्षेत्र से शत्रु का जबाबी हमला परास्त होने के पश्चात् दो सैनिकों के गश्ती दल के साथ नायक पियारा सिंह को शत्रुओं का पीछा करने तथा उनकी ओर अधिक क्षति पहुंचाने का आदेश मिला। नहर पार से शत्रु के छोटे शस्त्र तथा तोपखाने की गोलाबारी होने पर भी वे वीरतापूर्वक एक-एक करके दो गश्ती दलों को लेकर गये तथा शत्रु की दो लाइट मशीन गनों और तीन अर्ध-स्वचालित राइफलों को अपने अधिकार में करने में सफल हुए।

इस कार्यवाही में नायक पियारा सिंह ने साहस तथा कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

160 3342533 नायक सरजीत सिंह,
सिख रेजीमेन्ट

24 अगस्त 1965 को एक दूसरे लक्ष्य पर कब्जा करने में आसान नायक सरजीत सिंह की प्लाटून को शत्रु की एक चौकी का सफाया करने का आदेश मिला। वे अपने सैनिकों के साथ रेंगकर आगे बढ़े तथा शत्रु के पहले बंकर में एक हथ-गोला फेंका। शत्रु ने उसी समय फायर कर दिया। शत्रु के फायर की चिन्ता किये बिना नायक सरजीत सिंह अपनी स्टेन गन से फायर करते हुए एक बंकर से दूसरे बंकर तक गये। उनके उदाहरण से प्रेरणा पाकर, घमासान लड़ाई के बाद, उनकी प्लाटून ने शत्रु चौकी का सफाया कर दिया।

इस कार्यवाही में नायक सरजीत सिंह ने साहस, सूझ-बूझ तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

161 2848044 नायक शीश राम,
राजपूताना राइफल्स

21 अगस्त 1965 को नायक शीश राम उस गश्ती दल के एक सदस्य थे जिसे सोनेमार्ग क्षेत्र में पाकिस्तानी घुसपैठियों को पकड़ने का आदेश मिला था। उस क्षेत्र को सफाया करने के पश्चात् गश्ती दल ने घुसपठियों के समूह को पकड़ लिया जो कि नजदीक से फायर कर रहा था। गश्ती दल के कमान्डर ने एक आड़ लेकर, शत्रु के एल० एम० जी० गनर को मार डाला तथा नायक शीश राम को एल० एम० जी० लाने का आदेश दिया। शत्रु की निरन्तर फायर के सन्मुख नायक शीश राम उस स्थान पर पहुँचे तथा एल० एम० जी० के पास दूसरे घुसपैठिये को देखा। उन्होंने घुसपैठिये को मार गिराया तथा एल० एम० जी० और एक राइफल को लेकर अपने गश्ती दल के नेता के पास पहुँच गये।

इस कार्यवाही में नायक शीश राम ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

162 5735500 नायक सिंगमान घाले,
गोरखा राइफल्स

सितम्बर 1965 की संक्रियाओं के समय जब नायक सिंगमान घाले की कम्पनी खौर में गश्ती ड्यूटी पर थी, तो गश्ती दल शत्रु की भारी फायर के बीच आ गया। इस कार्यवाही में उनकी टांग में गोली लगी, और उन्होंने वापस जाने से इन्कार कर दिया तथा शत्रु को भारी क्षति पहुंचाकर लगातार फायर करते रहे। उनके इस कड़े मुकाबले के फलस्वरूप शत्रु आगे बढ़ने में असफल हो गया।

इस कार्यवाही में नायक सिंगमान घाले ने साहस तथा कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

163 2639906 नायक सिरी राम,
ग्रेनेडियर्स

6 सितम्बर 1965 को खेमकरण क्षेत्र में ब्राउनिंग एम० एम० जी० सेक्शन कमान्डर नायक सिरी राम ने स्वयं प्रत्येक ठिकाने में जाकर तथा गोलाबारी का निर्देशन कर शत्रु के आक्रमण को विफल बना दिया।

इस कार्यवाही में नायक सिरी राम ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायण-ता का परिचय दिया।

164 2550331 नायक एस० थाम्पन,
मदरास रेजीमेन्ट

7-8 सितम्बर 1965 की रात्रि को नायक एस० थाम्पन स्यालकोट क्षेत्र में एक आक्रमण करने वाली कम्पनी में थे। जैसे ही अग्रिम दस्ता लक्ष्य के पास पहुंचा तो शत्रु की एल० एम० जी० से फायर आरम्भ हो गया। उस क्षेत्र में लम्बी-लम्बी घास होने के कारण शत्रु की गन का पता न चल सका। नायक थाम्पन छिप कर चौकी तक गये तथा एक हथ-गोला फेंका, परन्तु शत्रु की एल० एम० जी० का फायर जारी रहा। तब वे शत्रु की गन चौकी तक 15 गज दूरी के फासले तक गये तथा दूसरा हथ-गोला फेंककर गन को शान्त कर दिया। इससे उनकी कम्पनी को आक्रमण को सफल बनाने में मदद मिली।

इस संघर्ष में नायक एस० थाम्पन ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायण-ता का परिचय दिया।

165 6262894 नायक तुषार कान्ति सेन,
सिगनल्स

5 सितम्बर 1965 को जब इन्फेन्ट्री ब्रिगेड हेडक्वार्टर तथा इन्फेन्ट्री डिवीजन की परस्पर संचार व्यवस्था भंग हो गई तो नायक तुषार कान्ति सेन को लाइनों को चेक करने तथा उनकी मरम्मत करने का आदेश हुआ। वहां पहुंचकर टेलीफोन लाइन को कटा देखकर उसकी मरम्मत करने लगे। उस समय वहां पर कुछ छिपे हुए शत्रु सैनिकों ने मार्टर तथा एल० एम० जी० से फायर करना चालू कर दिया। नायक सेन अपने लाइनमैनों के साथ रेंगते हुए आगे बढ़े तथा लाइन से सम्बन्ध स्थापित किया। उन्होंने इन्फेन्ट्री ब्रिगेड को भी सूचित किया जो उस क्षेत्र में शत्रु सैनिकों से लड़ाई में व्यस्त था। इसके फलस्वरूप हमारे कन्वाय को घेरने की शत्रु की चाल विफल हो गई तथा शत्रु को भारी क्षति उठानी पड़ी।

इस कार्यवाही में नायक तुषार कान्ति सेन ने साहस, साधन-सम्पन्नता तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

166 2947675 नायक विजय सिंह,
राजपूत रेजीमेन्ट

सितम्बर 1965 की संक्रियाओं के समय नायक विजय सिंह को शत्रु की स्थिति पर आक्रमण करने का आदेश हुआ। शत्रु की भारी गोलाबारी में वे आगे बढ़े तथा लक्ष्य पर आक्रमण कर शत्रु के कमान्डिंग अफसर और बहुत से शत्रु सैनिकों को मार गिराया। उन्होंने शत्रु के मार्टर की फायर को दो घन्टे तक निष्क्रिय कर दिया तथा आदेश मिलने पर ही पीछे आये।

सम्पूर्ण कार्यवाही में नायक विजय सिंह ने साहस तथा कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

167 6788347 नायक/नर्सिंग असिस्टेंट पूरन मल,
आर्मी मेडिकल कोर

नायक/नर्सिंग असिस्टेन्ट पूरन मल को लाओस में भारतीय चिकित्सा दल के साथ सेवार्थ भेजा गया था । 29 मई 1964 से 24 जुलाई 1965 तक उन्होंने लाओस में हस्पतालों तथा बाहरी डिसपेन्सरियों में दवाइयों के संगठन तथा बीमारों के इलाज आदि करने में बड़ी कुशलतापूर्वक कार्य किया । अपने कठिन परिश्रम, कार्य-कुशलता तथा कर्त्तव्यपरायणता से उन्होंने कार्य को सफल बनाने में महान योगदान दिया ।

168 3142227 लांस नायक फतेह सिंह,
जाट रेजीमेन्ट (मरणोंपरान्त)

6 सितम्बर 1965 को लाहौर क्षेत्र में शत्रु की कम्पनी की चौकी पर आक्रमण के समय लांस नायक फतेह सिंह ने अपने कम्पनी कमान्डर को शत्रु के एक शस्त्र के फायर से घायल होते हुए देखा । वे दौड़कर उस शस्त्र की तरफ गये तथा एक हथ-गोला फेंककर उसे नष्ट कर दिया । परन्तु उन पर शत्रु के स्वचालित हथियारों की फायर होने से तत्काल उनकी मृत्यु हो गई ।

इस कार्यवाही में लांस नायक फतेह सिंह ने साहस तथा कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

169 2443180 लांस नायक गुरनाम सिंह,
पंजाब रेजीमेन्ट

10 सितम्बर 1965 को लांस नायक गुरनाम सिंह क्वार्टर प्लाटून के एक सेक्शन का नेतृत्व कर रहे थे । जब प्लाटून बर्की गांव के उत्तर की तरफ बढ़ रही थी तो वह शत्रु की फील्ड, मीडियम तथा भारी तोपों की गोलाबारी में आ गई । अपने सेक्शन को शत्रु का मुकाबला करने का आदेश देकर लांस नायक गुरनाम सिंह रेंग कर शत्रु के बंकर तक गये तथा उसमें गोले फेंके । तब अपने एक साथी सहित उन्होंने बंकर पर आक्रमण कर उसके तीन सैनिकों को मार दिया तथा कुछ हथियार और गोलाबारूद अपने अधिकार में कर लिया ।

इस कार्यवाही में लांस नायक गुरनाम सिंह ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

170 1152846 लांस नायक जगमल सिंह,
आर्टीलरी

स्यालकोट क्षेत्र में तिलकपुर तथा मुहादीपुर पर कब्जा करने के समय लांस नायक जगमल सिंह अपने फार्वर्ड आब्जर्वेशन अफसर के साथ आप्रेटर की हैसियत से सेवा कर रहे थे । 19 सितम्बर 1965 को उन पर शत्रु के छोटे शस्त्रों तथा तोपखाने की गोलाबारी होने से उनका वायरलेस-सेट खराब हो गया । शत्रु की भारी गोलाबारी के बीच वे खुले मैदान से होकर दौड़े तथा अपने बैटरी कमान्डर से दूसरा सेट लेकर आये जिससे उनका फार्वर्ड आब्जर्वेशन अफसर शत्रु गन-स्थितियों पर आक्रमण कर उनके फायर को निष्क्रिय करने में सफल हुआ । कई अवसरों पर लांस नायक जगमल सिंह अपनी खाई से रेंगकर खुले मैदानों में गये तथा शत्रु टैंकों के फायर के सन्मुख टेलीफून-लाइनों को ठीक कर संचार-व्यवस्था को कायम रखा ।

इस कार्यवाही में लांस नायक जगमल सिंह ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

171 13657898 लांस नायक परमा नन्द दास,
ब्रिगेड आफ गार्डस

लांस नायक परमा नन्द दास इच्छोगिल नहर के पूर्वी किनारे पर एक राइफल सेक्शन की कमान कर रहे थे । 24 सितम्बर 1965 को युद्ध-विराम घोषणा के पश्चात् शत्रु ने नदी पार की तथा इस सेक्शन पर भारी गोलाबारी शुरू कर दी । लांस नायक दास ने दृढ़तापूर्वक गोलाबारी का मुकाबला किया तथा शत्रु को अधिक क्षति पहुंचाकर उसके आक्रमण को विफल कर दिया । शत्रु का दबाव बढ़ने से वे, सख्त घायल होने पर भी, सहायता के लिए फायर करते रहे, अपने एल० एम० जी० दस्ते को सुरक्षित पीछे पहुंचाया तथा हथ-गोले फेंककर खाली खाइयों पर कब्जा करने की शत्रु की चेष्टा को विफल कर दिया ।

इस संघर्ष में लांस नायक परमा नन्द दास ने साहस, दृढ़ निश्चय तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

172 3141748 लांस नायक राम फल,
जाट रेजीमेन्ट (मरणोंपरान्त)

6 सितम्बर 1965 को लाहौर सड़क के एक लक्ष्य पर आक्रमण के समय लांस नायक राम फल अग्रिम प्लाटूनों में एक प्लाटून के सेक्शन कमान्डर थे । जब अग्रिम कम्पनी शत्रु की भारी फायर के बीच आ गई तो लांस नायक राम फल ने अपने सैनिकों को आगे बढ़ने के लिये उत्साहित किया । उनसे प्रेरित होकर उनके सेक्शन ने शत्रु स्थिति पर पूर्ण शक्ति तथा दृढ़तापूर्वक आक्रमण कर दिया । इस उदाहरण का शेष प्लाटून ने अनुसरण किया तथा लक्ष्य पर अधिकार कर लिया गया । इस कार्यवाही में लांस नायक राम फल वीरगति को प्राप्त हुए ।

सम्पूर्ण कार्यवाही में लांस नायक राम फल ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

173 2443034 लांस नायक सरवन्त सिंह,
पंजाब रेजीमेन्ट

20 सितम्बर 1965 को लांस नायक सरवन्त सिंह की प्लाटून को मैनी-ढिल्लवाल की एक एम० एम० जी० चौकी पर अधिकार करने का आदेश हुआ । शत्रु के भारी फायर के मध्य लांस नायक सरवन्त सिंह ने एक छोटी प्लाटून का नेतृत्व किया तथा महत्वपूर्ण सूचनायें एकत्रित कीं । प्लाटून के आक्रमण के समय जब एक सैनिक मारा गया तो अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की चिन्ता किये बिना वे उस सिपाही के शव को पीछे ले आये ।

इस कार्यवाही में लांस नायक सरवन्त सिंह ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

174 3349124 लांस नायक सौदागर सिंह,
सिख रेजीमेन्ट (मरणोंपरान्त)

2-3 नवम्बर 1965 को लांस नायक सौदागर सिंह अपनी कम्पनी के उस प्लाटून के सेकिण्ड-इन-कमाण्ड थे जिसे जम्मू तथा कश्मीर के मेंढर क्षेत्र से युद्ध-विराम की अवहेलना कर घुस आये घुसपैठियों का सफाया करने का आदेश हुआ था । लड़ाई के समय

जब उनका सेक्शन कमान्डर मारा गया तब उन्होंने तुरन्त ही कमान संभाली तथा अपने सैनिकों को लक्ष्य पर अधिकार करने के लिये प्रेरित किया। जब मुठभेड़ लड़ाई आरम्भ हुई तो लांस नायक सौदागर सिंह अपनी दाहिनी जांघ पर घाव की परवाह न कर एक बंकर से दूसरे बंकर तक जाते रहे तथा शत्रु को भगाने की कोशिश करते रहे। इस लड़ाई में उन्हें शत्रु की एक एल० एम० जी० की गोलियां लगीं जो कि उनकी मृत्यु का कारण बन गईं।

इस कार्यवाही में लांस नायक सौदागर सिंह ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

175 3344915 लांस नायक शमशेर सिंह,
सिख रेजीमेन्ट

10-11 सितम्बर 1965 की रात्रि को लांस नायक शमशेर सिंह बर्की गांव में आक्रमण के समय एक अग्रिम प्लाटून के एक सेक्शन कमान्डर थे। वे दो बार शत्रु की गन स्थिति तक रेंगते हुए गये तथा दो लाइट मशीन गनों और एक मीडियम मशीन गन को गोले फेंककर शान्त कर दिया। उन्होंने अपनी स्टेन गन से तीन शत्रु सैनिकों को मार गिराया। वह एक कैदी और एक बी० एम० जी० को लेकर अपनी कम्पनी में वापस आ गये।

इस कार्यवाही में लांस नायक शमशेर सिंह ने साहस, सूझ-बूझ तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

176 3142629 लांस नायक शिव नारायण,
जाट रेजीमेन्ट (मरणोपरान्त)

10 सितम्बर 1965 को शत्रु ने लाहौर क्षेत्र में कुछ टैंकों के साथ जाट रेजीमेन्ट की एक बटालियन पर आक्रमण किया। लांस नायक शिव नारायण रिकवायललेस गनों में से एक को चला रहे थे तभी शत्रु के तीन टैंकों ने उन पर आक्रमण कर दिया। वे अपनी चौकी पर दृढ़तापूर्वक डटे रहे तथा दो शत्रु टैंकों को नष्ट किया और तीसरे को पीछे हटने पर बाध्य किया। परन्तु वे स्वयं भी इस लड़ाई में वीरगति को प्राप्त हुए।

इस कार्यवाही में लांस नायक शिव नारायण ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

177 5437104 लांस नायक टेकनसिंह गुरुंग,
गोरखा राइफल्स

लांस नायक टेकनसिंह गुरुंग प्लाटून सेक्शन के सेकिन्ड-इन-कमान्ड थे, उस कम्पनी के जो कि छोटी चौकी संभाले हुई थी। 17-18 अगस्त 1965 की रात्रि को शत्रु के एक भारी दस्ते ने उनकी चौकी पर आक्रमण किया। जब हमारी गोलाबारी शत्रु के आक्रमण को न रोक सकी तो लांस नायक गुरुंग ने एक गनर से एल० एम० जी० को छीना तथा अपनी सुरक्षा की चिन्ता किये बिना बंकर से बाहर आये और शत्रु पर जोरदार गोलाबारी कर उनको पीछे हटने पर बाध्य कर दिया। उन्होंने चार शत्रु सैनिकों को मारा तथा बहुतों को घायल किया।

इस संघर्ष में लांस नायक टेकनसिंह गुरुंग ने साहस तथा कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

178 2848057 पेड लांस नायक अब्दुल रहमान,
राजपूताना राइफल्स (मरणोपरान्त)

लांस नायक अब्दुल रहमान जम्मू तथा कश्मीर में एक चौकी पर अपने सेक्शन की एक लाइट मशीन गन के साथ तैनात थे। 29 अगस्त 1965 को जब शत्रु ने उस चौकी पर आक्रमण किया तो लांस नायक अब्दुल रहमान ने अपनी गन से जोरदार गोलाबारी की और जब उसमें कुछ खराबी पैदा हुई तब उन्होंने बड़ी सूझ-बूझ के साथ उसे जल्दी ही ठीक कर दिया। शत्रु के काफी समीप आने पर वे अपनी गन से फायर करते रहे तथा कई बार शत्रु के आक्रमण को निष्फल बनाया। उसके बाद शत्रु के तोपखाने का गोला लगने से वे वीरगति को प्राप्त हुए।

इस कार्यवाही में लांस नायक अब्दुल रहमान ने साहस तथा उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

179 5434815 पेड लांस नायक दिलबहादुर गुरुंग,
गोरखा राइफल्स (मरणोपरान्त)

6 सितम्बर 1965 को लांस नायक दिलबहादुर गुरुंग अखनूर-जौरियां सड़क पर आगे बढ़ रही एक कम्पनी के अग्रिम सेक्शन कमान्डर थे। उसी वक्त हमारी कम्पनी शत्रु के भारी तोपखाने तथा एम० एम० जी० फायर के बीच आ गई। लांस नायक गुरुंग ने अपने सेक्शन को मुड़ने तथा शत्रु की एम० एम० जी० चौकी पर धावा बोलने का आदेश दिया। ऐसा करते समय उनकी जांघ में गोली लगी। उस समय शत्रु के एक टैंक ने आगे बढ़ना चालू कर दिया था। लांस नायक गुरुंग, अपने घाव की परवाह न कर, राकेट लांचर दल के पास दौड़े, राकेट लांचर को छीना, तेजी से आगे बढ़े तथा टैंक पर फायर किया। यद्यपि उनका निशाना ठीक न लगा फिर भी उनके निशाने ने शत्रु का ध्यान दूसरी तरफ बदल दिया। शत्रु की मशीन गन की गोलियों ने उनके शरीर को छलनी कर दिया था, किन्तु शेष टुकड़ी वापस लौटने में सफल हुई।

इस कार्यवाही में लांस नायक दिलबहादुर गुरुंग ने साहस, दृढ़निश्चय तथा उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

180 5437633 अनपेड लांस नायक पन्थमबहादुर पुन,
गोरखा राइफल्स।

लांस नायक पन्थमबहादुर पुन एक कम्पनी की उस प्लाटून में थे जो 6 सितम्बर 1965 को अखनूर-जौरियां सड़क पर आगे बढ़ रही थी। उस कम्पनी को पीछे हटते हुए कुछ शत्रु सैनिकों का पीछा करने का आदेश हुआ था जिससे पुनः उनको अपने ठिकानों को स्थापित करने में बाधा उत्पन्न हो। लांस नायक पुन की प्लाटून ने बड़ी तेजी से शत्रु के कई ठिकानों का सफाया किया परन्तु उसी समय उनकी प्लाटून शत्रु के भारी तोपखाने, मार्टर तथा एम० एम० जी० फायर के बीच आ गई और उसे पीछे हटना पड़ा। पीछे हटते हुए लांस नायक पुन ने अपने प्लाटून हवलदार को घायल अवस्था में बेहोश पड़ा पाया। शत्रु के भारी फायर के बावजूद लांस नायक पुन रेंग कर हवलदार के पास गए तथा उसे अपनी पीठ पर उठा कर सुरक्षित स्थान पर ले आए।

इस कार्यवाही में लांस नायक पुन ने साहस तथा कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

181 2649683 ग्रेनेडियर अख्तर अली
ग्रेनेडियर्स ।

6 सितम्बर 1965 को ग्रेनेडियर अख्तर अली अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की चिन्ता किए बिना तथा शत्रु के भारी फायर के मध्य, एक रात में आठ बार खेमकरण क्षेत्र की एक संचार-व्यवस्था की देख-भाल के लिए गश्त लगाते रहे तथा इस प्रकार उन्होंने साहस और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

182 1198821 गनर (ओ डब्ल्यू ए) अलगर अर्जुनन,
आर्टिलरी (**मरणोपरान्त**) ।

8-9 सितम्बर 1965 का गनर अलगर अर्जुनन, अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की चिन्ता किए बिना और शत्रु की भारी गोलाबारी के बीच, खेमकरण क्षेत्र में उन्होंने संचार-व्यवस्था को कायम रखा । जब वे खराब हुई एक लाइन को ठीक करके अपनी जगह पर वापस आ रहे थे, तो शत्रु का गोला लगने से उनकी मृत्यु हो गई ।

सम्पूर्ण कार्यवाही में गनर अलगर अर्जुनन ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

183 9071806 सिपाही बचन सिंह,
जे एण्ड के मिलीशिया (**मरणोपरान्त**) ।

21-22 अगस्त 1965 की रात्रि को पाकिस्तानी सैनिकों ने जम्मू तथा कश्मीर क्षेत्र में हमारी छोटी चौकी पर मशीन गनों, ब्राउनिंग गनों, मार्टरों तथा राकेट लाचरों से आक्रमण किया, जिसके फलस्वरूप बेस से उनका सम्पर्क टूट गया । जब शत्रु हमारी चौकी के समीप पहुंचा, तो सिपाही बचन सिंह ने, जो कि चौकी को संभाले हुए थे, शत्रु पर हथ-गोले फेंके तथा उस वक्त तक शत्रु पर फायर करते रहे, जब तक कि उनके सिर में शत्रु की गोली लगने से उनकी मृत्यु न हो गई । उनकी इस कार्यवाही से शत्रु के आक्रमण को विफल करने में बड़ी सहायता मिली ।

इस कार्यवाही में सिपाही बचन सिंह ने साहस, सूझ-बूझ तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

184 3954638 सिपाही बलबीर सिंह चन्देल,
डोगरा रेजीमेन्ट ।

2-3 नवम्बर 1965 की रात को जम्मू तथा कश्मीर के सेक्टर क्षेत्र में युद्ध-विराम की अवहेलना कर बंकर में छिपे शत्रुओं ने बी एम जी से सिपाही बलबीर सिंह की प्लाटून पर भारी गोलाबारी की । अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की पूर्ण उपेक्षा कर सिपाही बलबीर सिंह रेंगकर बी एम जी बंकर तक गए तथा एक हथ-गोला फेंक कर उसे शान्त कर दिया । इस लड़ाई में वे घायल हो गए थे । अपने घावों की परवाह न कर वे बंकर के अन्दर कूदे तथा उनमें से एक गनर को संगीन से मार दिया ।

इस कार्यवाही में सिपाही बलबीर सिंह ने साहस, दृढ़ निश्चय तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

185 6431030 ड्राइवर बन्सीलाल,
ए एस सी ।

ड्राइवर बन्सीलाल सप्लाय रजीमेन्ट की एक बटालियन के साथ काम कर रही एक सैनिक टुकड़ी के म्यूल ड्राइवर थे । 6 सितम्बर 1965 को जब जम्मू तथा कश्मीर क्षेत्र की हमारी एक चौकी पर खच्चरों को लादा जा रहा था, तो शत्रु ने गोलाबारी आरम्भ कर दी । सभी खच्चर तैयार खड़े थे तथा ड्राइवर बन्सीलाल के अधीन सभी खच्चर सड़क पर नीचे की ओर भागते चले गए और नाले के उस पार ऐसे स्थान पर पहुंचे जहां पर शत्रु का अधिकार था । उन खच्चरों को लाने के लिए ड्राइवर बन्सीलाल के साथ एक मजबूत गश्ती दल भेजा गया । गश्ती दल ने अपनी स्थिति संभाली तथा शत्रु के साथ मुकाबला किया । ड्राइवर बन्सीलाल साहसपूर्वक रेंगते हुए आगे बढ़े और खच्चरों को पकड़कर नाले के इस पार अपनी ओर ले आए ।

इस कार्यवाही में ड्राइवर बन्सीलाल ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

186 2149476 सिपाही भाग सिंह,
पंजाब रेजीमेन्ट (**मरणोपरान्त**) ।

21 सितम्बर 1965 को सिपाही भाग सिंह की कम्पनी को जम्मू तथा कश्मीर क्षेत्र में शत्रु द्वारा अधिकृत एक लक्ष्य पर आक्रमण करने का आदेश हुआ । शत्रु का कड़ा प्रतिरोध होने पर तथा आमने-सामने की लड़ाई में सिपाही भाग सिंह ने अपनी गन से तीन शत्रु सैनिकों को मार गिराया । यद्यपि वे अपने बाएं बाजू से घायल हो गए थे, तथापि वे आगे बढ़ते ही गए और शत्रु के दो एल एम जी गनरों को घायल कर एक एल एम जी को छीन लिया । जब वे वापस आ रहे थे, तो शत्रु की गोली लगने के कारण उनकी मृत्यु हो गई ।

इस कार्यवाही में सिपाही भाग सिंह ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

187 5742431 राइफलमैन भक्त किशोर गुरुंग,
गोरखा राईफल्स (**मरणोपरान्त**) ।

4-5 सितम्बर 1965 को राइफलमैन भक्त किशोर गुरुंग जम्मू तथा कश्मीर में टाप सन्जोई नामक स्थान में एक खाई को संभाले हुए थे जिस पर शत्रु ने आक्रमण कर दिया था । राइफलमैन गुरुंग अपनी खाई में खड़े हुए तथा अपनी एल एम जी से ठीक तथा तेज़ फ़ायर कर शत्रु राकेट लाचर दल के कई सैनिकों को मार गिराया । जैसे ही वे और शत्रु सैनिकों की तलाश में थे कि शत्रु की एल एम जी की गोली उनके पेट में लगने से उनकी मृत्यु हो गई ।

इस कार्यवाही में राईफलमैन गुरुंग ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

188 6809411 सिपाही/ड्राइवर विजय कुमार नियोगी,
इन्फैन्ट्री (**मरणोपरान्त**) ।

22-23 सितम्बर 1965 की रात को पुंछ सेक्टर में हमारी दो बटालियनों को शत्रु की गोलाबारी के कारण भारी क्षति उठानी पड़ी । वहां से घायलों को निकालने के लिए एक एम्बुलेंस का संदेश मिलने पर, एम्बुलेंस जीप ड्राइवर/सिपाही विजय कुमार नियोगी को इस कार्य के लिए नियुक्त किया गया । उन्होंने दो चक्कर लगाए और तीसरी बार जब वे पुल पार करने ही वाले थे तो उनकी छाती में शत्रु की गोली लगने से वे बुरी तरह से घायल हो गए । इसके थोड़ी ही देर बाद जीप उनके नियन्त्रण से बाहर हो गई और एक गहरे खड्ड में गिर पड़ी और इस प्रकार उनकी मृत्यु हो गई ।

इस कार्यवाही में सिपाही/ड्राइवर नियोगी ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

189 9407535 राईफलमैन चन्द्रा बहादुर लिम्बू, गोरखा राइफल्स (मरणोपरान्त) ।

5 सितम्बर 1965 को गोरखा राईफल तथा कुमाऊं रेजीमेन्ट की एक मिली-जुली कम्पनी को जम्मू तथा कश्मीर के मेंघर क्षेत्र की एक पाकिस्तानी चौकी का सफाया करने का आदेश दिया गया। खड़ी चढ़ाई तथा सीमित क्षेत्र होने के कारण एक समय में केवल एक ही प्लाटून आगे बढ़ सकती थी। आगे बढ़नेवाली गोरखा राईफल की एक कम्पनी पर शत्रु ने एम एम जी से गोलीवर्षा कर दी तब राईफलमैन चन्द्रा बहादुर लिम्बू अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की पूर्ण उपेक्षा कर शत्रु की चौकी पर पहुंचे तथा अपने ग्रेनेड से शत्रु की गन को शान्त कर दिया। इस संघर्ष में उनके सिर पर शत्रु की गोली लगने से उनकी मृत्यु हो गई।

इस कार्यवाही में राईफलमैन चन्द्रा बहादुर लिम्बू ने साहस, दृढ़ निश्चय तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

190 2749427 सिपाही डागानिकम, मराठा लाइट इन्फैन्ट्री (मरणोपरान्त) ।

19-20 सितम्बर 1965 की रात को जब शत्रु ने हुसैनीवाला क्षेत्र में हमारी एक बटालियन पर आक्रमण किया, तब सिपाही डागा निकम ने शत्रु की गोलाबारी की परवाह न कर, दो सख्त घायल सिपाहियों को उठा कर पीछे ले आए और इस प्रकार उन्हें बचा लिया। शत्रुओं के वहां से भाग जाने पर सिपाही डागा निकम एक शत्रु टैंक के अन्दर गए तथा और वहां से गोलाबारूद, शस्त्र व महत्वपूर्ण कागजात निकाल कर ले आए। वे एक बार फिर शत्रु की सरक्षा-पंक्ति की सीमा में गये किन्तु वापस आते समय एक सुरंग में फंस जाने से वे मारे गए।

सम्पूर्ण कार्यवाही में सिपाही डागा निकम ने साहस, साधन-सम्पन्नता तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

191. 1028735 सवार दलीप सिंह, 17 हार्स ।

सितम्बर 1965 की संक्रियाओं के समय सवार दलीप सिंह अपने रिसालदार टैंक के गनर थे। पास ही से दो तरफ से होनेवाली शत्रु के भारी टैंक फायर और तोपखाने की गोलाबारी की परवाह न कर सवार दलीप सिंह अपने रिसालदार के साथ जलते हुए टैंक से चालकों को सुरक्षित स्थान पर निकाल कर ले आए। अपने टैंक पर वापस आते समय सवार दलीप सिंह शत्रु की फायर से बुरी तरह घायल हो गए। काफी खून बहने पर भी वे अपने टैंक पर सवार हुए और शत्रु के उस टैंक को नष्ट कर दिया, जो उन पर फायर कर रहा था। घावों के कारण जब तक कि वे गिर न गए, अपने टैंक की गन से फायर करते रहे।

इस कार्यवाही में सवार दलीप सिंह ने साहस, दृढ़निश्चय तथा कर्त्तव्यपराणता का परिचय दिया ।

192 1027874 सवार दया चन्द, केवेलरी ।

सावर दया चन्द एक टैंक के गनर थे। 10 सितम्बर 1965 को जब शत्रु ने खेमकरण क्षेत्र में आक्रमण किया तो सवार दया चन्द ने तीन शत्रु टैंकों तथा दो रिक्वायललेस गनों को नष्ट कर दिया। यद्यपि वे घायल हो गये थे तथापि उस वक्त तक शत्रु से लड़ते रहे जब तक कि शत्रु के आक्रमण को न रोक दिया गया।

इस संक्रिया में सवार दया चन्द ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

193 4535250 सिपाही गुलाब काटे, महार रेजीमेन्ट (मरणोपरान्त) ।

17-18 सितम्बर 1965 की रात को जम्मू तथा कश्मीर क्षेत्र की हमारी एक चौकी पर, जो महार रेजीमेंट कम्पनी के अधिकार में थी, शत्रु ने लगातार चार बार आक्रमण किया। हमारी उस मशीन-गन टुकड़ी का शत्रु ने पता लगाया जिसमें सिपाही गुलाब काटे थे। शत्रु ने ग्रेनेडों तथा राकेटों से हमारी एम एम जी पर बार-बार आक्रमण कर नष्ट करने का प्रयत्न किया। सिपाही काटे ने अपने एक साथी सैनिक से एम एम जी को दूसरी स्थिति पर ले जाने को कहा। जब वे अपनी गन की स्थिति बदलने में शत्रु के हस्तक्षेप को रोक रहे थे तो शत्रु के हथ-गोले से स्वयं भी घटनास्थल पर मारे गये। किन्तु उनकी इस कार्यवाही से गन को दूसरी जगह ले जाने में सफलता मिली।

इस संघर्ष में सिपाही गुलाब काटे ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

194 1026369 सवार हरभजन सिंह, हडसन्स हार्स ।

12 सितम्बर 1965 को फिलोरा की ओर बढ़ते हुए, सवार हरभजन सिंह, जो अपने कमान्डिंग अफसर के गनर के रूप में कार्य कर रहे थे, पश्चिमी पाकिस्तान में लिब्बे गांव की कुछ दूरी पर उन्होंने शत्रु टैंकों के एक समूह का पता लगाया। उन्होंने शीघ्र ही शत्रु के दो टैंकों से लड़ कर उन्हें नष्ट कर दिया। तब उन्होंने शीघ्र ही शत्रु पर प्रहार कर उनके एक और टैंक को ध्वस्त किया। जब उनके अपने टैंक पर आग लग गई तो उन्हें अपने कमान्डिंग अफसर के आदेशानुसार टैंक से बाहर आना पड़ा और पास ही गन्ने के एक खेत में शरण लेनी पड़ी जहां से उन्होंने शत्रु टैंकों पर लड़ाई जारी रखी। उन पर भी शत्रु की भारी को गोलाबारी होने लगी किन्तु वे अपने स्थान पर डटे रहे जब तक हमारी फौजें वहां पर न पहुंच गई ।

इस कार्यवाही मे सवार हरभजन सिंह ने साहस, कर्त्तव्यपरायणता तथा सूझ-बूझ का परिचय दिया ।

195 2450869 सिपाही हरजीत सिंह, पंजाब रेजीमेंट (मरणोपरान्त) ।

21 सितम्बर 1965 को हमारी एक बटालियन को उड़ी क्षेत्र की एक पहाड़ी पर अधिकार करने का आदेश दिया गया। हमारे सैनिकों ने उस पहाड़ी की तलहटी पर तो अधिकार कर लिया किन्तु उसके ऊपरी भाग पर शत्रु ने अपना प्रतिरोध जारी रखा। सिपाही हरजीत सिंह एक कम्पनी की अग्रिम सेक्शन में एल एम जी गनर थे जिसे उस पहाड़ी पर कब्जा करने का आदेश दिया गया था। जब हमारा सेक्शन कुछ आगे बढ़ा तो वह शत्रु के छोटे हथियारों की भारी गोलाबारी के बीच आ गया। सिपाही हरजीत सिंह अपनी एल एम जी के साथ रेंगते हुए आगे बढ़े और शत्रु ठिकाने के पास जा पहुंचे। यद्यपि उनपर शत्रु की एल० एम० जी० फायर का विस्फोट लगा

किन्तु फिर भी उन्होंने शत्रु की एल एम जी पर ठीक फायर किया तथा उसे शान्त कर दिया। उन्होंने फायर को जारी रखा जब तक घावों के कारण उनकी मृत्यु न हो गई। उनकी इस कार्यवाही ने उनकी प्लाटून को आगे बढ़ने तथा लक्ष्य पर अधिकार करने में सफल बनाया।

इस संघर्ष में सिपाही हरजीत सिंह ने साहस, दृढ़निश्चय तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

196 3957409 सिपाही जरनैल सिंह,

डोगरा रेजीमेन्ट (**मरणोपरान्त**)

8-9 सितम्बर 1965 की रात्रि को सिपाही जरनैल सिंह की बटालियन को हाजी पीर दर्रे के दक्षिण में शत्रु की एक सुरक्षित बस्ती पर अधिकार करने का आदेश हुआ। जब बटालियन लक्ष्य के समीप पहुंची तो शत्रु ने अपनी मीडियम मशीन गनों, लाइट मशीन गनों तथा मार्टरों से फायर किया। 9 सितम्बर 1965 को सिपाही जरनैल सिंह सीधे शत्रु के एम एम जी बंकर में गये। यद्यपि वे शत्रु के एम एम जी के विस्फोट से सख्त घायल हो गये थे तथापि वे आगे बढ़े और एक हथ-गोला फेंक कर बंकर को नष्ट कर दिया। लक्ष्य पर कब्जा होने के पश्चात् उन्हें बंकर के द्वार पर मृत पाया गया।

इस कार्यवाही में सिपाही जरनैल सिंह ने साहस, दृढ़ निश्चय तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

197 1031938 सवार जीत सिंह संसन्वाल,

2 लान्सर्स (**मरणोपरान्त**)

सवार जीत सिंह संसन्वाल एक टैंक के गनर थे। 13 सितम्बर 1965 को फिल्लोरा क्षेत्र में जब उनकी रजीमेन्ट पर शत्रु टैंकों की रजीमेन्ट तथा पैदल सेना ने आक्रमण किया तो टैंक चालक अपनी स्थिति को संभाले इससे पूर्व ही उनका टैंक शत्रु के घेरे में आ गया। सवार जीत सिंह संसन्वाल ने निडरतापूर्वक शत्रु टैंकों पर फायर को चालू रखा तथा उनमें से एक टैंक को नष्ट कर दिया। संघर्ष के दौरान उनके टैंक पर भी शत्रु का गोला लगा और घटनास्थल पर उनकी मृत्यु हो गई।

इस कार्यवाही में सवार संसन्वाल ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

198 4437693 सिपाही करम सिंह,

सिख लाइट इन्फेंन्ट्री

9 सितम्बर 1965 को जम्मू-स्यालकोट सड़क पर हमारी तीन आर सी एल गनों पर शत्रु टैंकों द्वारा भारी गोलाबारी हुई और अग्रिम टुकड़ी के कुछ सैनिक घायल हो गये। सिपाही करम सिंह जो दूसरी आर सी एल गन के गनर थे, शत्रु के फायर के बावजूद उन्होंने अपने चालक को आगे बढ़ने को कहा। उन्होंने शत्रु टैंक का पीछा कर उसे नष्ट कर दिया और इस प्रकार अपनी बटालियन को आगे बढ़ने में सफल बनाया।

इस कार्यवाही में सिपाही करम सिंह ने साहस, दृढ़निश्चय तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

199 5035150 राईफलमैन केहर सिंह आले,

गोरखा राईफल्स।

7-8 सितम्बर 1965 की रात्रि को बाजरा-गढ़ी पर हमारी बटालियन द्वारा हमला किये जाने पर शत्रु ने अपनी चौकी से हमारी अग्रिम सैन्य टुकड़ियों पर गोलाबारी कर काफी क्षति पहुंचाई। राइफलमैन केहर सिंह सरकते हुए शत्रु चौकी तक गये और उसे हथ-गोले फेंक कर नष्ट कर दिया तथा उसके दो रक्षकों को मार गिराया। इस प्रकार अग्रिम कम्पनी और अधिक क्षति उठाये बिना अपने लक्ष्य प्राप्ति में सफल हुई।

इस संघर्ष में राईफलमैन केहर सिंह आले ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

200 2554335 सिपाही के० नारायणन,

मदरास रेजीमेन्ट (**मरणोपरान्त**)

24 सितम्बर 1965 को सिपाही के० नारायणन की कम्पनी शत्रु की उस टुकड़ी पर आक्रमण कर रही थी जो युद्ध-विराम की अवहेलना कर इच्छोगिल नहर के पूर्वी किनारे पर घुस आई थी। जब शत्रु की गोलाबारी ने हमारी कम्पनी को आगे बढ़ने में अवरुद्ध कर दिया तो सिपाही नारायणन अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की चिन्ता बिना किये आगे बढ़े और शत्रु बंकरों पर हथ-गोले फेंक कर उनके रक्षकों को घटनास्थल पर ही मार गिराया। जब वे अपनी राईफल से पीछे हटते हुए कुछ शत्रु सैनिकों पर फायर कर रहे थे तो शत्रु का गोला लगने से उनकी मृत्यु हो गई।

इस कार्यवाही में सिपाही नारायणन ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

201 4043987 राईफलमैन महाबीर सिंह विष्ट,

गढ़वाल राईफल्स (**मरणोपरान्त**)

राईफलमैन महाबीर सिंह विष्ट अपनी बटालियन के उस अग्रिम सेक्शन में थे जो स्यालकोट क्षेत्र में एक स्थान की रक्षा कर रहा था। 17 सितम्बर 1965 को शत्रु ने वहां पर जबर्दस्त जवाबी हमला किया। जब शत्रु सैनिक उनकी चौकी के पास आ गये तब राईफलमैन विष्ट ने उन पर दो हथ गोले फेंके तथा अपनी संगीन से हमला किया। अचानक उसी समय उनके सिर पर एक गोली लगी जिसके कारण तत्काल ही उनकी मृत्यु हो गई।

इस कार्यवाही में राईफलमैन महाबीर सिंह विष्ट ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

202 4436377 सिपाही मलकियत सिंह,

सिख लाइट इन्फेंन्ट्री

7-8 सितम्बर 1965 की रात जम्मू तथा काश्मीर में कुन्दनपुर क्षेत्र की एक पाकिस्तानी चौकी पर जब हमारी सेना ने हमला किया उस समय सिपाही मलकियत सिंह कम्पनी का स्ट्रेचर ले जाने का काम कर रहे थे। शत्रु की एल एम जी द्वारा गोलाबारी होने पर वे अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की चिन्ता किये बगैर आगे बढ़े। उन्होंने शत्रु के एक गनर को मारा और गन पर अधिकार कर लिया। इससे उनकी कम्पनी को उस चौकी पर अधिकार करने में आसानी हो गई।

इस कार्यवाही में सिपाही मलकियत सिंह ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

203 2550254 सिपाही मल्लप्पन
मदरास रेजीमेन्ट (मरणोपरान्त)

7 सितम्बर 1965 को सिपाही मल्लप्पन की प्लाटून को बर्की क्षेत्र में बर्कीकलां पर एक कम्पनी के हमले के समय संरक्षण प्रदान करने वाली गोलाबारी करने का आदेश दिया गया । उनकी प्लाटून अपनी स्थिति संभाल भी न पाई थी कि शत्रु ने इतनी भारी गोलाबारी शुरू की कि हमारे सैनिकों को रेंगते हुए आगे बढ़ना पड़ा । उनकी प्लाटून के मशीन गन चालक तथा वे स्वयं भी इस कार्यवाही में अखमी हो गये । घावों से खून बहते हुए भी उन्होंने अकेले ही अपनी गन से गोली वर्षा जारी रखी । उनके इस शौर्य से आगे बढ़ती हुई हमारी कम्पनी को और आगे बढ़ने का मौका मिला किन्तु शत्रु का एक गोला लगने से सिपाही, मल्लप्पन की मृत्यु हो गई ।

इस संघर्ष में सिपाही मलप्पन ने साहस, दृढ़निश्चय तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

204 2750557 सिपाही मानाजी मोरे,
मराठा रेजीमेंन्ट

17 सितम्बर 1965 को सिपाही मानाजी मोरे मराठा रेजीमेन्ट की उस बटालियन के साथ काम कर रहे थे जिसे इच्छोगिल नहर के पटरी पुल को नष्ट करने का काम सौंपा गया । शत्रु पूरी ताकत से उस पुल की रक्षा करने पर अड़ा हुआ था । शत्रु की भारी गोलाबारी के कारण जब हमारी सेना का आगे बढ़ना रुक गया तब सिपाही मोरे अपनी कोई चिन्ता न करते हुए आगे बढ़े और उन्होंने दो हथ गोले शत्रु की चौकी पर मारे जिसके परिणाम स्वरूप शत्रु की एम०एम० गनों को शान्त कर दिया ।

इस कार्यवाही मे सिपाही मोरे ने साहस तथा कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया ।

205 13925473 सिपाही मणिकान्त पिल्लै,
आर्मी मेडिकल कोर

सिपाही मणिकान्त पिल्लै अम्बाला छावनी के सैनिक अस्पताल में रोगी की हालत में थे । 18 सितम्बर 1965 को शत्रु ने उस अस्पताल पर बमबारी की । अपने स्वास्थ्य की चिन्ता न करते हुए सिपाही पिल्लै ने रोगियों को सुरक्षित स्थानो पर पहुंचाने में सक्रिय काम किया । वे अकेले ही अपने कन्धों पर ऐसे दो रोगियों को उठा कर एम० आई० रूम ले गए जिनके घावों से खून बहता जा रहा था और रात भर उनको सहायता प्रदान करते रहे ।

सम्पूर्ण कार्यवाही मे सिपाही मणिकान्त पिल्लै ने साहस, सहयोग और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

206 2442210 सिपाही मोहिन्दर सिंह
पंजाब रेजीमेंट

14 सितम्बर 1965 को शत्रु की गोलाबारी से इच्छोगिल मैनी डिलवाल क्षेत्र मे हमारा एक टेंक नष्ट हो गया और उसका चालक बुरी तरह से घायल हो गया । शत्रु की भीषण गोलाबारी में सिपाही मोहिन्दर सिंह अपने घायल साथी को लाने के लिये आगे बढ़े । उसे वापस लाते हुए शत्रु की गोली उन पर लगी किन्तु अपनी चिन्ता न करते हुए सिपाही मोहिन्दर सिंह ने अपना काम पूरा किया तथा अपने घायल साथी की जान बचाई ।

इस कार्यवाही में सिपाही मोहिन्दर सिंह ने साहस का प्रदर्शन किया ।

207 6821543 सिपाही /ए ए नन्दनी प्रसाद पाण्डे,
आर्मी मेडिकल कोर (मरणोपरान्त)

9 सितम्बर 1965 को शत्रु की गोलाबारी तथा हवाई हमलों के बावजूद सिपाही /ए ए नन्दनी प्रसाद पाण्डे स्वेच्छा से युद्ध में हताहतों को निकाल लाने के लिए कसूर सेक्टर के अग्रिम क्षेत्र में पहुंचे । किन्तु उन्हें भी शत्रु का गोला लगा जिससे उनकी मृत्यु हो गई ।

इस कार्यवाही में सिपाही /ए ए नन्दनी प्रसाद पाण्डे ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिय ।

208 3147550 सिपाही नाथू राम,
जाट रेजीमेन्ट (मरणोपरान्त)

16 सितम्बर 1965 को हमारी ओर से टोह दल स्यालकोट क्षेत्र के बाबुगढ़ गांव में शत्रु के हथियारों का पता लगाने के लिये भेजा गया । जैसे ही यह दल गांव के पास पहुंचा, उस पर शत्रु ने भारी गोलीवर्षा शुरू कर दी । अपना काम पूरा करने पर दल के नेता ने पीछे हट जाने का निश्चय किया और सिपाही नाथू राम को संरक्षण में गोलीबारी करते रहने को कहा जिसका उन्होंने सफलतापूर्वक पालन किया । हमारा गश्ती दल सुरक्षित अपने स्थान पर आ गया किन्तु इस कार्यवाही में सिपाही नाथू राम को अपने प्राणों की बलि देनी पड़ी ।

इस संघर्ष में सिपाही नाथू राम ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता प्रदर्शित की ।

209 1027846 सवार नेक सिंह,
लेवेलरी

8 सितम्बर 1965 को सवार नेक सिंह ने साहस और दृढ़ निश्चय से शत्रु के दो टेंकों पर प्रहार किया और उन्हें लगातार व्यस्त रखा तथा अन्त में उन दोनों को नष्ट कर दिया । इस प्रकार उन्होंने एक ब्रिगेड हेडक्वार्टर को शत्रु के भारी हमले से बचाया ।

इस कार्यवाही में सवार नेक सिंह ने साहस और दृढ़निश्चय का परिचय दिया ।

210 6805181 सिपाही ड्राइवर (एम० टी०) एन० रामास्वामी,
आर्मी मेडिकल कोर

10 सितम्बर 1965 की रात को हमारा एक टेंक और एक एम्बुलेंस गाड़ी शत्रु की सुरंग से नष्ट हो गए जिसके कारण हमारा भारी नुकसान हुआ । अपनी सुरक्षा की चिन्ता न करते हुए सिपाही ड्राइवर रामास्वामी शत्रु के सुरंग क्षेत्र में गए और वहा से अपने घायल सैनिकों को ले आए ।

इस कार्यवाही में सिपाही ड्राइवर (एम० टी०) रामास्वामी ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता प्रदर्शित की ।

211 3948452 सिपाही प्रभ दयाल,
डोगरा रेजीमेंट

8 सितम्बर 1965 को शत्रु के टेंकों की भारी गोलाबारी के कारण स्यालकोट क्षेत्र में हमारे सैनिकों का आगे बढ़ना रुक गया ।

जब हमारी प्लाटून पुनर्गठित हो रही थी तब भी शत्रु ने गोलीवर्षा की। अपनी कोई चिन्ता न करते हुए सिपाही प्रभ दयाल ने शत्रु की एल० एम० जी० चौकी को अपनी स्टेनगन तथा हथगोलों से नष्ट कर दिया और शत्रु की दो राइफलों और एल० एम० जी० पर अधिकार कर लिया।

इस कार्यवाही में सिपाही प्रभ दयाल ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

212 2852161 राइफलमन प्रीतम सिंह,
राजपूताना राईफल्स

9 सितम्बर 1965 को शत्रु के टैंक खेमकरण क्षेत्र में असल उत्तर स्थान पर राइफलमैन प्रीतम सिंह की कम्पनी की रक्षा पंक्ति में घुस आए थे। वे अपनी जगह से टस से मस न हुये और जब एक टैंक उनकी मार के अन्दर आ गया तो उन्होंने उसे नष्ट कर दिया। शत्रु के आक्रमण को विफल करने में उनके साहसपूर्ण कार्य ने बहुत बड़ा योगदान दिया।

इस कार्यवाही में राइफलमन प्रीतम सिंह ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

213 4043841 राइफलमैन पुष्कर सिंह विष्ट,
गढ़वाल राइफल (**मरणोपरान्त**)

राइफलमैन पुष्कर सिंह विष्ट उस गश्ती दल के एक अग्रिम स्काउट थे जिसे जम्मू तथा कश्मीर क्षेत्र में डब्रोट नामक स्थान में आए पाकिस्तानी घुसपैठियों को पकड़ने का कार्य सौंपा गया था। 5 अगस्त 1965 को 2030 बजे के लगभग उनके गश्ती दल पर शत्रु की भारी गोलाबारी होने लगी। राइफलमैन विष्ट ने भी अपनी कोई चिन्त न करते हुये शत्रु पर हमला कर दिया जिसके पास अधिक और उन्नत शत्रु थे। उस लड़ाई में उन पर शत्रु की गोली लगी जिससे वे वीरगति को प्राप्त हुये थे। शत्रु भी उनके साहसपूर्ण कार्य से हैरान हो गया और घबड़ाहट में भाग खड़ा हुआ तथा अपने 6 मृत सैनिकों, दो एल एम जी, एक राइफल तथा काफी मात्रा में गोलाबारूद छोड़ गया।

इस संघ में राइफलमैन विष्ट ने साहस, दृढ़निश्चय तथा कर्त्तव्यपरायणता प्रदर्शित की।

214 2951382 सिपाही रती राम,
राजपूत रेजीमेन्ट (**मरणोपरान्त**)

सितम्बर 1965 के संघर्ष के समय सिपाही रती राम उस पेट्रोल पार्टी में थे जिसको शत्रु की एक एम एम जी चौकी का पता लगाने पर लगाया गया था जो बेड़ियां क्षेत्र में हमारी चौकियों पर गोलाबारी कर रही थी। जब हमारी पार्टी की प्रगति शत्रु की भारी गोलाबारी से रुक गई तब वे अपने एक सिपाही के साथ शत्रु की एम एम जी को नष्ट करने के लिये आगे बढ़े किन्तु उनका साथी शत्रु का गोला लगने से मारा गया। उनके पेट्रोल कमान्डर ने उस मृत सैनिक के शव को लाने का निश्चय किया। इस कार्य के लिये सिपाही रती राम शत्रु की भारी गोलाबारी में रेंगते हुए आगे बढ़े किन्तु उन पर भी शत्रु का गोला लगा और वे मारे गये।

इस लड़ाई में सिपाही रती राम ने साहस, तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

215 1029013 सवार सन्त सिंह,
दक्कन हार्स

सवार सन्त सिंह 8 से 10 सितम्बर 1965 तक चीमा में टैंकों के स्क्वाड्रन-चौकी पर प्वाइंट टैंक गनर थे। इस अवधि में उन्होंने शत्रु को लड़ाई में व्यस्त रखा और उसके चार टैंक नष्ट कर दिये।

इस संघर्ष में सवार सन्त सिंह ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

216 2853350 राइफलमैन शैतान सिंह,
राजपूताना राईफल्स

8 सितम्बर 1965 को खेमकरण क्षेत्र के असल उत्तर स्थान पर शत्रु के टैंक राइफलमन शैतान सिंह की कम्पनी की ओर बढ़ते हुये चले आए किन्तु वे अपनी जगह पर डटे रहे और जब शत्रु का एक टैंक उनकी मार में आ गया तब उन्होंने उसे नष्ट कर दिया। उनके इस बहादुरी के कार्य से शत्रु के आक्रमण को विफल करने में बड़ी सहायता मिली।

इस कार्यवाही में राइफलमैन शैतान सिंह ने साहस तथा दृढ़-निश्चय का परिचय दिया।

217 2446407 सिपही शंकर सिंह,
पंजाब रेजीमेंट (**मरणोपरान्त**)

6–7 सितम्बर 1965 की रात को शत्रु ने छम्ब सेक्टर के कालीधार क्षेत्र में भारी संख्या में हमला किया। सिपाही शंकर सिंह की कम्पनी पर लगातार 14 घंटे से शत्रु भारी गोलाबारी कर रहा था जिससे हमारे काफी सैनिक हताहत हुये। उन्होंने अपने एक घायल साथी से एल एम जी लेकर और नजदीक से आने वाले शोर को सुनकर समझा कि शत्रु अब काफी समीप आ गया है, वे अपनी एल एम जी के साथ उन पर टूट पड़े तथा भारी गोलाबारी के कारण शत्रु हतबुद्धि हो गया तथा उसे काफी नुकसान पहुंचा। इस आक्रमण के दौरान सिपाही शंकर सिंह घायल हो गये थे और बाद में घावों के कारण उनकी मृत्यु हो गई। उनकी वीरता तथा चतुराई से शत्रु का हमला विफल हो गया और पीछे दो मृतकों तथा एक एल एम जी को छोड़कर शत्रु भाग खड़ा हुआ।

इस लड़ाई में सिपाही शंकर सिंह ने साहस, दृढ़ निश्चय तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

218 1025983 सवार सुलखन सिंह,
14 हार्स

22 सितम्बर 1965 को सवार सुलखन सिंह बाघा क्षेत्र में एक स्क्वाड्रन कमांडर के टैंक के गनर थे। जब शत्रु ने डोगराई गांव पर भारी हमला किया तब सवार सुलखन सिंह ने उसके दो टैंक नष्ट कर दिए और इस प्रकार शत्रु के आक्रमण को विफल कर दिया।

इस कार्यवाही में सवार सुलखन सिंह ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

219 3350324 सिपाही नरसेम सिंह,
सिख रेजीमेंट,

24 अगस्त 1965 को सिख रेजीमेंट की एक कम्पनी को जम्मू तथा कश्मीर क्षेत्र में शत्रु की दो चौकियों पर अधिकार करने का आदेश दिया गया। सिपाही नरसेम सिंह के सेक्शन ने शत्रु की एक चौकी

चौकी पर तुरन्त ही हमला कर दिया । इस कार्यवाही में सिपाही तरसेम सिंह ग्रेनेड के टुकड़ों से दोनों टांगों से घायल हो गये । अपने घावों की चिन्ता न करते हुये वे शत्रु की भारी गोलाबारी में आगे बढ़ते ही गये और शत्रु के बंकर में एक हथ-गोला फेंककर उसे शान्त कर दिया ।

जब शत्रु की चौकी पर हमारा मुख्य आक्रमण आरम्भ हुआ तो वे फिर आगे बढ़े । इस दूसरे धावे में सिपाही तरसेम सिंह ने अकेले ही शत्रु के एक बंकर को नष्ट कर दिया । दोनों टांगों से काफी खून बहने पर भी उन्होंने तब तक पीछे जाना स्वीकार नहीं किया और अपनी एल एम जी से बराबर गोली चलाते रहे जब तक कि बहुत अधिक खून निकलने से वे बेहोश न हो गये ।

इस संघर्ष में सिपाही तरसेम सिंह ने साहस, वृढ़ निश्चय तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

220 2955812 सिपाही तेघ सिंह,
राजपूत रेजीमेंट **(मरणोपरांत)**

सितम्बर 1965 की संक्रियाओं के समय सिपाही तेघ सिंह की प्लाटून को बेड़ियां क्षेत्र में एक चौकी को शत्रु से खाली करने का कार्य-भार सौंपा गया था । प्लाटून ने कम्पनी कमांडर के नेतृत्व में लक्ष्य पर अधिकार कर लिया परन्तु कम्पनी कमान्डर शत्रु की गोली लगने से मारे गये । सिपाही तेघ सिंह ने वापस हटते हुये शत्रु सैनिकों का पीछा किया और हथ-गोले फेंककर उनको भारी क्षति पहुंचाई । परन्तु स्वयम् भी शत्रु की गोली लगने से वीरगति को प्राप्त हुये ।

सम्पूर्ण कार्यवाही में सिपाही तेघ सिंह ने साहस तथा कर्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया ।

221 1033240 सवार उघमी सिंह,
केवेलरी

22 सितम्बर 1965 को सवार उघमी सिंह का टैंक शत्रु के भारी तोपखाने की गोलाबारी में आ गया । सवार उघमी सिंह ने शत्रु के टैंकों को लड़ाई में व्यस्त रखा और शत्रु तोपखाने तथा छोटे हथियारों की गोलाबारी में अपने टैंक को चलाते रहे । अपने टैंक पर गोलियां लगने पर भी उन्होंने उसे नहीं छोड़ा और उसे एक ऐसे स्थान पर ले जाने में सफल हुये जहां से वह बाद में मिला ।

इस कार्यवाही में सवार उघमी सिंह ने साहस तथा कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

222 1147533 बारबर रामाधर ठाकुर,
आर्टिलरी

अखनूर तथा स्यालकोट क्षेत्रों में संक्रियाओं के समय गनिकों की कमी के कारण एक नान-कम्बेटेन्ट (ऐनरोल्ड) गैर-लड़ाकू भर्ती (किया हुआ) बारबर रामाधर ठाकुर ने अपनी जिम्मेदारी का कार्य करने के अतिरिक्त अपनी सैनिक टुकड़ी (गन-डिटैचमेंट) को सहायता देने का हठ किया । 22 सितम्बर 1965 को जब शत्रु ने मझोली तथा भारी तोपों से गोलाबारी शुरु कर दी तो उन्होंने अपनी तोपों में गोला भरने का कार्य किया । अविचलित, वे अपनी जगह पर डटे रहे और अपनी सैन्य टुकड़ी को जवाबी फायर करने तथा शत्रु तोपों को शान्त करने में उत्साहित करते रहे । इसी समय उन पर गोले का एक टुकड़ा लगा और उन्हें पीछे जाना पड़ा ।

सम्पूर्ण कार्यवाही में बारबर रामाधर ठाकुर ने साहस तथा कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

सं० 102–प्रेज/66—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों की उनकी असाधारण कर्त्तव्यपरायणता अथवा साहस के उपलक्ष्य में उनको वायुसेना मेडलों "एयर फोर्स मेडल" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

1 विंग कमांडर नरेश कुमार मिढा (3658),
जनरल ड्यूटीज (पायलट)

विंग कमांडर नरेश कुमार मिढा 1961 से जम्मू तथा कश्मीर क्षेत्र में सामरिक उड़ानें कर रहे थे । इससे पहले उन्होंने जम्मू तथा कश्मीर और नेफा में विमान द्वारा सामान गिराने और दुर्गम क्षेत्र में विमान उतारने का काम कुशलता से किया था । 1960 में कांगों में संयुक्त राष्ट्र अपातसेना के साथ काम करते हुये उन्होंने कई मुश्किल कार्य किए । 27 जून 1964 को जब वे उड़ान कर रहे थे तब उनके विमान के दाईं ओर जो बाहरी पहिया अलग हो गया । उन्होंने स्थिति को बड़ी होशियारी से संभाला और विमान को सुरक्षित नीचे उतार दिया । एक अन्य अवसर पर वे खराब मौसम के बावजूद लद्दाख के अग्रिम क्षेत्र से गम्भीर रूप से घायल एक पायलट को लाए थे ।

सम्पूर्ण कार्यवाहियों में विंग कमांडर मिढाने साहस कार्य कुशलता तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

2 स्क्वाड्रन लीडर विश्वानाथन कृष्णामूर्ति,
(4022), जनरल ड्यूटीज (पायलट)

स्क्वाड्रन लीडर विश्वनाथन कृष्णामूर्ति अक्तूबर 1962 से अप्रैल 1965 तक पूर्वी क्षेत्र में एक टोह स्क्वाड्रन की कमान कर रहे थे । इस अवधि में सभी कठिन कार्यों के समय स्क्वाड्रन लीडर कृष्णामूर्ति ने अपने सैनिकों का मार्ग निर्देशन किया और उनके प्रेरणा श्रोत रहे । कच्छ की लड़ाई के समय भी उन्होंने संक्रियाओं में अपने को अर्पित किया और अपने सारे कार्य सफलतापूर्वक निभाए ।

सम्पूर्ण कार्यवाहियों में स्क्वाड्रन लीडर कृष्णामूर्ति ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता प्रदर्शित की ।

3 स्क्वाड्रन लीडर जगदीश कुमार सेठ (4403),
जनरल ड्यूटीज (पायलट)

स्क्वाड्रन लीडर जगदीश कुमार सेठ 1960 से जम्मू तथा कश्मीर में हवाई परिवहन तथा सामरिक प्रशिक्षण कार्य में लगे हुये थे । अपनी सामरिक उड़ानों के अतिरिक्त उन्होंने नए-नए पायलटों को प्रशिक्षण दिया और उनकी कार्यक्षमता का स्तर बढ़ाया । उन्होंने अग्रिम क्षेत्रों मे कई बार सप्लाई का सामान गिराने तथा पहुंचाने के लिये उड़ानें कीं । 1962 में चीनी आक्रमण के समय अपनी सुरक्षा की चिन्ता न करते हुये उन्होंने एक क्षेत्र में सामरिक दृष्टि से आवश्यक कुमक पहुंचाई और कई बार टोह उड़ानें कीं ।

इन सब कार्यवाहियों मे स्क्वाड्रन लीडर सेठ ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

4 फ्लाइंग अफसर भूपेन्द्र प्रकाश (5791),
जनरल ड्यूटीज (पायलट) **(मरणोपरान्त)**

1962 में चीनी आक्रमण के समय फ्लाइंग अफसर भूपेन्द्र प्रकाश ने नेफा में दूरवर्ती हवाई पट्टियों तक सामरिक उड़ानें कीं

और विमान से सामान गिराने का काम किया। 10 फरवरी 1964 को फ्लाइंग अफसर प्रकाश मेचुके तक एक संचार उड़ान करने के लिए नियुक्त किये गये थे। वहां से वापस उड़ान करते हुये उन्हें खराब मौसम का सामना करना पड़ा और जब घने बादलों के बीच से वे निकलने का प्रयास कर रहे थे उसी समय एक दुर्घटना में उनका देहान्त हो गया। उन्होंने 630 उड़ानें की थीं और नेफा के दुर्गम क्षेत्रों में 580 बार विमान उतारे थे।

इन सब कार्यवाहियों में फ्लाइंग अफसर भूपेन्द्र प्रकाश ने व्यवसायिक कुशलता, साहस और कर्त्तव्यपरायणता प्रदर्शित की।

5 फ्लाइंग अफसर कृष्ण विश्वनाथ राजगोपाल (6025), जनरल ड्यूटीज (पायलट)

फ्लाइंग अफसर कृष्ण विश्वनाथ राजगोपाल मार्च 1962 से आसाम में विमान वाहित कार्यवाही में लगे एक परिवहन स्क्वाड्रन में काम कर रहे हैं। उन्होंने नेफा तथा अन्य क्षेत्रों में एक हजार से अधिक सामरिक उड़ानें कीं। खराब मौसम में भी दुर्गम क्षेत्रों में सामरिक उड़ानें कर उन्होंने थलसेना की महत्वपूर्ण सामरिक आवश्यकताओं की पूर्ति की।

इन सब कार्यवाहियों में फ्लाइंग अफसर राजगोपाल ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता प्रदर्शित की।

6 फ्लाइंग अफसर जतीन्द्र मोहन सिंह (6027), जनरल ड्यूटीज (पायलट)

फ्लाइंग अफसर जतीन्द्र मोहन सिंह आसाम में विमान वाहित कार्यवाही में वयस्त एक परिवहन स्क्वाड्रन के साथ काम कर रहे हैं। पिछले चार सालों में नेफा तथा नागालैंड के कई अग्रिम क्षेत्रों में उन्होंने कई कठिन व दुर्गम स्थानों में जहाज उतारा और कई जगह सामान गिराया। कई बार उन्होंने स्वेच्छा से ऐसे दुर्गम क्षेत्रों की उड़ानें भरी जहां जल्दी-जल्दी में थलसेना की चौकियां स्थापित की गई थीं और खराब मौसम तथा खराब हालत में भी आपातकालीन उड़ानें कीं और विमान से सामान गिराया। उन्होंने 1700 घण्टे की सामरिक उड़ानों के सहित 2200 घण्टे से भी अधिक की उड़ानें की हैं।

इन सब कार्यवाहियों में फ्लाइंग अफसर जतीन्द्र मोहन सिंह ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता प्रदर्शित की।

7 फ्लाइंग अफसर वेद प्रकाश काला (6340), जनरल ड्यूटीज (पायलट)

फ्लाइंग अफसर वेद प्रकाश काला दिसम्बर 1961 से पूर्वी क्षेत्र में ट्रान्सपोर्ट सपोर्ट उड़ानों में लगे हुये हैं। 1963 के शुरु में उन्हें जोशीमठ तथा बद्रीनाथ क्षेत्रों के पहाड़ी प्रदेशों में ऐसे स्थानों क ढूंढने के लिये टोह उड़ानें करने का काम सौंपा गया था जहां विमानों से सामान उतारा जा सके। उन्होंने यह काम सफलतापूर्वक सम्पन्न किया। कठिन तथा खतरनाक उड़ानों के लिये उन्होंने स्वयं अपनी सेवाएं अर्पित कीं। वे खराब से खराब मौसम में 130 घन्टे प्रति महीना से भी अधिक समय की उड़ानें करते रहे। बरसात के मौसम में भी उन्होंने यह काम बड़ी अच्छी प्रकार निभाया।

इन सब कार्यवाहियों में फ्लाइंग अफसर काला ने व्यावसायिक कुशलता, साहस और कर्त्तव्यपरायणता प्रदर्शित की।

8 फ्लाइंग अफसर रणवीर सिंह (6500), जनरल ड्यूटीज (पायलट)

फ्लाइंग अफसर रणवीर सिंह नेफा तथा नागालैंड में उड़ानें करते रहे हैं और दुर्गम क्षेत्रों की अग्रिम हवाई पट्टियों में कई बार जहाज उतार चुके हैं। नेफा क्षेत्र की अच्छी जानकारी होने तथा उड़ान की कुशलता के कारण उन्हें नागालैंण्ड के सम्बन्ध में शान्ति-वार्ता में शामिल होने वाले शान्ति-दल के सदस्यों को लाने तथा ले जाने के काम के लिये विशेष रूप से छांटा गया था।

इन सब कार्यवाहियों में फ्लाइंग अफसर रणवीर सिंह ने व्यवसायिक कुशलता, साहस और कर्त्तव्यपरायणता प्रदर्शित की।

9 फ्लाइंग अफसर सदानन्द रामचन्द्र पेडगांवकर (6524), जनरल ड्यूटीज (पायलट)

फ्लाइंग अफसर सदानन्द रामचन्द्र पेडगांवकर मई 1962 से नेफा तथा नागालैंण्ड में विमान-वाहित कार्यवाही में वयस्त एक ट्रान्सपोर्ट स्क्वाड्रन के साथ काम करते रहे हैं। तीन सालों में उन्होंने 2000 से अधिक घन्टों की उड़ान की जिसमें से लगभग 1500 घन्टों की उड़ान सामरिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिये हुई। कई अग्रिम हवाई पट्टियों तथा सामान उतारने वाले स्थानों में उन्होंने सफलतापूर्वक अपना कार्य किया। कई बार तो आवश्यकता के अनुसार उन्होंने एक दिन में 6 से 7 उड़ानें तक कीं। 1962 में चीनी आक्रमण के समय उन्होंने एक महीने में 130 से अधिक घन्टों की उड़ानें की थीं।

इन सब कार्यवाहियों में फ्लाइंग अफसर पेडगांवकर ने साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

10 13239 मास्टर सिगनलर शैलेन्द्र मोहन राय, सिगनलर एयर

मास्टर सिगनलर शैलेन्द्र मोहन राय 1956 से जम्मू तथा कश्मीर और नेफा में सिगनलर के रूप में उड़ानें करते रहे हैं। उन्होंने 1800 से भी अधिक घन्टों की सामरिक उड़ानें कीं। सदा ही अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की चिन्ता न करते हुये उन्होंने कठिन से कठिन कार्यों के लिये अपनी सेवाएं स्वयं अर्पित की। लड़ाई के दिनों में वे पूरे दिन अपने कार्य की सफलता के लिये विमान के सिगनल उपकरणों की बराबर ही देख-रेख करते रहते थे। अपने साथियों की व्यावसायिक योग्यता बढ़ाने तथा अपने स्क्वाड्रन की संचार-व्यवस्था का स्तर उन्नत करने में उन्होंने बड़ा भारी योगदान दिया है।

इन सब कार्यवाहियों में मास्टर सिगनलर राय ने व्यावसायिक कुशलता, साहस और कर्त्तव्यपरायणता प्रदर्शित की।

सं० 103-प्रेज/66—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा प्रदर्शित उच्च कोटि की विशेष सेवाओं के उपलक्ष्य में उनको विशिष्ट सेवा मेडल तृतीय श्रेणी' प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं:—

लेफ्टीनेन्ट कर्नल अजीत कुमार रे (एम आर-551), आर्मी मेडिकल कोर

लेफ्टीनेन्ट कर्नल बलवन्त राघवेन्द्र बालीगा (एम० आर०—360), आर्मी मेडिकल कोर

लेफ्टीनेन्ट कर्नल धरमेन्द्र स्वरूप रस्तोगी (एम० आर०—508 आर्मी मेडिकल कोर

लेफ्टीनेन्ट कर्नल त्रिष्टी सिंह चौधरी (आई० सी०—6081), इलेक्ट्रिकल एण्ड मेकेनिकल इन्जीनियरिंग

लेफ्टीनेन्ट कर्नल गुरमोहन सिंह (आई० सी०–571), आर्मी सर्विस कोर

लेफ्टीनेन्ट कर्नल हरभजन सिंह बंगा (आई० सी०–4183), इलेक्ट्रिकल एण्ड मेकेनिकल इन्जीनियरिंग

लेफ्टीनेन्ट कर्नल (मिस) मरजोरी कैथलीन ऐनी शा (एन० जेड-25485), आर्मी मेडिकल कोर

लेफ्टीनेन्ट कर्नल मृणाल कान्ती नाग (एम० आर०–436), आर्मी मेडिकल कोर

लेफ्टीनेन्ट कर्नल नरिन्दर किशन खन्ना (आई० सी०–2455), आर्मी सर्विस कोर ।

लेफ्टीनेन्ट कर्नल प्राण नाथ (आई० सी०–1189), कुमाऊं रेजीमेन्ट ।

लेफ्टीनेन्ट कर्नल शिवदेव सिंह (आई० सी०–1985), आर्टिलरी रेजीमेंट

लेफ्टीनेन्ट कर्नल सुप्रकाश गंगूली (आई० सी०–2762), आर्मी आर्डनेन्स कोर

मेजर ए० पी० भारद्वाज (आई० सी०–3966), ब्रिगेड आफ गार्डस्

मेजर अवधेश कुमार तिवारी (आई० सी०–7182), इलेक्ट्रिकल एण्ड मेकेनिकल इन्जीनियरिंग

मेजर (मिस) एलिजाबेथ कुरुणूथुलम चक्को (एन एस 12024) मिलिट्री नर्सिंग सर्विस

मेजर (मिस) एनिओमित्ला ब्लाह (एन–17439, मिलीट्री नर्सिंग सर्विस

मेजर एल० जे० कश्यप (एम० आर० –1398), आर्मी मेडिकल कोर,

मेजर मदन मोहन बपना (आई० सी०–6845) आर्टिलरी रेजीमेन्ट

मेजर ओम प्रकाश सेठी (आई० सी०–2405), आर्मी आर्डनेन्स कोर ।

मेजर सन्तोष चन्दर अबरोल (एम० आर०–1010), आर्मी मेडिकल कोर ।

ए/मेजर (मिस) ग्लेना अलवर्टिना फरनेन्डिज (एन० एस०–12075), मिलीट्री नर्सिंग सर्विस ।

ए/मेजर (मिस) इन्दुमती शंकर राव हिवाले (एन० एस० –12114), मिलिट्री नर्सिंग सर्विस

ए/मेजर (मिस) थेलमा बर्डगेट स्टोडर्ड (एन० एस०–12180), मिलिट्री नर्सिंग सर्विस ।

कप्तान (श्रीमती) अमरजीत कौर (एम० एस०–7085), आर्मी मेडिकल कोर ।

कप्तान बाल कृष्ण कालरा (आई० सी०–8605), आर्मी आर्डनेन्स कोर ।

कप्तान (मिस) कमल जगन नाथ बन्दरे (एन० एस०–12353), मिलीट्री नर्सिंग सर्विस

कप्तान प्रहलाद कुमार सेठी (एम० एस०–6857), आर्मी मेडिकल कोर ।

कप्तान रघुनाथ देशीकाचार (एम०–30327), आर्मी मेडिकल कोर ।

कप्तान उजागर सिंह (आई० सी०–7913), आर्मी आर्डनेन्स कोर ।

कप्तान देबिदा बन्दोपाध्याय (एम० आर०–1117), आर्मी मेडिकल कोर

लेफ्टीनेन्ट (मिस) सन्तोष नन्दा (एन० एस०–13240), मिलीट्री, नर्सिंग सर्विस ।

सेकिन्ड लेफ्टीनेन्ट कश्मीर सिंह रन्धावा (ई० सी०–54616), आर्मी आर्डनेन्स कोर ओ न० 41562 बड सी० पी० ओ० बुर सिंह 6866141 नायक पूरन सिंह रन्धावा, आर्मी आर्डनेन्स कोर

श्री (कप्तान) हेम बहादुर लिम्बू, असिस्टेन्ट कमान्डेन्ट, आसाम राइफल्स

श्री रत्न बहादुर छेत्री, असिस्टेन्ट कमान्डेन्ट, आसाम राइफल्स

श्री दुर्गा बहादुर राई, असिस्टेन्ट कमान्डेन्ट आसाम राईफल्स

नागेन्द्र सिंह, राष्ट्रपति के सचिव

वाणिज्य मन्त्रालय

संकल्प

नई दिल्ली, दिनांक 28 दिसम्बर 1966

सं० 6(27)-टेक्स० (डी०)/66—भूतपूर्व वाणिज्य तथा उद्योग मन्त्रालय के संकल्प संख्या 5(5)-टेक्स (डी०)/62, दिनांक 4 दिसम्बर 1962 के अन्तर्गत स्थापित की गयी जूट के माल की निर्यात संविदाओं के पंजीकरण सम्बन्धी समिति को पुनर्गठित करने का निर्णय किया गया है । समिति में निम्नलिखित व्यक्ति होंगे :—

1. जूट आयुक्त, कलकत्ता	अध्यक्ष
2. सीमा-शुल्क के कलेक्टर या उनका नामित व्यक्ति ।	सदस्य
3. व्यवस्थापक, रिजर्व बैंक आफ इण्डिया, या उनका नामित व्यक्ति ।	सदस्य
4. जूट उप-आयुक्त, कलकत्ता	सदस्य सचिव

ए० वी० वेंकटेश्वरन्, संयुक्त सचिव

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकारिता मंत्रालय

(कृषि विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक दिसम्बर 1966

सं० 26-26/65-एफ०-डी०—भारत सरकार ने अपने प्रस्ताव संख्या 5-21/59-एफ०-2 दिनांक 22-11-60 जो कि समय-समय पर संशोधित हुआ है, के अनुच्छेद 4 में उल्लिखित दिल्ली चिड़ियाघर की परिषद् का, तत्काल निम्नप्रकार से पुनर्गठन करने का निश्चय किया है :—

1. अध्यक्ष .	खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकारिता मंत्री
2. अनु अध्यक्ष	उप-मंत्री, कृषि विभाग
3. उपाध्यक्ष .	सचिव, कृषि विभाग

4.	सरकारी सदस्य	वन महानिरीक्षक
5.	,, ,,	मुख्य इंजीनियर, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग
6.	,, ,,	आयुक्त, दिल्ली नगर-निगम
7.	,, ,,	निदेशक, दिल्ली चिड़ियाघर
8.	गैर-सरकारी सदस्य	संसद् सदस्य, लोक सभा
9.	,, ,,	,, ,,
10.	,, ,,	संसद् सदस्य, राज्य सभा
11.	,, ,,	विशिष्ट नागरिक पदार्थ शास्त्रज्ञ
12	,, ,,	,, ,,
13.	,, ,,	,, ,,
14.	,, ,,	,, ,,
15.	सदस्य-सचिव	उप-सचिव (वन) कृषि विभाग

हरि सिंह, वन महानिरीक्षक एवं पदेन संयुक्त सचिव

(सहकारिता विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 29 दिसम्बर 1966

सं० 5-67/66-यू० टी०बी० एण्ड सी०—सरकार ने 16 नवम्बर, 1966 के संकल्प संख्या 5-67/66-यू० टी० बी० एण्ड सी० में 13 सदस्यों की एक सलाहकार समिति सहकारी विकास से सम्बन्धित नीतियों के निर्माण तथा कार्यान्वयन के बारे में सलाह देने के लिए नियुक्त की थी। निम्न सदस्यों के नाम भी समिति में शामिल करने का निर्णय किया गया है।

14. श्री पी० वंकटसुब्बैया, संसद् सदस्य
15. श्री दिगम्बर सिंह चौधरी, संसद् सदस्य
16. श्री गुलाब राव आर० पाटिल, संसद् सदस्य

आदेश

आदेश है कि इस संकल्प की प्रति सभी सम्बन्धितों को भेजी जाए।

यह भी आदेश है कि इस संकल्प को आम जानकारी के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

एस० चक्रवर्ती, सचिव

शिक्षा मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 8 दिसम्बर 1966

सं० एफ० 8-1/66-पी० ई० 4—शिक्षा मंत्रालय की सम संख्यक अधिसूचना दिनांक 11-10-1966 के क्रम में

श्री एस० आर० रोहडीकर,
संयुक्त जन शिक्षा निदेशक,
शिक्षा विभाग, मैसूर सरकार
बंगलौर।
को

श्री बी० बी० देसाई के स्थान पर, इसी समय से तथा 27 अगस्त, 1968 तक शारीरिक शिक्षा और मनोरंजन के केन्द्रीय सलाहकार बोर्ड के एक सदस्य के रूप में नामजद किया जाता है।

कुमारी बी० किचलू, उप-शिक्षा सलाहकार

नई दिल्ली, दिनांक 22 दिसम्बर 1966

संकल्प

विषय:—राष्ट्रीय महिला शिक्षा परिषद्

सं० एफ० 15-20/65-बी० एम० ई० 4—भारत सरकार के 16 जुलाई 1966 के संकल्प सं० एफ० 15-20/65-बी० एस० ई० 4 द्वारा अंशत: संशोधित संकल्प संख्या एफ० 41-10/59 बी० 3, दिनांक 6 जुलाई, 1959 का अनुसरण करते हुए, शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय महिला शिक्षा परिषद् का निम्न प्रकार से पुनर्गठन किया है :—

1. अध्यक्ष	कुमारी एस० पनन्दीकर 8, गार्डन हाउस, फर्स्ट रोड, खार, बम्बई।

राज्य सरकारों द्वारा नामजद व्यक्ति

2. आन्ध्र प्रदेश	श्रीमती सी० अम्माण्णा राजा, संसद् सदस्य, अध्यक्ष, राज्य महिला शिक्षा परिषद्, मकान नं० 3-6-733 हिमायत नगर हैदराबाद-29 आंध्र प्रदेश।
3. असम	श्री पुष्पलता दास, अध्यक्ष, राज्य महिला शिक्षा परिषद् असम, शिलांग।
4. बिहार	श्री एस० एम० सिन्हा, शिक्षा मंत्री, बिहार सरकार, अध्यक्ष, राज्य महिला शिक्षा परिषद्, पटना, बिहार।
5 गुजरात	कुमारी गुल बाम, शिक्षा उप-निदेशक, गुजरात सरकार, अहमदाबाद (गुजरात)।
6. जम्मू तथा कश्मीर	बेगम एम० कुरेशी, महिला शिक्षा की उप-निदेशक और सचिव, राज्य महिला शिक्षा परिषद् श्रीनगर (कश्मीर)।
7. केरल	श्री एन० ई० एस० राघवचारी, केरल गवर्नर के सलाहकार, और अध्यक्ष, राज्य महिला शिक्षा परिषद् त्रिवेन्द्रम (केरल)।
8. मद्रास	श्रीमती सरोजिनी वरदाप्पन, सदस्य, राज्य महिला शिक्षा परिषद्, मद्रास।

9. मध्य प्रदेश	श्रीमती विमला शर्मा, अध्यक्ष, राज्य महिला शिक्षण परिषद, 5, सिविल लाइन्स, भोपाल (मध्य प्रदेश)।
10. महाराष्ट्र	श्री यमुताई किर्लोस्कर, अध्यक्ष, राज्य महिला शिक्षा बोर्ड, सेन्ट्रल बिल्डिंग, पूना (महाराष्ट्र)।
11. मैसूर	नामजद किया जाना है।
12. नागालैण्ड	कुमारी अचिला पीटर, सहायक अध्यापिका, गवर्नमेंट हाई स्कूल, कोहिमा।
13 उड़ीसा	श्रीमती सरस्वती प्रधान, उपशिक्षा मंत्री, उपाध्यक्ष, राज्य शिक्षा महिला परिषद्, उड़ीसा, भुवनेश्वर (उड़ीसा)।
14. पंजाब	श्रीमती जी० परमपाल सिंह, उप-निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, सदस्य, राज्य महिला शिक्षा परिषद्, चंडीगढ़ (पंजाब)।
15. राजस्थान	श्रीमती प्रभा मिश्र, उप-शिक्षा मंत्री, जयपुर (राजस्थान)।
16. उत्तर प्रदेश	बेगम अली जहीर, अध्यक्ष लड़कियों तथा महिलाओ की शिक्षा संबंधी राज्य सलाहकार परिषद् 9, क्लाइड रोड, लखनऊ (उत्तर प्रदेश)।
17. प० बंगाल	शिक्षा मंत्री, पश्चिम बंगाल सरकार, अध्यक्ष, राज्य महिला शिक्षा परिषद् कलकत्ता (पश्चिमी बंगाल)।

प्रत्येक संघीय क्षेत्र की राज्य महिला शिक्षा परिषद् के अध्यक्ष

18. दिल्ली	कुमारी शान्ता वशिष्ट, संसद् सदस्य, अध्यक्ष, राज्य महिला शिक्षा परिषद् 97, नार्थ एवेन्यू, नई दिल्ली।
19. हिमाचल प्रदेश	डा० वाई० एस० परमार, शिक्षा मंत्री तथा राज्य महिला शिक्षा परिषद् के अध्यक्ष, केनेडी हाउस, शिमला-4 (हिमाचल प्रदेश)।
20. मणिपुर	श्रीमती आर० के० मुखर देवी, एम० एल० ए०, अध्यक्ष, राज्य महिला शिक्षा परिषद् इम्फाल (मणिपुर)।
21. पांडिचेरी	श्रीमती लीला इन्द्रसेन, अध्यक्ष, राज्य समाज कल्याण सलाहकार बोर्ड, पांडिचेरी।
22. त्रिपुरा	श्रीमती सुनील मुखर्जी, अध्यक्ष, राज्य महिला शिक्षा परिषद् द्वारा श्री एम० सी० मुखर्जी, मुख्य आयुक्त, अगरतला, त्रिपुरा।

लोक-सभा के दो सदस्य

23.	(1) श्रीमती रेणु चक्रवर्ती संसद् सदस्य, 21, गुरुद्वारा रकाबगंज रोड, नई दिल्ली।
24.	(2) श्रीमती टी० लक्ष्मी कान्तम्मा, संसद् सदस्य, 82, नार्थ एवेन्यू, नई दिल्ली।

राज्य-सभा का एक सदस्य

25.	श्रीमती श्याम कुमारी खान, संसद् सदस्य, 4, वेस्टर्न कोर्ट, नई दिल्ली।

शिक्षा मंत्रालय के चार गैर-सरकारी सदस्य

26.	श्रीमती रतन शास्त्री, वनस्थली विद्यापीठ, पो० वनस्थली (राजस्थान)।
27	श्रीमती यशोधरा दासप्पा, 23, लेंगफार्ड गार्डन, बंगलौर-25।
28.	डा० मोहन सिंह मेहता, विद्या भवन सोसायटी उदयपुर (राजस्थान)।

29.	डा० (श्रीमती) प्रेमलीला वी० ठक्करसे, उपकुलपति, एस० एन० डी० टी० महिला विश्व-विद्यालय, 1 नाथीबाई ठक्करसे रोड, बम्बई-1 ।
30. सचिव	श्री वेद प्रकाश, उपशिक्षा सलाहकार, स्कूल शिक्षा ब्यूरो, शिक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि संकल्प की एक-एक प्रति भारत सरकार के सभी मंत्रालयों, सभी राज्य सरकारों, आयोजना आयोग, मंत्रि-मण्डल सचिवालय, लोक सभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय, संसदीय कार्य विभाग (6 अतिरिक्त प्रतियों के साथ) को भेज दी जाएं ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि सर्वसाधारण के सूचनार्थ संकल्प को भारत के राजपत्र में प्रकाशित कर दिया जाए ।

एम० डी० सुन्दर वडिवेलू, संयुक्त शिक्षा सलाहकार

समाज कल्याण विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 24 दिसम्बर 1966

सं० एफ० 1-100/65-एस० डब्ल्यू०-3—दिनांक 30 अगस्त, 1966 की इसी संख्या की समाज कल्याण विभाग की अधिसूचना द्वारा केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड की कालावधि 31 दिसम्बर, 1966 तक बढ़ाई गई थी । बोर्ड की कालावधि 31 मार्च, 1967 तक बढ़ाने की भारत सरकार सहर्ष घोषणा करती है ।

वेद प्रकाश अग्निहोत्री, उप-सचिव

सिंचाई व बिजली मन्त्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 24 दिसम्बर 1966

संकल्प

सं० 7/7/66-फबप—फरक्का बराज नियंत्रण बोर्ड की तकनीकी सलाहकार समिति के संस्थापन से संबद्ध इस मंत्रालय के संकल्प सं० 7/7/61-गं० बे०, दिनांक 29-6-61 में, जिसका संशोधन संकल्प सं० 7/7/61-गं० बे०, दिनांक 22-7-61, सं० 7-7-61-गं० बे०/फ० ब० प०, दिनांक 31-5-62, सं० 7/7/61-गं० बे०, दिनांक 15-11-62, सं० 7/7/61-गं० बे०/फ० ब० प० दिनांक 7-11-63, और सं० 7/7/61-गं० बे०/फ० ब० प० दिनांक 25-5-65 द्वारा किया गया है, निम्नलिखित संशोधन किया जाए:—

पैरा 2(1) के प्रति वर्तमान इंदराज

"श्री ए० सी० मित्रा, मुख्य अभियंता, सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार—अध्यक्ष

को

"श्री ए० सी० मित्रा, तकनीकी सलाहकार, सिंचाई आयोग, उत्तर प्रदेश सरकार—अध्यक्ष"

से बदल दिया जाय ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को राज्य सरकारों, भारत सरकार के मन्त्रालयों, भारत के नियंत्रक तथा महा परीक्षक, प्रधान मंत्री सचिवालय, राष्ट्रपति के सचिव, योजना आयोग के पास उनकी सूचनार्थ भेजा जाए ।

यह आदेश भी दिया जाता है कि इस संकल्प को भारत के राजपत्र, में प्रकाशित कर दिया जाए और पश्चिम बंगाल सरकार से प्राथना की जाए कि वे भी इसको आम सूचना के लिये राज्य के राजपत्र में प्रकाशित कर दें ।

बालेश्वर नाथ, संयुक्त सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 27 दिसम्बर 1966

संकल्प

सं० ई० एल० 2-(3)(1)/64—सिंचाई व बिजली मन्त्रालय ने संकल्प सं० ई० एल० 2-3(1)/64, दिनांक 24 अप्रैल, 1964 द्वारा एक समिति स्थापित की थी जिसके आयोजक मद्रास राज्य के उद्योग मन्त्री श्री आर० वेंकटरमन थे और विचारधीन विषय निम्नलिखित थे:—

(क) विविध राज्य बिजली बोर्डों के राजस्वों और बिजली-कर से होने वाली आय को बढ़ाने के मार्गोपाय सुझाना और

(ख) टेरिफ और बिजली-कर के बीच संबंध प्रणाली को सुझावा ।

समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है और अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित सिफारिशें की हैं :—

(1) राज्य बिजली बोर्डों का सर्वप्रथम उद्देश्य यह होना चाहिये कि वे आत्म-निर्भर बनें अर्थात् राजस्व इतना कमाएं कि उसमें से प्रचालन और रख-रखाव का खर्च निकल आए, मूल्य-ह्रास और सामान्य आरक्षण निधि में अंशदान किया जा सके, और ऋण पर सूद दिया जा सके ।

(2) क्योंकि बिजली (संभरण) अधिनियम में प्रबंधित मूल्य-ह्रास की राशि प्रति-स्थापन लागत को पूरा करने के लिये काफी नहीं है, इसलिये आरक्षित निधि में अंशदान की मात्रा को बढ़ाना पड़ेगा और समिति ने सिफारिश की है कि अधिनियम की धारा 68 के उपयुक्त-पुनरीक्षण को सुझाने के लिये केन्द्रीय जल तथा विद्युत आयोग की सहायता ली जाए ।

(3) राज्य सरकारों द्वारा प्रकट की गई सहमति के अनुसार समिति ने सुझाव दिया है कि ऋण पूंजी को शेयरों में (अंशतः अथवा पूर्णतः) तब्दील करके राज्य बिजली बोर्डों के वर्तमान पूंजी ढांचे को बदलने का कोई विचार नहीं करना चाहिये ।

(4) बिजली (संभरण) अधिनियम 1948 की धारा 67 में कुछ ऐसा प्रबन्ध किया जाए, जिससे ऋण की अदायगी की जा सके । इस धारा की मद-1

से मद-9 के अन्तर्गत दिखाए गए दायित्व को निभाने के लिये बाकी राजस्व को या तो विकास निधि में पूर्णतः जमा कर दिया जाए या ऋणों की अदायगी में लगाया जाए अथवा अभी जैसा किया जा रहा है बाकी बचे राजस्व के आधे भाग को संचित निधि में शामिल कर दिया जाए।

अधिनियम की धारा 67(20) के वर्तमान उपबंधों को उपयुक्त रूप से संशोधित किया जाए ताकि उपर्युक्त किसी भी रास्ते को अपनाया जा सके।

(5) प्रगति कर रहे निर्माण कार्यों में लगाए गये धन के सूद को पूंजीगत कर दिया जाए और निर्माणाधीन कार्यों की लागत में उसको जमा कर दिया जाए, यदि बोर्ड निर्माण अवस्था में इन व्ययो को देने मे असमर्थ है।

(6) राज्य सरकारों को चाहिये कि वे राज्य बिजली बोर्डों को दिए गए ऋण पर यह सूद किसी एक समय सिद्धान्त के आधार पर लगाए और केन्द्रीय सरकार द्वारा लगाए गए सूद पर अपने सेवा प्रभार को यथा-संभव न्यूनतम रखें।

(7) सभी राज्य बिजली बोर्डों का प्रथम उद्देश्य यह होना चाहिए कि वे अधिकाधिक राजस्व कमाएं ताकि वह प्रचालन व रख-रखाव के खर्चों, सामान्य तथा मूल-मूल-ह्रास की आरक्षित निधि में अंशदान और ऋण निधि के सूद को देने के लिये पर्याप्त हो। जिन बोर्डों ने इस उद्देश्य को अभी तक पूरा नही किया है वे तीन से पांच वर्षों के भीतर इस उद्देश्य की प्राप्ति का लक्ष्य रखें।

(8) बोर्डों का दूसरा उद्देश्य यह होना चाहिये कि वे प्रथम श्रेणी मे बताये गये सभी खर्चों को पूरा करने के बाद पूंजी पर 3 प्रतिशत के वास्तविक लाभ के बराबर राजस्व बाकी बचाले। जिन बोर्डों ने प्रथम उद्देश्य को पूरा कर लिया है उनको चाहिये कि वे शीघ्र ही दूसरे उद्देश्य की प्राप्ति के लिये कार्यवाही शुरू कर दें और अन्य बोर्डों को चाहिये कि वे अपने प्रथम उद्देश्य को पूरा करने के पश्चात् तीन से पांच वर्ष की अवधि में दूसरे उद्देश्य को पूरा करने का लक्ष्य रखें।

(9) बोर्डों को चाहिये कि उपरि-व्यय से समेत उत्पादन, पारेषण और वितरण लागत की सुधारात्मक पग उठाकर यथा-संभव न्यूनतम रखे।

(10) भारत सरकार को चाहिये कि कोयले के मूल्य को अन्य चीजों के साथ कोयले की उपकर शक्ति के साथ मिलाने की संभाव्यता का अन्वेषणन करे और कोयले की खानों से दूर स्थित ताप केन्द्रों को उत्तम कोयला दिया जाना चाहिये।

(11) कोयला निकालने के मामले में राज्य बिजली बोर्डों और राष्ट्रीय कोयला विकास निगम के बीच उचित समन्वय होना चाहिये।

(12) जो निगमित संस्थायें बिजली का उत्पादन कर रही है और बोर्डों को बिजली बेच रही हैं उनको चाहिये कि वे उपभोग-कर्त्ता बोर्डों के साथ परामर्श कर के दी गई बिजली का उपयुक्त मूल्य निर्धारित करे।

(13) यदि बिजली का उत्पादन राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा हो तो बोर्ड को सप्लाई की गई बिजली के मूल्य का निर्धारण संबद्ध राज्य सरकार और बोर्ड के बीच बातचीत द्वारा होनी चाहिये।

(14) बोर्डों को चाहिये कि साधारणतः वे बिजली की सप्लाई उन दरों पर करें जिससे प्रचालन और रख-रखाव का खर्चा मूल्य-ह्रास और सूद का खर्च निकल पाए। परन्तु जहा तक ऊर्जा-गहन-उद्योगों को बिजली की सप्लाई के दरों का संबंध है। समिति ने सिफारिश की है अनुकर सिद्धान्तों के संबंधों मे प्रकट किये गये विविध विचार भारत सरकार के सम्मुख विचारार्थ रखे जाएं। बिजली की सप्लाई के रियायती दरों को निर्धारित करने मे अपनाये जाने वाले सिद्धान्तों के संबंध मे प्रार्थना करने पर, भारत सरकार विशेषज्ञों की सलाह उपबन्ध करे।

(15) इस बात का ध्यान करते हुये कि भारत सरकार लाइसेंस-दार उपक्रमों को सुविधापूर्वक अर्जित करने के लिये एक कानून बनाने पर विचार कर रही है उन्होंने यह सिफारिश की कि मुआवजे को निर्धारित करते समय इस भेद को देखना चाहिये कि क्या उपक्रम का अर्जन अदक्षता के कारण किया जा रहा है।

(16) सुविधापूर्वक गहन ग्राम विद्युतन के लिये समिति ने ये सिफारिशें की है :—

(क) पांच सालों के लिये सूद-मुक्त ऋणों की प्राप्ति की संभाव्यता का अन्वेषण किया जाये।

(ख) जीवन बीमा निगम द्वारा दी जाने वाली किसी भी सहायता का लाभ उठायी जाये।

(ग) बोर्डों को यह विचार करना चाहिये कि उन्होंने कृषि संबंधी कामों के लिये बिजली की खपत पर जो न्यूनतम गारन्टी लगा रखी है क्या उसको कम अथवा समाप्त किया जा सकता है।

(17) बिजली-कर / शुल्क निर्धारित करने से संबद्ध विचारों का वर्णन करते हुये समिति ने सिफारिश की कि लगाये जाने वाले कर / शुल्क की वास्तविक मात्रा और पद्धति के प्रश्न को राज्य सरकारों की नेक-नियती पर छोड़ दिया जाये।

2. भारत सरकार ने उपर्युक्त सिफारिश सं० 7 और 8 को स्वीकार कर लिया है और इन को इस मंत्रालय के संकल्प सं० ई०-एल०-2-3(1)/64, दिनांक 3 मार्च, 1965 मे अधिसूचित कर दिया है।

3. भारत सरकार ने समिति की अन्य सिफारिशों पर भी विचार किया है और उपर्युक्त सिफारिश सं० 2 और 4 को मान

लिया है वर्तमान प्रक्रिया को जिस से बोर्डों को सूद-दर-सूद के आधार पर अंशदान देना पड़ता है, सरलतर, सीधे तरीके से बदल देने का निर्णय किया गया है। इस से आरम्भ के वर्षों में अधिक धन उपलब्ध हो जायेगा और गिनती करना सरलतर हो जाएगा। बिजली विकास की सुविधा के लिये विकासनिधि के प्रबन्ध के विचार से बिजली (संभरण) अधिनियम, 1948 की धारा 67(10) को भी संशोधित कर दिया गया है।

4. भारत सरकार उपर्युक्त सिफारिशों 1, 3, 6, 9, 11, 12, 13 और 16(ख) को स्वीकार करती है तथा राज्य सरकारों/राज्य बिजली बोर्डों को, उनकी टिप्पणी के लिये, जहां तक वे सम्बन्धित है, आवश्यक कार्यवाही के लिये भेजती है। सिफारिश सं० 11 को भी राष्ट्रीय कोयला विकास निगम के नोटिस में आवश्यक कार्यवाही के लिये लाया गया।

5. सिफारिश नं० 10 पर भारत सरकार विचार कर रही है।

(6) सिफारिश सं० 14 पर विचार किया गया है और यह समझा गया है कि बोर्डों को चाहिये कि वे साधारणतः उन दरों से कम के दर पर बिजली की सप्लाई न करें जिन स प्रचालन तथा रख-रखाव का खर्च, मूल्य-ह्रास और सूद का खर्च, और कुछ नफा हो पाए, परन्तु जहां तक विद्युत्—रासायनिक और धातु-कर्मक उद्योगों का सम्बन्ध है, लाभ सीमा को कम करके एक उचित स्तर पर लाया जाना चाहिये। फिर भी दर किसी हालत में इतने कम नहीं होने चाहिएं जिससे प्रचालन, रख-रखाव, मूल्य-ह्रास और सूद के खर्च को पूरा न किया जा सके।

7. सिफारिश सं० 15 पर विचार किया गया है और भारत सरकार ने यह देखा है कि भारत बिजली अधिनियम, 1910 के वर्तमान उपबंधों के अन्तर्गत पहले से ही उन उपक्रमों के साथ विभिन्न प्रकार का सलूक किया जा रहा है जिन को अदक्षता के कारण अर्जित किया जाता है। भारत बिजली अधिनियम, 1910 की धारा 7-क के अन्तर्गत जब सामान्य अवधि से पूर्व ही किसी लाइसेंसदार का लाइसेंस वापस ले लिया जाता है तो अनिवार्य-क्रय के कारण अतिरिक्त मुआवजा नहीं दिया जाए।

8. सिफारिश नं० 16 (ग) पर राज्य बिजली बोर्डों के अध्यक्षों के सम्मेलन में विचार किया गया था और यह सिफारिश की गई थी कि कृषि के संबंध में न्यूनतम खपत गारंटी के प्रति वर्ष कुनेक्टेड हार्सपावर के लिये अधिकाधिक 35 रुपये निर्धारित किया जाए।

9. सिफारिश सं० 5 और 16(क) पर विचार किया जा रहा है।

10. जहां तक सिफारिश सं० 17 का सम्बन्ध है भारत सरकार का विचार है कि बिजली कर/शुल्क को इस प्रकार निर्धारित करना चाहिये जिस से यह सुनिश्चित हो जाए कि राज्य को मिला बिजली-कर/शुल्क कुल राजस्व बिजली उद्योग में लगी कुल पूंजी पर 1½ प्रतिशत से अधिक न हो। इस सिफारिश को राज्य सरकारों के पास उन के विचार के लिये भेज दिया गया है।

के० पी० मधा रानी, सचिव

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 21 दिसम्बर 1966

सं० 24/4/65-एफ० पी०—समय-समय पर संशोधित, भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय के संकल्प संख्या 1/29/58-एफ० पी०, तारीख 5 फ़रवरी 1959 के अनुसार, सरकार ने इस अधिसूचना की तिथि से दो वर्ष के लिए श्री जी० एस० पोद्दार को फ़िल्म सलाहकार बोर्ड, बम्बई का सदस्य नामजद किया है। यह नामजदगी कुमारी ए० एम० नादकरनी, जिन्होंने त्याग-पत्र दे दिया है, के स्थान पर की गई है।

देशराज खन्ना, उप-सचिव

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 24th December 1966

No. 92-Pres./66.—The President is pleased to award the Police Medal for gallantry to the undermentioned officer of the Punjab Police :—

Name of the officer and rank
Shri Nachhattar Singh,
Police Constable No. 36/1049,
36th Battalion, Punjab Armed Police,
Punjab. (*Deceased*)

Statement of services for which the decoration has been awarded.

On the night of the 15th August, 1965, a large number of Pakistani infiltrators heavily armed with automatic weapons stealthily approached a strategic bridge on the Srinagar-Kargil Road with the object of destroying it. Shri Nachhattar Singh, who was on sentry duty, heard suspicious noises in the vicinity of the bridge, challenged the intruders and simultaneously alerted the guard. The raiders opened fire on the Constable and inflicted a bullet injury on him. Though severely wounded, Constable Nachhattar Singh boldly faced the numerically superior enemy and kept them at bay till the other members of the guard joined him. Thanks to his initiative and courage, the attack was repulsed and the bridge saved. Constable Nachhattar Singh later succumbed to his injuries.

2. This award is made for gallantry under rule 4(i) of the rules governing the award of the Police Medal and consequently carries with it the special allowance admissible under rule 5, with effect from the 15th August, 1965.

No. 93-Pres./66.—The President is pleased to award the Police Medal for gallantry to the undermentioned officer of the Uttar Pradesh Police :—

Name of the officer and rank.
Shri Drig Vijai Singh,
Sub-Inspector of Police,
Jakhlaun, District Jhansi,
Uttar Pradesh.

Statement of services for which the decoration has been awarded.

On the 23rd March, 1965, on receipt of information of the presence in village Jamun Dhana of the gang of dacoit Govind Singh, a police party proceeded to the village. At about 23.30 hours six armed dacoits came out of their hide-out. On seeing them the police party challenged them and ordered them to surrender. The gangsters immediately took up their guns and ran firing at the police party. The gang leader Govind Singh, however, stayed behind and started

firing at the police with his .30 rifle. Fearing that the entire gang might escape, Sub-Inspector Drig Vijai Singh boldly came out of his cover. The dacoit fired at him but unmindful of the danger to his life, Shri Drig Vijai Singh moved on and took cover behind a tree. The dacoit again fired at the Sub-Inspector but he managed to work his way round the flank of the dacoit and shot him dead. Shri Drig Vijai Singh exhibited outstanding courage and devotion to duty in utter disregard for his personal safety.

2. This award is made for gallantry under rule 4(i) of the rules governing the award of the Police Medal and consequently carries with it the special allowance admissible under rule 5, with effect from the 23rd March, 1965.

The 28th December 1966

No. 94-Pres./66.—The President has been pleased to give orders for publication in the Gadette of India of the names of the following officers and other ranks mentioned in the despatches received by the Defence Minister from the Chief of the Army Staff :—

Indo-Pakistan Operations 1965

1. Major General DINKAR GANPAT RAO RAJWADE (IC-145), Infantry.
2. Major HARISH CHANDRA JOSHI (IC-14266), 1 Garhwal Rifles.
3. Major KAMMANA MANKADAN VIJAYAN GOPALAN (IC-10478), Artillery.
4. Major INDU BHUSHAN GOEL (IC-7304), Engineers.
5. Captain (now Major) SHER SINGH (IC-12383), 13 Grenadiers.
6. JC-16745 Subedar BANE SINGH, 13 Grenadiers.
7. JC-11216 Subedar (AIG) G. RAMABADRA RAJU, Artillery.
8. JC-16787 Subedar OM PARKASH, 3 Grenadiers.
9. JC-24743 Subedar SHRIRANG MAHADIK, 4 Maratha Light Infantry.
10. 3830803 RHM DAYA RAM, Artillery.
11. 2631393 Havildar MAHABIR SINGH, 3 Grenadiers, (MISSING).
12. 2739136 Havildar SHANTARAM AMBRE, 4 Maratha Light Infantry.
13. 1021627 Lance Daffadar HARJIT SINGH, 14 Horse.
14. 2634685 Lance Havildar PADAM SINGH, 13 Grenadiers.
15. 13406109 Naik KUMB SINGH, 13 Grenadiers.
16. 1421552 Naik NANDA BALLABH, Engineers.
17. 6275166 Naik MANGE RAM, Signals.
18. 13406131 Lance Naik LALL SINGH, 13 Grenadiers.
19. 13652871 Lance Naik BHAG SINGH, 3 Guards.
20. 1155390 Lance Naik (OWA) PREM CHAND, Artillery.
21. 1434286 Sapper BAKHSHISH SINGH, Engineers.
22. 2647409 Grenadier DHARAM PAL SINGH, 3 Grenadiers.

The 30th December 1966

No. 95-Pres./66.—The President is pleased to award the Police Medal for gallantry to the undermentioned officers of the Punjab Police :—

Names of the officers and ranks.

Shri Gurjaipal Singh,
Deputy Superintendent of Police (*Officiating*),
District Hoshiarpur,
Punjab.

Shri Ram Parkash,
Police Constable No. 823,
District Hoshiarpur,
Punjab. (*Deceased*)

Statement of services for which the decoration has been awarded.

On the 7th September, 1965, information was received that Pakistan paratroopers had been dropped near Adampur Airfield. Immediately, parties of Police were detailed to comb the adjoining areas. During this operation a police party under the command of Shri Gurjaipal Singh located a group of paratroopers in the middle of a maize field. The hostiles opened heavy fire on the police party with automatic weapons. The police party retaliated vigorously and eventually captured the paratroopers along with their arms and ammunition.

During the heavy exchange of fire Shri Gurjaipal Singh moved from one position to another encouraging his men. In doing so he frequently exposed himself to danger from hostile fire. Under his able leadership the Police party succeeded in overpowering the paratroopers. Constable Ram Parkash also displayed exemplary courage and initiative. He fought the enemy with dauntless spirit and laid down his life.

2. These awards are made for gallantry under rule 4(i) of the rules governing the award of the Police Medal for gallantry and consequently carry with them the special allowance admissible under rule 5 with effect from the 7th September, 1965.

No. 96-Pres./66.—The President is pleased to award the Police Medal for gallantry to Shri Katte Purushotham, Assistant Central Intelligence Officer, Subsidiary Intelligence Bureau, Tezpur.

2. This award is made for gallantry under rule 4(i) of the rules governing the award of the Police Medal and consequently carries with it the special allowance admissible under rule 5, with effect from 17th December, 1965.

No. 97-Pres./66.—The President is pleased to award the Police Medal for gallantry to the undermentioned officers of Border Security Force :—

Names of the Officers and ranks.

Shri Dipak Sangma,
Police Constable No. 983,
4th Assam Battalion,
Border Security Force,
Tura, Assam.

Shri Chintamani Paurel,
Police Constable No. 1004,
4th Assam Battalion,
Border Security Force,
Tura, Assam.

Statement of services for which the decoration has been awarded.

